आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 38°C | 24°C |

इनसाइड न्यूज

प्रदेश में पहली बार हुआ हृदय प्रत्यारोपण, दिल्ली की डोनर...
उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 14 अप्रैल, 2026 / पेज : 12 / मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 181 www.janexpresslive.com/epaper



2029 तक नारी वंदन कानून लागू करने... 12



## सुनवाई न होने से उग्र हुए कर्मचारी

प्रदर्शन से सबसे पहले हालात फेज-2 इलाके में खराब हुए। सुनवाई न होने से कर्मचारी उग्र हो गए। पथराव कर दिया। कई गाड़ियों और बसों को आग लगा दी। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो उनकी गाड़ी पलट दी। हालात बिगड़े तो कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने उन पर पथराव कर दिया। फिर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी। फेज-2 के बाद धीरे-धीरे प्रदर्शन नोएडा के करीब 10 इंडस्ट्रियल इलाकों और आसपास के जिलों में फैल गया। कर्मचारियों ने नोएडा सेक्टर-57 में 30 से ज्यादा फैक्ट्रियों और दफ्तरों में तोड़फोड़ की। सेक्टर- 40 और 60 में कंपनियों का घेराव किया। सेक्टर 85 में डिक्सन कंपनी का गेट तोड़ दिया। सेक्टर 1, 15, 62 और डीएनडी फ्लाइओवर के पास सड़क जाम कर दी। हालात को काबू करने के लिए कुछ इलाकों में आरएएफ और पीएसी उतार दी गई है। डीजीपी राजीव कृष्ण और एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) अमिताभ यश कंट्रोल रूम से स्थिति पर नजर रखते हुए हैं। डीजीपी ने कहा है कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करेंगे। सीएम योगी ने भी मुजफ्फरनगर में एक कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों से अशांति पैदा करने वालों से सावधान रहने की अपील की।

## नोएडा हिंसा को लेकर सीएम योगी सख्त, कर्मचारियों से बातचीत के लिए गठित की कमेटी

- 150 गाड़ियां चकनाचूर, नोएडा की फैक्ट्रियों में भारी तोड़फोड़

# सैलरी पर संग्राम

## नोएडा में 50 फैक्ट्रियां और गाड़ियां स्वाहा, डंडे लेकर सड़कों पर जुलूस

जन एक्सप्रेस। नोएडा

नोएडा में सोमवार सुबह सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मचारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया। इधर, प्रदर्शन कर रहे वर्कर्स को घसीटकर बस में डालकर हिरासत में लिया गया है। फैक्ट्री के लोगों को निकालने के लिए वर्कर्स से मारपीट भी की गई है। वर्कर्स ने अलग-अलग इलाकों में 50 से ज्यादा फैक्ट्रियों में पथराव, तोड़फोड़ की थी। 150 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ और करीब 50 से ज्यादा फूंक दी गईं। हाथ में डंडे लेकर सैकड़ों पर कर्मचारी जुलूस निकाल रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, वो रुकेंगे नहीं। इस प्रदर्शन का कोई चेहरा या लीडर नहीं है। छोटे-छोटे ग्रुपों में वर्कर्स प्रदर्शन कर रहे हैं। उधर, योगी सरकार ने जांच के लिए हाईलेवल कमेटी बनाई है।



## अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील

प्रशासन कर्मचारियों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है। कर्मचारियों को समझाने की कोशिशें की जा रही हैं। नोएडा डीएम मेधा रुपम ने कहा- अफवाहों पर ध्यान न दें। कंपनियों के साथ बैठक में अहम फैसले लिए गए हैं। वर्कप्लेस पर यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति गठित की जाएगी। इसकी अध्यक्ष महिला ही होगी। शिकायत पेटियां रखी जाएंगी। कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाएगा। हर महीने की 10 तारीख तक वेतन का एकमुश्त भुगतान कर दिया जाएगा। वेतन पर्ची अनिवार्य रूप से दी जाएगी। योगी सरकार ने नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर, मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर जैसे प्रमुख शहरों में औद्योगिक क्षेत्रों को हाई अलर्ट पर रखा है।

## सबसे पहले कहां बिगड़े हालात

पुलिस के मुताबिक, नोएडा का फेज-2 इलाका इंडस्ट्रियल एरिया है। यहां मदरसन, ऋचा ग्लोबल, रेनबो, पैरामाउंट, एसएनडी और अनुभव कंपनियों के 1000 से ज्यादा कर्मचारी सैलरी बढ़ाने को लेकर पिछले 3 दिन से प्रदर्शन कर रहे थे। करीब 500 कर्मचारी मदरसन कंपनी के बाहर जुटे थे।

## योगी सरकार ने हाई लेवल कमेटी बनाई

यूपी सरकार ने वर्कर्स के हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए हाई लेवल कमेटी बनाई है। कमेटी में औद्योगिक विकास आयुक्त अध्यक्ष होंगे, जबकि अपर मुख्य सचिव (एमएसएमई), प्रमुख सचिव (श्रम) और श्रम आयुक्त सदस्य हैं। श्रमिक संगठनों के 5 और उद्यमी संघ के 3 प्रतिनिधि भी शामिल किए गए हैं। सरकार ने समिति को जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

## सीएम योगी ने जताई थी नक्सल साजिश की आशंका

सीएम योगी ने रविवार को कहा था कि देश में नक्सलवाद समाप्त होने की स्थिति में है, लेकिन इसे पुनर्जीवित करने की साजिश भी हो सकती है। उन्होंने आशंका जताई कि हाल में हुए कुछ प्रदर्शनों में विघटनकारी तत्व शामिल हो सकते हैं। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने और खुफिया तंत्र को निगरानी बढ़ाने के भी निर्देश दिए थे।

## अखिलेश ने कहा, साजिश थी तो खुफिया पुलिस क्या कर रही थी?

नोएडा में हिंसक प्रदर्शन को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा, अगर माननीय मुख्यमंत्री जी नोएडा के मजदूरों के आंदोलन को किसी की साजिश बता रहे हैं तो एक सवाल जनता आपसे पूछ रही है कि अगर ये सच है तो आपकी खुफिया पुलिस क्या आपके साथ बंगाल प्रचार करने गयी थी या वनस्पति की खोजबीन में लीन थी या उसके प्रभाव में। मजदूरों के आंदोलन को नक्सलवाद के आरोप से बदनाम करने से पहले आप ये बताएं कि आपने ऐसा क्या किया है कि 10 सालों में ऐसे हालात बन गये। आप मजदूरों के जख्मों पर मलहम नहीं लगा सकते तो न लगाएं, लेकिन उन पर नमक तो न छिड़कें। भाजपाई कमीशनखोरी से जन्मी महंगाई के कारण परिवारवाले वैसे ही दुखी है। उसके ऊपर अवांछित दोषारोपण करने का जो पाप आप कर रहे हैं, वो घोर निंदनीय है। इससे हालात बद से बदतर हो सकते हैं। अगर आप से प्रदेश नहीं संभल रहा है तो ससम्मान इस गद्दी से उतरकर जाइए, नहीं तो जनता उतार देगी। भाजपाई खुद तो अंतिम दौर के भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त हैं, इसीलिए न इनसे देश संभल रहा है, न प्रदेश। भाजपा का डबल इंजन, जनता के लिए ट्रबल इंजन बन गया है।

## फैक्ट्री कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

- हरियाणा में करीब 35% वेतन बढ़ा है। उसी तरह यूपी में भी सैलरी बढ़ाई जाए।
- ओवरटाइम करने पर दोगुना भुगतान मिले।
- बोनस सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर किया जाए।
- हर महीने की 10 तारीख तक वेतन और सैलरी स्लिप मिले।
- सप्ताह में एक दिन की छुट्टी रहे। छुट्टी के दिन काम कराया जाए, तो दोगुना भुगतान हो।
- फैक्ट्रियों में सुरक्षा मानकों का पूरा पालन हो।

## पुलिस के आंसू गैस के गोले भूखे पेट का जवाब नहीं हो सकते

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, नोएडा में 'मदरसन' कंपनी के बाहर की तस्वीरें विचलित करने वाली हैं। जब महंगाई कमर तोड़ रही हो और वेतन के नाम पर मजदूरों का शोषण हो रहा है,तो युवा सड़क पर उतरने को मजबूर होगा ही। योगी जी, भारी भरकम विज्ञापनों से पेट नहीं भरता! पुलिस के आंसू गैस के गोले भूखे पेट का जवाब नहीं हो सकते। मजदूरों की जायज मांगों को अनसुना करना बंद करिए और दमन की जगह समाधान निकालिए।

## औद्योगिक अशांति पैदा करने वालों से रहना होगा सावधान, हर श्रमिक को देंगे संरक्षण : सीएम योगी

जन एक्सप्रेस। मुजफ्फरनगर




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महापुरुषों को जातियों के तंग दायरे में नहीं बांधना चाहिए। हम जब बंटे थे, तभी कटे थे। औद्योगिक अशांति पैदा करने वालों से सावधान रहना होगा। 2017 से पहले उद्योगों पर ताले लटकते थे लेकिन अब निवेश बढ़ रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को अधिकार दिलाएगा। सेना के मुद्दे पर राजनीति नहीं होना चाहिए। मेरठ रोड स्थित नुमाइश मैदान में आयोजित वृहद रोजगार मेले और जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि महापुरुषों ने कभी जाति के लिए काम नहीं किया। भारत रत्न चौधरी चरण सिंह ने देश के किसानों की आवाज को सरकारों के एजेंडे का हिस्सा बनवाया। पश्चिम एशिया संकट मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण 145 करोड़ का भारत सुरक्षित है। खाड़ी देशों के अलावा यूरोप में भी शांति नहीं है। पाकिस्तान में खाने के लिए लोग मोहताज हो रहे हैं और उसको तो भूखों ही मरना है। पाकिस्तान की नियति ही मरना है। दुनिया के देशों में महंगाई चरम पर है लेकिन भारत में पेट्रोलियम पदार्थों का दाम नियंत्रण में है।

### श्रमिकों से संवाद करें उद्यमी : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि औद्योगिक अशांति पैदा करने वालों से सावधान रहना होगा। उद्यमियों से कहा कि श्रमिकों से संवाद करें। सरकार श्रमिकों के साथ है। उद्योग को सुरक्षा देंगे और हर श्रमिक को संरक्षण दिया जाएगा। पिछले साल ही कॉर्पोरेशन गठित किया गया है, इसी महीने सिफारिश लागू होगी। सफाई कर्मचारी या आउटसोर्स में काम करने वाले कर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी होगी। केवल सरकारी भवनों पर नहीं, अगले कदम के तौर पर हर औद्योगिक संस्थान को भी जोड़ना चाहते हैं। उद्योग जगत और सरकार मिलकर हर श्रमिक के स्वास्थ्य की सुविधा के लिए काम करेंगी। औद्योगिक विकास के आयुक्त को निर्देश दिए गए हैं कि कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं।

## होर्मुज पर बढ़ी तनातनी : 'नाकाबंदी के पास भी आए तो ईरानी जहाजों को कर देंगे तबाह', ईरान को ट्रंप की खुली धमकी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान को सख्त चेतावनी दी है। इस बार ट्रंप ने ईरान को होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी से जुड़े मामले में चेताया है। इतना ही नहीं उन्होंने ईरान के जहाज को इस नाकाबंदी के आसपास से भी ना गुजरने तक के लिए चेताया है। पूरी बात ऐसे समझिए कि ट्रंप ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि ईरान की सेना अब पूरी तरह से समुद्र के तल में पड़ी है और उसके कुल 158 जहाज समुद्र के नीचे पूरी तरह से तबाह हो चुके हैं। ट्रंप के अनुसार समुद्र में अब ईरान के कुछ ही जहाज बचे हुए है, जिसे फास्ट अटैक शिप्स के नाम से जाना जाता है। हालांकि ट्रंप ने इस खतरा नहीं बताया, लेकिन यह जरूर कहा कि अगर ईरान के ये छोटे युद्धपोत अमेरिका की घोषित नाकाबंदी (ब्लॉकेड) के करीब आते हैं, तो उन्हें तुरंत नष्ट कर दिया जाएगा।

### वेनेजुएला की तरह कार्रवाई के संकेत दिए

अपने पोस्ट में ट्रंप ने सख्त और कड़ी चेतावनी देते हुए यहां तक कह दिया कि अगर ईरान के ये जहाज नाकाबंदी के आसपास भी आते हैं, तो अमेरिका वही तरीका इस्तेमाल करेगा, जो समुद्र में इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने ड्रग तस्करों के खिलाफ अपनाया जाता है। बता दें कि यहां ट्रंप का इशारा वेनेजुएला पर की गई कार्रवाई की तरफ था।

### ड्रग्स को लेकर भी ट्रंप ने किया बड़ा दावा

ट्रंप ने यह भी दावा किया कि समुद्र के रास्ते अमेरिका में आने वाली ड्रग्स में से 98.2% को रोका जा चुका है। उन्होंने इसे अपनी नीति की बड़ी सफलता बताया। उनके बयान में ईरान को सीधी चेतावनी दी गई है कि अमेरिका की नाकाबंदी के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उसका जवाब तुरंत और कड़े तरीके से दिया जाएगा।

## देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेसवे : दिल्ली तक का रास्ता तीन घंटे में नापेंगी वॉल्वो व एसी बसें, आज होगा ट्रायल

जन एक्सप्रेस। देहरादून

देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर मंगलवार से वॉल्वो और एसी बसें फर्राटा भरेंगी। ये बसें तीन घंटे में देहरादून से दिल्ली की दूरी तय करेंगी। पहले चरण में आठ वॉल्वो, छह एसी और एक साधारण बस को एक्सप्रेसवे से भेजा जाएगा। शुरुआत में बसों का ट्रायल किया जाएगा। इससे समय और कुल खर्चे का आकलन होगा। इसके आधार पर इन बसों के किराये में भी कटौती की जा सकती है। गौरतलब है कि मंगलवार को दून-दिल्ली एक्सप्रेसवे का औपचारिक रूप से उद्घाटन हो जाएगा। सामान्य रास्ते से दून से दिल्ली की दूरी करीब 260 किलो मीटर थी। एक्सप्रेसवे बनने के बाद यह दूरी घटकर करीब 210 किलोमीटर हो गई है।






**पांच मई को बनने वाली है भाजपा...**

पश्चिम बंगाल के बीरभूम में गृहमंत्री अमित शाह ने दो और पश्चिम बर्धमान में एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया। शाह ने कहा बंगाल में पांच मई को भाजपा की सरकार बनने वाली है। मैं पूरे बंगाल में घूमता हुआ बीरभूम... पढ़ें पेज 12 पर...

# प्रदेश में पहली बार हुआ हृदय प्रत्यारोपण दिल्ली की डोनर का दिल एंबुलेंस से पहुंचा लखनऊ

- अंगदाता के अन्य अंग, लिवर और गुर्दे, दिल्ली में ही प्रत्यारोपित किए गए

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

संजय गांधी पीजीआई ने चिकित्सा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान में प्रदेश का पहला हृदय प्रत्यारोपण किया गया। दिल्ली निवासी डोनर से प्राप्त दिल ग्रीन कॉरिडोर बनाकर लखनऊ लाया गया। यहां सीतापुर निवासी व्यक्ति को यह दिल प्रत्यारोपित किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने बताया कि संस्थान में हृदय प्रत्यारोपण की तैयारी पहले ही की जा चुकी थीं। डोनर न होने की वजह से अभी तक इसकी शुरुआत नहीं हुई थी। दिल्ली निवासी व्यक्ति के परिवार वालों ने ब्रेन डेड होने के बाद उसके अंगदान करने का फैसला किया था। अंगदाता के अन्य अंग, लिवर और गुर्दे, दिल्ली में ही प्रत्यारोपित किए गए। हृदय को त्वरित एयर एंबुलेंस के माध्यम से लखनऊ लाया गया, जिसके बाद ग्रीन कॉरिडोर का उपयोग किया गया। यह दिल डायलेटेड कार्डियोमायोपैथी नामक हृदय की मांसपेशियों की बीमारी से पीड़ित मरीज को प्रत्यारोपित किया गया। प्रत्यारोपण के बाद मरीज की हालत सामान्य है।



### पांच घंटे चला ऑपरेशन

निदेशक ने बताया कि दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में दिल दान में मिलने की सूचना शनिवार को मिली थी। इसके बाद देखा गया कि किस मरीज को इसे प्रत्यारोपित किया जा सकता है। संयोग से सीतापुर निवासी मरीज इसके लिए उपयुक्त पाया गया। ऐसे में प्राइवेट एयर एंबुलेंस के माध्यम से दिल लखनऊ लाया गया। एयरपोर्ट से संस्थान की दूरी ग्रीन कॉरिडोर बनाकर तय की गई। रविवार सुबह नौ बजे प्रत्यारोपण शुरू किया गया। करीब पांच घंटे चले ऑपरेशन के बाद प्रत्यारोपण पूरा हुआ।

### कई विभागों का रहा योगदान

निदेशक ने बताया कि इस प्रक्रिया ने डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (सीवीटीएस)विभाग, कार्डियोलॉजी विभाग, एनेस्थीसिया विभाग, राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन और दिल्ली के आरएमएल अस्पताल की टीमें शामिल थीं। आरएमएल अस्पताल ने दिल्ली से अंग के सुचारू स्थानांतरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संस्थान की इस उपलब्धि पर बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा कि इदय प्रत्यारोपण कार्यक्रम का मार्ग प्रशस्त करेगी, जिससे सभी की उन्नत उपचार तक पहुंच बढ़ेगी और राज्य भर में रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में पहले सफल हृदय प्रत्यारोपण की उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी और इसे राज्य के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव अमित घोष ने कहा कि आने वाले दिनों में संस्थान प्रत्यारोपण के क्षेत्र में नया कीर्तिमान बनाएगा।

### ऑपरेशन में लगी ये पूरी टीम

- **सीवीटीएस:** प्रोफेसर एस के अग्रवाल, प्रोफेसर शांतनु पांडे, प्रोफेसर मिलिंद होते, डॉ विजय अग्रवाल, डॉ मुंशी, डॉ सिद्धार्थ, डॉ अरीब, डॉ अवनींद्र, डॉ सौरभ, डॉ विवेक, डॉ हर्ष
- **कार्डियोलॉजी:** प्रोफेसर आदित्य कपूर, प्रोफेसर रूपाली खन्ना, प्रोफेसर सत्येन्द्र तिवारी, डॉ अंकित साहू
- **एनेस्थीसिया:** प्रोफेसर पुनीत गोयल, डॉ अमित रस्तोगी, डॉ पल्लव सिंह, डॉ नितिन त्रिवेदी, डॉ आनंदिता कश्यप, डॉ मलिका धवल, डॉ श्रद्धा गंगेले, प्रोफेसर संजय धीरज, प्रोफेसर देवेंद्र गुप्ता
- **परफ्यूजनिस्ट:** राज कुमार यादव, संदीप कुमार
- **नर्सिंग स्टाफ:** कलावती पाल, अरविंद, श्वेता, प्रेमलता, नमन, कुलदीप

# शिया पीजी कॉलेज में संगोष्ठी, संविधान निर्माण में डॉ. अंबेडकर की भूमिका पर मंथन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विधि संकाय, शिया पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को 'भारतीय संविधान एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगा डॉ. एजाज़ हुसैन द्वारा तिलावत-ए-कुरान से हुआ। इसके उपरांत अतिथि वक्ताओं प्रो. नरेंद्र सिंह, डॉ. मनीषा बड़ोनिया एवं डॉ. गणेश प्रसाद यादव का बुके, शाल व फोल्डर भेंट कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य/इंचार्ज विधि संकाय के स्वागत उद्बोधन के बाद वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनकी अहम भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. नरेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर और भारतीय संविधान का संबंध अविभाज्य है तथा उनके प्रयासों से भारत एक सशक्त लोकतंत्र के रूप में स्थापित हुआ। वहीं डॉ. गणेश प्रसाद यादव ने उन्हें संविधान का मुख्य शिल्पकार बताते हुए मौलिक अधिकारों, धर्मनिरपेक्षता और समानता के सिद्धांतों पर चर्चा की। डॉ. अजयवीर ने संविधान के अनुच्छेद 14, 17, 19, 25 एवं 32 सहित उद्देशिका की व्याख्या करते हुए अंबेडकर के योगदान को रेखांकित किया। डॉ. मनीषा बड़ोनिया ने शोषित वर्ग के उत्थान के लिए किए गए उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वहीद आलम ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. एस.एम. हसनैन ने दिया। इस अवसर पर डॉ. सुधाकर वर्मा, प्रो. आगा परवेज़ मसीह सहित कई शिक्षक, पत्रकार, एनएसएस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में विधि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# गेहूं के खेतों में लगी आग, लगभग 15 बीघा फसल जलकर राख



- 6 किसानों की गेहूं की फसल जलकर हुई राख, किसानों के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र अंतर्गत महिगवां थाना क्षेत्र के नरोसा गांव के पास गेहूं के खेतों में भीषण आग का तांडव देखने को मिला। जहां 6 किसानों की लगभग 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, आग से किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है,आग लगने का कारण नहीं पता चला, लेकिन आग के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया और सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड घंटों देरी से पहुंची। वहीं स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश दिखाई दिया। यह महिगवां थाना क्षेत्र में फसल जलने की दूसरी बड़ी घटना हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं मुनेश की डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई,रामानंद की डेढ़ बीघा गेहूं की फसल,श्यामलाल की एक बीघा गेहूं की फसल, सीताराम की साढ़े तीन बीघा गेहूं की फसल, छवि रानी की तीन बीघा फसल,रामेश्वर की दो बीघा गेहूं की कड़ी फसल जलकर राख हो गई। वहीं किसानों ने शासन प्रशासन से उचित मुआवजे और दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है। किसानों का आरोप है कि साल भर की फसल जल गई है, परिवार साल भर क्या खायेगा,कैसे हमारा परिवार जिंदा रहेगा। क्योंकि मेरी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है, कहीं ना कहीं लापरवाहीं हुई हैं।

# महिगवां थाना क्षेत्र के मल्हीपुर गांव में चल रहा था अवैध खनन, तीन डंपर सीज




- खनन अधिकारी व बीकेटी राजस्व तहसील टीम ने तीन डंपरों को किया सीज, किसान पर दर्ज मुकदमा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के अंतर्गत महिगवां थाना क्षेत्र पहाड़पुर चौकी के अंतर्गत मल्हीपुर गांव के पास में अवैध मिट्टी खनन धड़ल्ले से किया जा रहा था। बता दें कि बाराबंकी कुर्सी में स्थित भट्ठे के नाम पर परमिशन करवा कर लखनऊ जिले बीकेटी तहसील क्षेत्र के मल्हीपुर गांव के पास अवैध तरीके से मिट्टी खनन किया जा रहा था, जिसकी सूचना पर सोमवार दोपहर बीकेटी तहसीलदार सरद सिंह नायब तहसीलदार आकाश पांडेय व जिला खनन अधिकारी मल्हीपुर गांव स्थित मिट्टी खनन खदान पर पहुंचकर मौके पर मिट्टी खनन कर रहे तीन डंपरों सीज कर दिया। तीनों डंपर महिगवां थाना पर खड़े हैं। वहीं बीकेटी तहसील नायब तहसीलदार आकाश पांडेय ने बताया कि मल्हीपुर गांव स्थित गाटा संख्या 365 किसान राजू पुत्र राम खेलावन के जमीन पर सुनील पुत्र रामसागर निवासी संसारपुर ने 865 घन मीटर मिट्टी खनन कर मिट्टी फ़ॉर्म ब्रिक फील्ड प्रो मोहम्मद मुजीब निवासी बहरौली कुर्सी बाराबंकी के भट्ठे के नाम पर परमिशन पर मिट्टी महंगे दामों पर प्लाटिंग व निर्माणाधीन मकानों अन्य जगह बेची जा रही थी। लखनऊ जिला खनन अधिकारी व बीकेटी तहसील की राजस्व टीम ने अवैध खनन पर बड़ी कार्यवाही की है। स्थानीय सूत्रों की माने तो, जो असली खनन ठेकेदार हैं वह साफ बच गये है, जो मिट्टी खनन में लाखों रुपया कमाई की उन लोगों का नाम तक नहीं आया। सूत्र बताते हैं कि तीन से चार लोग हैं जो कि ग्रुप बनाकर मिट्टी खनन का काम करते हैं, और अवैध काम ज्यादा करते हैं। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि स्थानीय चौकी पहाड़पुर महिगवां थाने की पुलिस की सांठगांठ से यह मिट्टी खनन धड़ल्ले से किया जा रहा था।? जिसकी खबर बीकेटी तहसील प्रशासन तक नहीं थी, जब सूचना प्राप्त हुई, तब बीकेटी तहसील प्रशासन व खनन अधिकारी ने यह कार्यवाही कर मिट्टी खनन ठेकेदारों को मुंह-तोड़ जवाब दिया है।

# हाईकोर्ट पहुंचा धुरंधर फिल्म से जुड़ा विवाद, निर्देशक आदित्य धर भी बनाए गए प्रतिवादी, 28 को होगी सुनवाई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में धुरंधर, द रीवेंज फिल्म के खिलाफ एक जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में फिल्म के निर्माता-निर्देशक आदित्य धर को भी प्रतिवादी बनाया गया है। हालांकि, न्यायालय ने याचिका के साथ पर्याप्त सामग्री न दाखिल किए जाने पर, इसकी सुनवायी की अगली तिथि 28 अप्रैल को निर्धारित कर दी है। न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ नेयह आदेश कयामती संस्था की अध्यक्ष साइमा खान की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। न्यायालय ने याची पक्ष को याचिका के समर्थन में अन्य सामग्रियाँ दाखिल करने की अनुमति दी है। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।

# अनिवार्य टीईटी के विरोध में पूरे प्रदेश के शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस, केंद्र सरकार से दखल देने की मांग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर सोमवार को पूरे प्रदेश में शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने के लिए मशाल जलाई। शिक्षकों व कर्मचारियों ने मशाल जुलूस निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया। साथ ही केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजकर शिक्षकों को राहत देने की मांग की। राजधानी लखनऊ में बीएन सिंह की प्रतिमा के पास से शिक्षकों ने मशाल जुलूस निकाला। नो टीईटी बिफोर आरटीई की तख्तियां लिए शिक्षकों ने 2017 में गोपनीय तरीके से किए गए टीईटी अनिवार्यता के संशोधन को निरस्त करने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि 25 साल की लंबी सेवा करने के बाद अब वे परीक्षा देने की स्थिति में नहीं हैं। उनके रोजगार पर लटकी तलवार को हटाया जाए। जिलों में भी शिक्षकों ने टीईटी के विरोध में मशाल जलाई। महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक सुशील कुमार पांडेय व विजय कुमार बंधु ने कहा कि सरकार लगातार शिक्षकों व कर्मचारियों पर अव्यवहारिक नियम थोप रही है, जिससे उनका मनोबल गिर रहा है। टीईटी की अनिवार्यता, पेंशन समाप्त करना, निजीकरण और सेवा शर्तो में लगातार हो रहे बदलाव जैसे मुद्दे आज पूरे शिक्षक व कर्मचारियों के लिए चिंता का विषय है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय मणि त्रिपाठी, टीएससीटी के संस्थापक अध्यक्ष विवेकानंद ने कहा कि सरकार टेट अनिवार्यता को तत्काल समाप्त करे। पुरानी पेंशन बहाल कर शिक्षकों व कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करे। जुलूस में अनिल यादव, दिलीप चौहान, हरिशंकर राठौर, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी मिश्रा, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह आदि शामिल थे।

# डिप्टी सीएम ने शांति मार्च का किया स्वागत, बोले, युद्ध के हालात देखते हुए बुद्ध का मार्ग आज अधिक प्रासंगिक




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

विश्व शांति के पावन संदेश के साथ बौद्ध भिक्षुओं एवं भन्तेगणों द्वारा राजधानी लखनऊ में एक भव्य शांति मार्च का आयोजन किया गया। यह शांति मार्च डॉ. अम्बेडकर महासभा कार्यालय, विधानसभा मार्ग से प्रारंभ होकर हजरतगंज चौराहा होते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कैम्प कार्यालय, 7- कालिदास मार्ग तक निकाला गया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय पर पधारे भन्तेगणों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी भिक्षुओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा विश्व शांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के इस पुनीत प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शाश्वत सत्य है कि शांति का एकमात्र मार्ग 'बुद्धम् शरणम् गच्छामि' है। उन्होंने कहा कि भारत की महान परंपरा सदैव शांति, समता और मानवता की रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कही गई यह बात कि 'भारत ने दुनिया को बुद्ध दिया है, युद्ध नहीं' आज के वैश्विक परिदृश्य में और अधिक प्रासंगिक हो जाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब विश्व के अनेक देश युद्ध और अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं, ऐसे में भगवान बुद्ध की शिक्षाएं मानवता के लिए आशा और मार्गदर्शन का आधार बन रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 'विश्व एक परिवार है और शांति हमारा सबसे बड़ा अस्त्र है।' उप मुख्यमंत्री ने सम्राट अशोक महान के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने भगवान बुद्ध के उपदेशों को विश्वभर में फैलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर उन्हें प्रतिनिधिमंडल के साथ भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों को रूस के काल्मिकिया ले जाने का अवसर प्राप्त हुआ, जहां लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर अपनी गहरी आस्था प्रकट की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार द्वारा 'विरासत और विकास' को साथ लेकर कार्य किया जा रहा है। जिस प्रकार काशी, मथुरा और अयोध्या जैसे धार्मिक स्थलों का व्यापक विकास किया जा रहा है, उसी प्रकार सारनाथ, संकिसा और कुशीनगर जैसे बौद्ध स्थलों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं और उनके सामाजिक समता एवं न्याय के विचारों को स्मरण किया। कार्यक्रम उत्तर प्रदेश अम्बेडकर महासभा के अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बुद्ध विहारों के विकास हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शांति, प्रगति और उन्नति का मार्ग भगवान बुद्ध की शरण में ही निहित है।

# इस साल 25 मई दो जून तक खूप तपेगी धरती, नौ दिन तापमान बनाएगा नए रिकॉर्ड

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

इस वर्ष ग्रहों के राजा सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 25 मई को 15:37 बजे प्रवेश करेंगे। इसके बाद सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 8 जून को 13:33 बजे तक अर्थात 15 दिन रहेंगे। ऐसे में सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के प्रारंभ के नौ दिन तक नौतपा का प्रभाव रहेगा। ज्योतिषाचार्य पुनीत वार्ष्णेय के अनुसार, यह प्रभाव 25 मई से शुरू होकर दो जून तक रहेगा। इस दौरान पृथ्वी पर सूर्य की सीधी किरणें पड़नी शुरू हो जाती हैं जिससे इस कालखंड में भीषण गर्मी पड़ती है। भारतीय नक्षत्रवाणी पंचांग के संपादक और ज्योतिषाचार्य पुनीत वार्ष्णेय ने बताया कि नौतपा में जितना तापमान चढ़ेगा, आने वाले समय में उतनी ही अच्छी वर्षा होने की भी संभावना बढ़ जाती है। ज्योतिष के अनुसार, यदि नौतपा में बारिश हो जाए तो आने वाले समय में बारिश में कमी रहती है। पुनीत वार्ष्णेय के अनुसार, रोहिणी नक्षत्र के स्वामी चंद्रमा हैं, जहां सूर्य व चंद्रमा में मित्रता है वहीं रोहिणी नक्षत्र वृष राशि में आता है, जिसके स्वामी शुक्र हैं। शुक्र और सूर्य को एक-दूसरे का शत्रु माना गया है। इसलिए सूर्य इस शत्रु राशि में अपने मित्र के नक्षत्र रोहिणी में अधिक ऊर्जा के साथ प्रवेश कर और अधिक प्रभावी हो जाते हैं। 25 मई से 2 जून तक नौतपा का प्रभाव अपने चरम पर होगा और तेज धूप व गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

# धूमधाम से मनाया गया संत सिरोमणि अमर शहीद संत कंवर राम साहिब जी का 141वां जन्मोत्सव, भंडारे का आयोजन



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

हिन्द सिंध के संत कंवर राम साहिब जी का आज 141वां जन्मदिवस है जिसे पूरा सिंधी समाज बड़े धूमधाम से मनाता है। इस अवसर पर आज गुरु माता दयाली देवी सेवा मण्डल व सखी बाबा युवा मंडल के सोजन्य से संत कंवर राम चौराहा, आलमबाग में पूरे दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ मेडिकल कॉलेज के सहयोग से रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमे 40 रक्तदाताओ ने अपना रक्तदान किया। सोमवार सुबह 10.00 शिव शांति संत आसुदाराम आश्रम के पीठाधीश्वर साई मोहन लाल साहिब व साई हरीश लाल साहिब जी के कर कमलों द्वारा भंडारा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर साई मोहन लाल साहिब जी ने संत कंवर राम साहिब जी के किये गए सेवा, सत्संग, परोपकार पर प्रकाश डाला। संस्था के मुख्य कार्यकर्ता प्रीतम वलेचा ने जानकारी दी कि ये भंडारा विगत 20 वर्षो से संत कंवर राम साहिब जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे लगाया जाता है जिसमें पूरा सिंधी समाज बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी करता है। भंडारा पूरे दिन सुबह 10.00 बजे से रात्रि 11.00 बजे तक चलाया जाता है जिसमे लगभग 10000 लोग भंडारा प्रसाद प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर कई समाज सेवक, प्रशासनिक लोग, समाज के गणमान्य वयक्ति उपस्थित थे जिनमें मुख्य रूप से आनंद द्विवेदी, महानगर अध्यक्ष, बीजेपी, मुकेश शर्मा, विधायक, सुरेश चंद तिवारी, पूर्व विधायक हरशरण लाल गुप्ता, अध्यक्ष आपरेटिव बैंक पियूष दीवान, सभाषद, नानक चंद लखमानी, पूर्व राज्य मंत्री, सिन्धु सभा अध्यक्ष अशोक मोतियानी, वरिष्ठ समाज सेवक, हरीश मलानी, सतेंद्र भावनानी, सतीश अठवानी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। इस पुनीत सेवा कार्य को संस्था के सदस्य विनय मलानी, हंसराज मनवानी, संतोष कुकरेजा, श्याम केशवाणी, भीषण दौलतानी, अजीत जोगी, अनूप चेनानी, भरत चेनानी, कन्हैया लाल, दयाल दास आदि सदस्य सेवा कार्यो को सुचारु रूप से चला रहे थे।

# एसीएस ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में नवीन भवन स्थित सभाकक्ष में सीडीओ, डीआईओएस एवं बीएसए के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक हुई। बैठक में वर्तमान शैक्षिक सत्र 1 अप्रैल से प्रारम्भ होने के परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा निर्धारित एजेण्डे के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण की विस्तृत समीक्षा की गई।अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि स्कूल चलो अभियान अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक जनपद में शत-प्रतिशत नामांकन किया जाए तथा विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए अकादमिक कैलेंडर के अनुसार नियमित पठन-पाठन, समयबद्ध परीक्षाएं, होलिस्टिक प्रोग्रेस रिपोर्ट तैयार कर अभिभावकों के साथ साझा करना अनिवार्य किया जाए।बैठक में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत कक्षावार नामांकन प्रगति, पाठ्य पुस्तकों के वितरण, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं प्री-प्राइमरी में मानव संसाधन की उपलब्धता, मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों के निर्माण कार्य, निपुण विद्यालय एवं पीएम श्री विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास, टैबलेट एवं डिजिटल लाइब्रेरी के उपयोग को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। छात्र-छात्राओं की अनुपस्थिति रोकने के लिए अर्ली वार्निंग सिस्टम को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समग्र शिक्षा एवं पीएम श्री योजना के अंतर्गत व्यय की प्रगति को समय से पोर्टल पर अपलोड करने, आरटीई के तहत बच्चों के प्रवेश, राजकीय विद्यालयों के निर्माण, बालिका छात्रावास संचालन तथा व्यावसायिक शिक्षा के लिए प्रयोगशालाओं की स्थापना की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विद्यालयों के विकास कार्य, मिनी स्टेडियम निर्माण, पीएम पोषण योजना के अंतर्गत मध्यान्ह भोजन की स्थिति तथा नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की प्रगति की भी गहन समीक्षा की गई।

# नरेन्द्र कश्यप ने की पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप स्वतंत्र प्रभार की अध्यक्षता में आज विधान सभा स्थित कार्यालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। नरेन्द्र कश्यप ने विभागों में पिछड़ा वर्ग के रिक्त पदों को शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया। पिछड़ा वर्ग कल्याण के प्रमुख सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई समस्या हो तो उनके संज्ञान में लाया जाए लेकिन भर्ती प्रक्रिया में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। इस सन्दर्भ में प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह पिछड़ा वर्ग कल्याण ने बताया कि विभाग में 191 पद रिक्त हैं जिस पर शीघ्र ही भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी। पिछड़े वर्ग हेतु शादी अनुदान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 232 करोड़ का प्राविधान किया गया था। विगत वित्तीय वर्ष 31 मार्च तक आवंटित धनराशि का पूर्ण उपयोग करते हुए 16,000 लाभार्थियों को पी.एफ.एम.एस. प्रणाली के माध्यम से उनके खातों में धनराशि अन्तरित की गयी। छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत विगत वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति में अब तक 36,75,294 छात्रों को 3071.54 करोड़ रूपये की धनराशि दी जा चुकी है। कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत ओ-लेवल के 25,588 तथा सी.सी.सी. के 9,304 सहित 34,892 प्रशिक्षणार्थियों पर 33.83 करोड़ रूपये की धनराशि व्यय की जा चुकी है। समाज के पिछड़े वर्ग के छात्र छात्राओं हेतु छात्रावास अनुरक्षण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवंटित धनराशि में से 99.87 प्रतिशत व्यय की जा चुकी है। योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु आवंटित धनराशि पूर्ण उपयोग किया गया।

# आयोजित हुआ 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन, महिलाओं ने सुना प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

सोमवार को जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाने, उनके योगदान को सम्मानित करने तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित हैं और इनका अधिक से अधिक लाभ उठाकर महिलाएं समाज में सशक्त भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई। महिला प्रतिभागियों को स्वरोजगार, स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

इस दौरान डीएम विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम मनोहर तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में खुशी मित्तल ने लहराया परचम

**उतरौला बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर की खुशी मित्तल ने अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में दो पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है । खुशी के इस उपलब्धि पर बजाज शुगर के यूनिट हेड सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दी हैं ।

जानकारी के अनुसार 11-12 अप्रैल 2026 को अयोध्या में आयोजित नेशनल योगासन प्रतियोगिता में खुशी मित्तल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। देशभर से आए 700 से अधिक एथलीटों के बीच अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खुशी ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन (ङ्घस्स्न) द्वारा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा खुशी मित्तल ने 'ट्रडिशनल योगासन' श्रेणी में रजत पदक (स्द्बद्य1द्गह्) तथा 'आर्टिस्टिक सोलो' श्रेणी में कांस्य पदक (क्च्रश्व5द्ग) हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खुशी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत एवं अपनी कोच राखी सरकार के कुशल मार्गदर्शन को दिया । खुशी के पिता अमित मित्तल बजाज ग्रुप के कॉर्पोरेट कार्यालय में उच्च पद पर कार्यरत हैं।

# प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र के प्रतिभागियों को दिया गया प्रमाण पत्र

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में रोटरी क्लब ग्रेटर द्वारा संचालित निशुल्क महिला प्रौढ़ शिक्षा केंद्र कोइलिहा और सिसई में महिलाओ को साक्षर बनाने के उद्देश्य से दिशा -1 पाठ्यक्रम का पूरा कोर्स कर चुकी सभी लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और उपहार भेंट किया गया।

जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल को प्रौढ़ शिक्षा केंद्र संयोजक रोटेरियन दिलीप श्रीवास्तव के नेतृत्व में संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव, क्लब सचिव रोटेरियन डॉ सतीश सिंह, कोषाध्यक्ष रोटेरियन डॉ मोहम्मद सालिम, पूर्व क्लब अध्यक्ष डॉ सौरभ सिंह, व संस्थापक कोषाध्यक्ष रोटेरियन डॉ जुबेर अहमद की उपस्थिति में परीक्षा में उत्तीर्ण सभी लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। क्लब संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन डा0 देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि दोनो केन्द्रों मे शिक्षिका काजल कुमारी व आरती द्वारा सभी अशिक्षित महिलाओ का शिक्षित करने का कार्य पूरे मनोयोग से किया गया है एवं सभी महिलाओ ने परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। रोटेरियन रविन्द्र जायसवाल के सहयोग से सभी को उपहार भी प्रदान किया गया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि रोटरी अंतरराष्ट्रीय के द्वारा सभी को साक्षर बनाने के इस महाभियान के अंतर्गत रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर ने रोटरी वर्ष 2024-2025 में अपना पहला प्रौढ़ शिक्षा केंद्र ग्राम कोइलिहा में सफलता पूर्वक संचालित किया गया जिसके प्रेरित होकर ग्राम सिसई में 2025-26 सत्र में दूसरा केन्द्र संचालित हुआ। असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने समाज से अपील की कि इन 35 महिलाओं को आदर्श मानकर जिले मे और भी प्रौढ़ शिक्षा केंद्र संचालित किए जाएं जिससे बलरामपुर जैसे अति पिछड़े जिले को साक्षर बनाने में सफलता प्राप्त कर सकें। महिला सशक्तिकरण का सपना जो कि सरकार की भी प्राथमिकता है उसके भागीदार बनें, क्योंकि शिक्षित महिला सिर्फ अपने परिवार को ही नहीं सम्पूर्ण समाज और देश को भी प्रगति की राह पर ले जाती है।

# जिला अस्पताल के जन औषधि केंद्रों पर महंगी दवाएं बेचने का आरोप, वसूली के दावे भी सामने आए

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जिला अस्पताल स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर महंगी अंग्रेजी दवाएं बेचने और डॉक्टरों की मिली भगत से मरीजों का शोषण किए जाने के आरोपों के बीच अब कुछ जन औषधि केंद्र संचालकों ने भी गंभीर दावे किए हैं।संचालकों का कहना है,कि केंद्रों पर महंगी दवाएं बिकने के पीछे कथित वसूली का दबाव भी एक कारण है। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल स्थित जन औषधि केंद्र पर पहले भी अनियमितताओं के आरोप लगते रहे हैं।हाल ही में सुधांशु तिवारी नामक युवक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से शिकायत कर आरोप लगाया है,कि डॉक्टरों और जन औषधि केंद्र की मिलीभगत से गरीब मरीजों को महंगी अंग्रेजी दवाएं बेची जा रही हैं।पीड़ित के अनुसार चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवाएं लेने जब जन औषधि केंद्र पहुंचा तो उसे करीब 300 रुपये की दवाएं दी गईं, जिन पर केंद्र की मुहर तक नहीं लगी थीशिकायतकर्ता ने मामले में जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।इसी बीच कुछ जन औषधि केंद्र संचालकों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर दावा किया कि केंद्रों पर महंगी दवाएं बिकने के पीछे कथित मासिक वसूली भी एक कारण है। संचालकों का आरोप है कि उनसे प्रतिमाह तीन से पांच हजार रुपये तक की वसूली की जाती है।हालांकि इन आरोपों की पुष्टि जन एक्सप्रेस समाचार पत्र नहीं करता है।संबंधित अधिकारियों का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।उधर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अंशुमान सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जाएगी।एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में प्रभारी निरीक्षक यातायात उमेश सिंह के नतृत्व में सोमवार को बृहद स्तर पर चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया । जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, क्षेत्राधिकारी यातायात डीके श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात उमेश सिंह व उनकी टीम द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सीट बेल्ट और हेलमेट, बिना लाइसेंस, गलत दिशा, नाबालिक के विरुद्ध करवाई तथा यात्री बसों में फायर इंस्टिट्यूशर तथा फर्स्ट एड बॉक्स चेक किया गया । बसों के अंदर इंस्टिट्यूशर तथा फर्स्ट एड बॉक्स मौजूद मिला । कंडक्टर और चालक को बताया गया कि आप सभी यात्रियों को गाड़ी चलने से पूर्व इमरजेंसी खिड़की के बारे में जानकारी देकर प्रस्थान कर किया करें ताकि विषम परिस्थिति आने पर यात्रियों को उसकी जानकारी हो और फायदा मिल सके । अभियान के दौरान प्रवर्तन की कार्रवाई भी की गई जिसमें 67 वाहनों से 84 000 रुपए समन की कार्रवाई की गई।

# संत श्री राधेश्याम महाराज के तिरोभाव महोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



गत वर्षों की भांति इस बार भी नित्यलीलालीन श्री श्री 1008 बाबा राधेश्यामदास जी महाराज (बंगाली बाबा) के तिरोभाव महोत्सव पर परम पूज्य श्री वासुदेवशरण जी महाराज (विरही जी महाराज) के कृपा पात्र नित्य संकीर्तन लीन श्री चक्रघर प्रसाद शास्त्री जी महाराज की कृपा से श्री श्री 108 वैष्णवाचार्यों की अध्यक्षता में सत्संन हरिनाम संकीर्तन समारोह का आयोजन आरंभ हो चुका है जिसमें देश के विभिन्न स्थानों से संतों का आगमन एवं प्रवचन के माध्यम से भक्ति की रसधार बहाई जाएगी।

संकीर्तन एवं संत सम्मेलन महोत्सव के पहले दिन रविवार को प्रातः कालीन बेला में कार्यक्रम संयोजक श्री ओमप्रकाश पंडित जी द्वारा जयगंज स्थित मंदिर श्री बद्रीनारायण से विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसका शहर के प्रमुख संत पूज्य स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने हरिनाम संकीर्तन के साथ शुभारंभ करवाया। सर पर कलश लेकर वैष्णव भक्तों के विशाल जन समूह द्वारा जगह जगह प्रसाद व्यवस्था का लाभ लिया। यह कलश यात्रा विभिन्न रास्तों का अनुसरण करते हुए अचल सरोवर स्थित मंदिर श्री गौर राधा गोविन्द तक निकाली गयी।

मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं की भीड़ को सम्बोधित करते हुए स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि आदि कालीन सनातन धर्म जब जब त्रुटियों एवं विकारों ने उपज बनाई, तब तब इन त्रुटियों को दूर करने के लिए महापुरुषों ने अवतार लेकर धर्म ध्वज की पुनः स्थापना कर समाज का मार्गदर्शन किया इसी क्रम में विश्व विख्यात वैष्णव संत पूज्य स्वामी श्री राधेश्यामदास जी महाराज ने अपने तप के बल पर और विचारों के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी।

उन्होंने कहा कि भक्ति में लीन होकर संतों ने स्वयं के जीवन को हमेशा परोपकार में समर्पित किया।

कार्यक्रम की रुपरेखा के विषय में जानकारी देते हुए पंडित ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि 27 अप्रैल तक चलने वाले इस आयोजन में संत प्रवचन किये जाएंगे जिसमें मुख्यतः श्री श्री 108 स्वामी श्री पूर्णानन्दपुरी जी महाराज(अलीगढ़)

श्री श्री 108 केशव देव जी गोस्वामी (वृन्दावन)श्री श्री 108 कार्णि विश्व चैतन्य महाराज (मथुरा),पूज्य श्री पं. महेश चन्द्र व्यास जी (नगर व्यास, अलीगढ़) श्री श्री 108 हरे कृष्ण दास जी महाराज (कोटा) आदि संतों का आशीर्वाद एवं दर्शन तथा प्रवचन किये जाएंगे। पहले दिन शोभायात्रा में आचार्य गौरव शास्त्री,सोनू गोस्वामी उर्मिला अरोरा,श्री विजप माहेश्वरी सहित अनेको भक्त उपस्थित रहे।

# शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आहूत की गई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि बैठक में मुख्य रुप से एस.आई.आर. मुद्दे पर चर्चा की गई और नई वोटर लिस्ट में नाम जोड़े गये या नहीं इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखी, बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद मोहनिसा किदवई जी एवं पूर्व शहर कांग्रेस प्रवक्ता मीसम नकवी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, बैठक को सम्बोधित करते हुए शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि एस.आई.आर. को लेकर नेता प्रतिपक्ष लोकसभा मा. सांसद आदरणीय राहुल गांधी बहुत गंभीर है, रायबरेली का संगठन अपने नेता के संघर्षो में उनके साथ खड़ा है, हम सबकी पूरी कोशिश है कि एस.आई.आर. पर किसी भी विशेष जाति धर्म के लोगों का नाम न काटा जाये, कांग्रेस का कार्यकर्ता घर-घर जाकर एस.आई.आर. पर जनता को जागरूक कर रहा है, और उनकी हर संभव मदद कर रहा है। बैठक में मुख्य रुप से प्रमोद पाण्डेय, सूर्यकुमार बाजपेयी, मुन्ना घोसी, प्रीता नेथन, सुनील प्रताप सिंह, सर्वोत्तम मिश्रा, संजीव शुक्ला, मनीष सोनकर, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, हाजी उस्मान घोसी, विजय लोधी, मो. सरताज, हरमिन्दर सिंह सलूजा, मो. हुसैन, अजीजुल हसन, अमित मिश्रा, शादाब खान, महेश्वर सिंह, सोनू खान, मुकेश श्रीवास्तव, सै.अरशद, गरिमा त्रिवेदी, पूजा श्रीवास्तव, सफीकुन निशा, सुमित कुमार विमल, अंकुर सिंह चौधरी, रेशमा बानो, मो. शफीक, मो. सलीम सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

## प्रदेश सरकार शीघ्र लागू करे अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम कानून द्दगोविंद सिंह एडवोकेट

**रायबरेली।** सेंट्रल बार एसोसिएशन रायबरेली की कार्यकारिणी के द्वारा मिर्जापुर के अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह की नृशंस हत्या के विरोध में,प्रदेश के मुख्यमंत्री मा.योगी आदित्यनाथ जी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी रायबरेली के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया जिसमें प्रमुख रूप से और राजीव सिंह के परिवार को 1 करोड़ रुपये का सरकारी सहयोग परिजनों को एक सरकारी नौकरी और बच्चों को निशुल्क शिक्षा का इंतजाम सरकार के द्वारा किया जाए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाए. सेंट्रल बार के अध्यक्ष राकेश तिवारी एडवोकेट ने कहा कि सरकार को शीघ्रता से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू कर देना चाहिए, जिससे आने वाले समय में अधिवक्ताओं की जान माल की सुरक्षा की जा सके. सेंट्रल बार के महामंत्री योगेंद्र दीक्षित ने कहा कि आए दिन अधिवक्ताओं के साथ हो रही जगन्य अपराध की घटनाएं, उत्तर प्रदेश में रुकने का नाम ही नहीं ले रही है।

# अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला, बोले- गौरीगंज सीट इतनी 'हॉट' है कि जो बैठे हैं, जल जाएंगे

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अमेठी दौरे के दौरान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि गौरीगंज विधानसभा सीट इतनी ÷हॉट÷ है,कि जो वर्तमान में बैठे हैं,वे जल जाएंगे।उन्होंने यह बयान लखनऊ से सुलतानपुर जाते समय सोमवार को गौरीगंज क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान दिया।अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से परेशान है।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है।और जनता आगामी चुनाव में इसका जवाब देगी।सपा प्रमुख ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है।तथा सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीर नहीं है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों के लिए अभी से जुट जाने का आह्वान किया।गौरीगंज पहुंचने पर सपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का जोरदार स्वागत किया।इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और समर्थक मौजूद रहे।

# कई बीघा गेहूं की फसल जलकर राख, ग्रामीणों की मशक्कत से आग पर पाया गया काबू

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले में खेतों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। सोमवार दोपहर मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में गेहूं के खेत में आग लगने से लगभग दस बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया, जिससे अन्य खेतों को बचाया जा सका।जानकारी के अनुसार घटना मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित नगरी टंकी के पीछे सिवान क्षेत्र की है।दोपहर के समय अचानक गेहूं के खेत में आग लग गई,जिसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।और वैकल्पिक साधनों से आग बुझाने में जुट गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई,और देखते ही देखते करीब 10 बीघा गेहूं की फसल उसकी चपेट में आ गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया,जिससे आग को आसपास के अन्य खेतों तक फैलने से रोका जा सका।आग से कई किसानों की फसल प्रभावित हुई है।थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर नियंत्रण पा लिया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तीन किसानों की लगभग पांच बीघा फसल जलने की पुष्टि हुई है।क्षेत्र में तेज हवा,भीषण गर्मी और बिजली के ढीले तारों के कारण आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं,जिससे किसान अपनी तैयार फसल को बचाने के लिए चिंता में हैं।

## भ्रष्टाचार: बनने के दूसरे ही दिन जगह-जगह से उखड़ने लगी कथित डामर रोड, ठेकेदार ने लाखों का लगाया चूना

**रायबरेली।** रसूखदार नेताओं के संरक्षण में पल रहे पिछलग्गुओं को चुनावी समीकरण साधने के लिए गांवों की सड़कों को बनाने का ठेका तो दे दिया गया किंतु कमीशन के खेल में डामर रोड बनाने के नाम पर किए जा रहे खुल्लम-खुल्ला भ्रष्टाचार से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इससे यह कहना मुश्किल नहीं है कि नेताओं के रसूखदार पिछलग्गू नेता ही 2027 के चुनाव में बीजेपी की लुटिया डुबोने में सहायक बनेगे। मामला जिले के सलोन तहसील क्षेत्र स्थित ब्लॉक से निकलकर सामने आया है जहां कुढा गांव के निकट शान मुहम्मद की राइस मिल से कुढा बाजार स्थित अनीस के घर तक को जाने वाली लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर बीती अप्रैल को बनाई गई थी जिसके दूसरे दिन बाद ही जगह-जगह से यह कथित डामर रोड जगह-जगह से उखड़ने लगी है।

# शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा जलियांवाला बाग नरसंहार के अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह जी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा जलियांवाला बाग नरसंहार के अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती भी मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों एवं उनके साथियों ने मिलकर जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड पर आधारित लघु-नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी की आंखें नम कर दीं। अम्बेडकर जी को एक समाज सुधारक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और कुशल राजनीतिज्ञ बताते हुए कहा कि संविधान के निर्माण में उनकी अहम भूमिका थी। बाबा साहेब ने दलित वर्ग के उत्थान के लिए भरपूर कोशिश की। उनका जीवन संघर्श, शिक्षा के प्रति समर्पण और समाज में समानता की स्थापना के लिए किया गया उनका योगदान इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। विद्यालय के बच्चों ने डिवेट के माध्यम से अम्बेडकर जी के जीवन की आद्योपन्त जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य जी ने बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड ने देशवासियों को ऐसी चोट पहुंचाई कि आजादी की लड़ाई जन-जन के आन्दोलन में परिवर्तित हो गयी। जलियांवाला बाग में शहीद उन सभी अमर बलिदानियों एवं भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी को उनकी जयंती पर हम शत्-शत् नमन करते हुए सिख समुदाय के मुख्य उत्सवों में से एक बैसाखी की शुभकामनाएं देते हैं।इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## 'मातृभूमि' एक्ट्रेस

# चित्रांगदा सिंह

## का X अकाउंट हैक, फैंस से की ये अपील



बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह हाल ही में अपनी आने वाली फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं. इस फिल्म में वो सलमान खान के अपोजिट लीड रोल में नजर आने वाली हैं. जहां एक तरफ लोग इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ, चित्रांगदा सिंह का सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो गया है. चित्रांगदा सिंह का X अकाउंट हैक कर लिया गया है. एक्ट्रेस ने अपने दूसरे सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए ये जानकारी शेयर की.



इसी के साथ एक्ट्रेस ने अपने फैंस से एक खास अपील भी की. एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह ने अपनी लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया है कि X पर उनका अकाउंट हैक हो गया है. 'मातृभूमि' की एक्ट्रेस ने आगे बताया कि वो अपना अकाउंट रिकवर कोशिश कर रही हैं. तब तक, उन्होंने फैंस से गुजारिश की है कि उनके हैंडल से हाल ही में हुई किसी भी एक्टिविटी या मैसेज को नजरअंदाज करें.

**चित्रांगदा सिंह का X अकाउंट हैक**

चित्रांगदा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, हाय दोस्तों, मेरा ट्विटर अकाउंट हैक हो गया है. हम इसे रिकवर करने की कोशिश कर रहे हैं. जब तक ये ठीक नहीं हो जाता, तब तक प्लीज इस अकाउंट से आने वाली किसी भी नई एक्टिविटी या मैसेज को नज़रअंदाज करें. धन्यवाद.

वर्कफ्रंट की बात करें तो चित्रांगदा सिंह जल्द ही अपूर्व लाखिया के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'मातृभूमि' में सलमान खान के अपोजिट नजर आएंगी. इस फिल्म को सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है, जो 2020 की गलवान घाटी की झड़प पर आधारित है. हालांकि, अभी तक इसकी ऑफिशियल रिलीज डेट अनाउंस नहीं की गई है. लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि मेकर्स जून 2026 में फिल्म को रिलीज कर सकते हैं.



# करण जौहर

## से टक्कर लेंगे वरुण धवन! प्लान तैयार हो रहा है

वरुण धवन लंबे समय से 'है जवानी तो इश्क होना है' नाम की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को लेकर चर्चा में चल रहे हैं. पहले एक बार इस फिल्म की रिलीज डेट बदली जा चुकी है. वहीं अब ऐसी खबर है कि मेकर्स एक बार फिर से इस फिल्म की रिलीज डेट बदलने की प्लानिंग कर रहे हैं. लेकिन मेकर्स जिस डेट पर फिल्म को लाने का सोच रहे हैं, उस डेट पर पहले से ही करण जौहर की एक फिल्म आने वाली है. ऐसे में अगर 'है जवानी तो इश्क होना है' भी उसी डेट पर रिलीज हो गई, तो दोनों फिल्मों के बीच क्लैश हो जाएगा. चलिए विस्तार से समझते हैं.




'है जवानी तो इश्क होना है' सबसे पहले 5 जून को रिलीज होने के लिए तय हुई थी, लेकिन जब ऐसी खबर आई कि 4 जून को यश की 'टॉक्सिक' रिलीज होगी, तो फिर वरुण की फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ाकर 12 जून कर दी गई. इसी तारीख पर दिलजीत दोसांझ, शरवरी वाघ और वेदांग रैना की भी एक फिल्म आने वाली है, जिसे इम्तियाज अली ने डायरेक्ट किया है. नाम है 'मैं वापस आऊंगा'. अब बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया गया कि 'है जवानी तो इश्क होना है' के मेकर्स को लगता है कि वो अपनी इस फिल्म को पहले रिलीज कर सकते हैं, क्योंकि उनकी पिक्चर पूरी तरह तैयार है.

**मई में रिलीज करने से क्या फायदा ?**

साथ ही मेकर्स का ये भी मानना है कि मई के सेकेंड हाफ में कॉम्पटीशन कम है और गर्मी की छुट्टियां भी चल रही होंगी. ऐसे में अगर मई के सेकेंड हाफ में रिलीज करते हैं तो युथ और फैमिली ऑडियंस को फिल्म तक लाने का ये एक सही मौका होगा.

ऐसे में वरुण धवन की फिल्म को गंभीरता से 22 मई के दिन लाने पर विचार हो रहा है. इसी दिन करण जौहर की कंपनी धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म 'चांद मेरा दिल' भी रिलीज होने के लिए तय है. इसमें लक्ष्य लालवानी और अनन्या पांडे लीड रोल में हैं. ऐसे में अगर 'है जवानी तो इश्क होना है' भी रिलीज हो जाती है, तो दोनों फिल्मों का क्लैश हो जाएगा.

**जल्द ही होगा ऑफिशियसल ऐलान**

रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि 'है जवानी तो इश्क होना है' के मेकर्स जल्द ही फाइनल फैसला लेंगे. अगर 22 मई की डेट फाइनल हो जाती है, तो फिर कुछ ही दिनों में इसका आधिकारिक ऐलान होगा. इसमें वरुण धवन के साथ मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी हैं. अब फिलहला मेकर्स की तरफ से ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार है.

## 'धुरंधर' फेम सारा अर्जुन की चमकी किस्मत, संजय लीला भंसाली की फिल्म में बनेंगी मधुबाला




आदित्य धर की धुरंधर 2 में लीड फीमेल एक्ट्रेस का रोल निभाने वाली सारा अर्जुन के हाथ एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट लग गया है. पाकिस्तानी लड़की का रोल निभाने के बाद अब सारा अर्जुन बॉलीवुड की आइकॉनिक अदाकारा मधुबाला का किरदार निभाती नज़र आएंगी. निर्देशक जस्मीत के रीन एक बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं. इस प्रोजेक्ट को संजय लीला भंसाली प्रोड्यूस कर रहे हैं.पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक फिलहाल जस्मीत की ये फिल्म प्री-प्रोडक्शन के स्टेज पर है. इसी साल इसकी शूटिंग शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है. फिल्म हिंदी सिनेमा के गोल्डन एरा की कहानी कहेगी. इसमें सारा को मधुबाला जैसी दिग्गज अदाकारा को स्क्रीन पर प्ले करने का मौका मिलने वाला है, जो उनके लिए एक बड़े मौका है और साथ में बड़ी चुनौती भी.

रिपोर्ट में सोर्स ने प्रोजेक्ट को लेकर बताया, मधुबाला के कैरेक्टर को सच्चाई के साथ निभाने के लिए सारा अर्जुन को फिजिकल ट्रांसफोर्मेशन से गुज़रना होगा. कॉस्ट्यूम डीटेलिंग से लेकर बोली की ट्रेनिंग (डायलेक्टर ट्रेनिंग) और लुक टेस्ट तक, उस दौर को सटीक तरीके से दिखाने के लिए मेकर्स कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं.


**आलिया के साथ बना चुकी हैं ये फिल्म**

इस फिल्म के जरिए मेकर्स मधुबाला को ट्रीट देने की तैयारी में हैं. जस्मीत के रीन इससे पहले आलिया भट्ट और विजय वर्मा स्टारर डार्लिंग्स का निर्देशन कर चुकी हैं. उनकी इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था. ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई थी.

**अपने दौर की सबसे बड़ी अदाकारा हैं मधुबाला**

1950-60 के दौर में मधुबाला को हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी अदाकारा बताया जाता था. उस दौर में वो सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेसेस में से एक थीं. करीब दो दशक के अपने करियर में उन्होंने 70 से ज्यादा फिल्मों में काम किया. मधुबाला ने फिल्म बसंत से 1942 में चाइल्ड एक्ट्रेस के तौर पर करियर शुरू किया था. उनकी आखिरी फिल्म शराबी थी, जो 1964 में रिलीज़ हुई. दिल की बीमारी के कारण 23 फरवरी 1969 को उनका निधन हो गया था. अपने करियर में मुगल-ए-आजम, बरसात की रात, हावड़ा ब्रिज और चलती का नाम गाड़ी जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया.

## दीपिका नहीं, विकी कौशल की 'महावतार' में इस 800 करोड़ी एक्ट्रेस की एंट्री हो गई?




जिन फिल्मों का साल 2026 में बेसब्री से इंतजार हो रहा है, उस लिस्ट में विकी कौशल की 'लव एंड वॉर' शामिल हैं. जी हां, इस पिक्चर में वो रणबीर कपूर के साथ मिलकर संजय लीला भंसाली के लिए काम कर रहे हैं. साथ ही आलिया भट्ट भी नजर आने वाली हैं. इस फिल्म के चक्कर में सबसे बड़ी टेंशन विकी कौशल के लिए बनी हुई हैं, क्योंकि यहां इस फिल्म का काम पूरा नहीं हो रहा. उधर दूसरी तरफ उन्हें जल्द ही 'महावतार' की शूटिंग शुरू करनी है. पहले ही इस फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है. वैसे एक्टर का पलड़ा भारी है, क्योंकि उनकी पिछली फिल्म 'छावा' रही थी, जिसने 800 करोड़ रुपये से ज्यादा कारोबार किया था. कुछ दिनों पहले जानकारी मिल रही थी कि 'महावतार' के लिए दीपिका पादुकोण से चर्चा हो रही है. पर लगता है कि अब कोई और ही बाजी मार गई है.

विकी कौशल ने अपने अभिनय से हर बार साबित किया है कि क्यों वो फिल्ममेकर्स के लिए टॉप च्वाइस रहे हैं. बात फिल्म 'उधम सिंह' की हो या फिर 'सैम बहादुर' कीज कुछ फिल्मों को बेस्ट का टैग पाने के लिए किसी बॉक्स ऑफिस आंकड़े की जरूरत नहीं होती. खैर, जिस एक्ट्रेस की फिल्म में एंट्री की जानकारी मिल रही हैं, वो भी अपने दम पर एक बड़ी BLOCKBUSTER दे चुकी हैं. इसी बीच जानिए क्या अपडेट फिल्म पर आ गया है.

**विकी की 'महावतार' में कौन आ गईं ?**

हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि डायरेक्टर अमर कौशिक और मैडॉक फिल्म्स ने श्रद्धा कपूर को कॉन्टैक्ट किया है. पहले ही 'स्त्री 3' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है, अब मेकर्स चाहते हैं कि श्रद्धा कपूर 'महावतार' में लीड रोल निभाए. दरअसल फिल्म में विकी कौशल भगवान परशुराम का किरदार निभा रहे हैं. जबकि उनके अपोजिट फीमेल लीड के लिए श्रद्धा कपूर ही उनकी पहली पसंद हैं. फिलहाल श्रद्धा कपूर से बातचीत चल रही हो. अगर सब ठीक रहा, तो अमर कौशिक जून के बाद इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर देंगे.

दरअसल इस बैनर की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है 'महावतार'. रिपोर्ट से यह भी पता लगा कि श्रद्धा कपूर इस रोल के लिए एकदम सही हैं. टीम ऐसी एक्ट्रेस को लेना चाहते हैं, जो स्टार वैल्यू और दमदार मौजूदगी लेकर आ पाए. साथ ही विकी और श्रद्धा की जोड़ी पहली बार साथ दिखेगी, तो मेकर्स को उम्मीद है कि यह कॉम्बिनेशन लोगों को पसंद आएगा.

पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# सबरीमाला पर धर्म और कानून में महासंग्राम

**दरअसल, सबरीमला मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गत 8 अप्रैल, दिन बुधवार को एक अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि उसके पास यह तय करने का अधिकार है कि किसी धर्म में कौन-सी प्रथा अंधविश्वास है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीट ने कहा, अगर विधायिका चुप रहे तो न्यायपालिका हस्तक्षेप नहीं कर सकती? बता दें कि कोर्ट की यह टिप्पणी केंद्र सरकार के उस तर्क के जवाब में आई, जिसमें कहा गया था कि अदालत यह तय नहीं कर सकती कि कोई धार्मिक प्रथा अंधविश्वास है या नहीं।**

*सबरीमाला प्रकरण के बहाने भारतीय लोकतंत्र में, संसद और संविधान के दायरे में, सियासत और न्यायपालिका के मठाधीशों के नजरिए में, क्या सही है और क्या गलत? क्या जिम्मेदारी है और क्या नहीं?, यह बहस का विषय नहीं होना चाहिए, बल्कि स्पष्ट कार्रवाई नजर आनी चाहिए। या तो सियासतदान, संसद और विधानमंडलों में कानून स्पष्ट बनाएं या फिर सुलगते सवालों पर न्यायपालिका के न्यायाधीशगण स्वतः संज्ञान लेकर निष्पक्ष न्यायदेश देने की पहल करें, क्योंकि आम जनता का हित सर्वोपरि होना चाहिए। हालांकि, व्यवहारिक कसौटी पर ये बातें पूरी तरह से खरी नहीं उतरती हैं। इसलिए अपेक्षा है कि धर्म सम्मत न्याय दीजिए, अन्यथा लोकतांत्रिक तर्क-वितर्क भारी पड़ेगा! धर्मनिरपेक्षता की आड़ में एक शांति प्रिय धर्म के बारे में सुनवाई और दिशानिर्देश, जबकि दूसरे-तीसरे कट्टर धर्म के बारे में अपेक्षित सुनवाई पर टालमटोल ज्यादा दिन तक नहीं चलने वाला है, क्योंकि प्रबुद्ध हिंदुओं के संज्ञान में सारी बातें आईने की तरह चमक रही हैं और कॉन्वेंट एजुकेटेड लोगों से ज्यादा अपेक्षा भी किसी को नहीं है। लिहाजा, केंद्र सरकार और न्यायमूर्ति के स्टैंड अपनी अपनी जगह पर सही हैं, इसलिए भारतीय जनता के व्यापक हित में फैसला आना चाहिए, न कि पीक एंड चूज! जैसा कि विभिन्न विवादास्पद मामलों में प्रतीत होता है। सरकार और न्यायालय से जुड़े लोगों से बहुमत का पक्ष लेने की अपेक्षा नहीं कि जाती है, बल्कि बिटवीन द लाइंस की तरह ऐसा निर्णय आना चाहिए, जिसपर तर्क-वितर्क की कोई गुंजाइश ही न बने। बीच बहस में पड़ने का दूसरा अदृश्य पहलू यह है कि आम तौर पर किसी न्यायाधीश या नौकरशाह की बुद्धि आम बहुमतधारी नेताओं की बुद्धि से औसत रूप में अच्छी समझी जाती है! फिर भी जब राजनीतिक अतिरेक पर, धार्मिक चुनींदेपन पर, व्यक्तिगत विभेद आदि पर न्यायपालिका और ओछी सियासत के बीच सबकुछ गड्डमड्ड दिखाई देने लगता है तो न्यायिक विवेक और विधायी विवेक के ऊपर सवाल उठाना लाजिमी है। यही पर जनमत को प्रभावित करने वाले संपादकीय विवेक का उत्तरदायित्व बढ़ जाता है! पर दुर्भाग्य की बात है कि इसे भी खुल्लमखुल्ला बाजार बनने को अभिशप्त बना दिया गया है। सुलगता सवाल है कि आखिर विधायिका और न्यायपालिका देश के सुलगते हुए सवालों का हल बीते सात-आठ दशकों में भी क्यों नहीं ढूंढ पाई हैं? वहीं सामाजिक न्याय और साम्प्रदायिक सोच से जुड़े मसलों पर कड़वा सच कहने का हौसला नहीं प्रदर्शित कर पाई। इससे बहुमत का नँगानाच बढ़ा और मानवीयता नकार दी गई। विधिवत पक्षपात दिखता रहा, लेकिन न्यायविदों की खामोशी पीड़ितों की सिसकन पर भारी पड़ी। यह कोई उलाहना नहीं, बल्कि आपकी अंतरात्मा को झकझोरने की एक पहल है। आखिर कई बार न्यायपालिका/कार्यपालिका भीड़तंत्र के समक्ष घुटने टेकती हुई प्रतीत क्यों होती हैं? यक्ष प्रश्न है। खैर, जब जब ऐसा हुआ, उन्हें संपादकीय विवेक सम्मत आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके मुद्दे जस के तस बने हुए हैं और व्यवस्था पूंजीवादी सोच के प्रति नतमस्तक नजर आती है, क्योंकि ‘दीपावली उपहार’ तो किसान-मजदूर-कारीगर कभी दे नहीं सकते। सबसे बड़ा सवाल यह कि भारतीय संविधान के प्रथम संशोधन पर यानी संविधान की नौवीं अनुसूची पर न्यायिक चुप्पी आजतक प्रबुद्ध लोगों को खल रही है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**वैदिक काल में अनेक स्त्रियां वेद मंत्रों की रचयिता या दृष्टा ऋषि भी रही हैं। इनमें लोमसा, लोपामुद्रा, यमी, श्रद्धा, ब्रह्मवादिनी जुहू, सूर्या, इंद्राणी, कच्छीवान की पुत्री घोषा आदि स्त्रियों की प्रतिष्ठा किसी भी विद्वान से कम नहीं थी। पूर्वजों ने मातृ शक्ति को पुरुष जैसा सम्मान दिया है। ऋग्वेद के एक सूक्त में पौलोमी सची द्वारा व्यक्त उद्गार देखने योग्य हैं। वे कहती हैं, ‘मैं ज्ञानवती हूं। मैं मूर्धन्य हूं। मैं तेजस्वी वक्ता हूं। मैं शत्रुओं का विनाश करती हूं। पति मेरे अनुकूल व्यवहार करते हैं। ऐतरेय ब्राह्मण में गंधर्व ग्रहीता कुमारी का विवरण है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार मैत्रेयी ऋषि याज्ञवल्क्य की पत्नी थीं। उनकी रुचि ब्रह्म विद्या में थी। याज्ञवल्क्य ने सन्यासी होने का निर्णय लिया।**

# ‘तुम बहुत बोल चुके, अब मैं बोलूंगी ’



योगेश कुमार गोयल

**ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। स्त्री दासी नहीं है। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि, ‘‘यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।’’ यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है। भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है।**

बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण आ गया है। केन्द्रीय मंत्रीपरिषद ने इसे पारित कर दिया है। महिला आरक्षण सामाजिक समता का ऐतिहासिक दस्तावेज है। इससे अथर्ववेद के एक मंत्र की ध्वनि सुनाई पड़ रही है। इस मंत्र में एक स्त्री कहती है, ‘तुम बहुत बोल चुके। अब मैं बोलूंगी।’ भारत में प्राचीन काल से ही स्त्री सम्मान रहा है। महिलाओं की खराब स्थिति का प्रचार करने वाले मिथ्या आरोप लगाते रहे हैं। भारतीय समाज में स्त्रियां, पुरुष के बराबर सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में भी स्त्री सम्मान था। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। युद्ध में उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था। ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था। पति और पत्नी को मिलाकर दंपत्ति बनता है। दंपत्ति में नारी की प्रतिष्ठा है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में स्त्री सम्मान के तत्व हैं। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। जल माता का विचार डारविन के बहुत पहले वैदिक काल में ही पुष्ट हो चुका था। ऋग्वेद में ‘आपः मातरम‘-जलमाताओं को नमस्कार किया गया है। ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी हैं। कहा गया है, ‘‘इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।‘‘ ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिन्धु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं। जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई देवी नहीं है। विवाहित होना सम्मानीय था। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। स्त्री दासी नहीं है। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि, ‘‘यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।‘‘ यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है। भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। वैदिक काल में महिलाएं मंत्रदृष्टा ऋषि भी थीं। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। अनेक विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा था कि, ‘‘यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?‘‘, ‘‘सृष्टि किस आधार पर




**पाणिनी की व्याकरण के अनुसार उपाध्याय की पत्नी को उपाध्यायानी कहा गया है और जो स्त्री स्वयं अध्ययन का कार्य करे उसके लिए उपाध्याय शब्द ठीक होगा। वैदिक काल में संपत्ति पर स्त्रियों का भी अधिकार था। महिलाएं घर की प्रधान थीं।**

खड़ी है।‘‘ याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, ‘‘जल पर।‘‘ गार्गी ने उत्तर के बाद पूछा, ‘‘जल किसमें आधारित हैं?‘‘ फिर पूछा गया कि, ‘‘इस अस्तित्व को कौन देवता आधार देते हैं?‘‘ गार्गी ने पूछा, ‘‘इस विराट अस्तित्व का आधार क्या है?‘‘ याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया ब्रह्म ही सबको धारण करता है। ब्रह्म ही सर्वोच्च हैं। गार्गी ने अगला प्रश्न पूछा कि, ‘‘ब्रह्म किस पर आधारित हैं। याज्ञवल्क्य ने कहा, ‘‘ब्रह्म सर्वोच्च हैं। ब्रह्म ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। ब्रह्म का कारण ब्रह्म हैं। ब्रह्म असीम हैं। अनंत हैं। गार्गी की प्रतिभा अद्भुत थी। राम-सीता की जोड़ी में सीता और राम दोनों की विशिष्टता देखी जाती है। कोई बड़ा नहीं। कोई छोटा नहीं। सीता जैसा चरित्र दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलता। शिव-पार्वती में पार्वती प्रथमा हैं और वह सभी अवसरों पर शंकर जी से विभिन्न विषयों पर गहन प्रश्न पूछा करती हैं। कैकई और दशरथ के कथानक में कैकई विचारणीय हैं। भारतीय परंपरा व साहित्य में सर्वत्र स्त्री सम्मान की गूंज है। यत्र नारी अस्तु पूजते रमंते ततदेवता-जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं। नारी माता हैं। अनेक प्रतीकों में स्त्री को माँ कहा गया है। माता से बढ़कर दूसरा कोई प्रतीक नहीं है। यहां भारत को भी भारत माता कहा गया है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी को माँ बताया गया है। अधिकांश नदियों को भी हम माता ही कहते हैं। वैदिक काल में यज्ञ की अतिरिक्त प्रतिष्ठा रही है। यज्ञ विधान के अनुसार पूजा में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में ऋषि पत्नी से कहते हैं, ‘‘तुम ऋक हो। मैं साम (गान) हूं। मैं अंतरिक्ष हूं। तुम पृथ्वी हो।‘‘ दुनिया की प्रत्येक सभ्यता में देवतंत्र है। देवता हैं, देवियां हैं। सामाजिक विकास के क्रम में मिस्र ने प्रकृति की शक्तियों को देवता जाना और माना था। जिस समाज में देवियां होंगी उस समाज में स्त्रियों का सम्मान होगा। देवतंत्र मनुष्य के सपनों का ही विस्तार है। देवियों का आदर स्त्रियों का आदर है, इसी तरह स्त्रियों का आदर देवियों का आदर है। भारत में वैदिक काल का देवतंत्र ध्यान देने योग्य है। भारत में अनेक देवियां हैं। ऋग्वेद में वाणी की अराधना की गई है। देवियों की उपासना करने वाले समाज में स्त्री सम्मान होगा ही। इसी तरह का एक शब्द है रोदसी। रोदसी में माता पृथ्वी और पिता आकाश को संयुक्त रूप में याद किया गया है। (ऋग्वेद 2.11.15) चाहे सोम रस की बात हो या अन्य सभी अनुशासनों में। माता-पिता की जोड़ी में मां प्रथमा हैं। वैदिक काल में अनेक स्त्रियां वेद मंत्रों की रचयिता या दृष्टा ऋषि भी रही हैं। इनमें लोमसा, लोपामुद्रा, यमी, श्रद्धा, ब्रह्मवादिनी जुहू, सूर्या, इंद्राणी, कच्छीवान की पुत्री घोषा आदि स्त्रियों की प्रतिष्ठा किसी भी विद्वान से कम नहीं थी। पूर्वजों ने मातृ शक्ति को पुरुष जैसा सम्मान दिया है। ऋग्वेद के एक सूक्त में पौलोमी सची द्वारा व्यक्त उद्गार देखने योग्य हैं। वे कहती हैं, ‘मैं ज्ञानवती हूं। मैं मूर्धन्य हूं। मैं तेजस्वी वक्ता हूं। मैं शत्रुओं का विनाश करती हूं। पति मेरे अनुकूल व्यवहार करते हैं। ऐतरेय ब्राह्मण में गंधर्व ग्रहीता कुमारी का विवरण है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार मैत्रेयी ऋषि याज्ञवल्क्य की पत्नी थीं। उनकी रुचि ब्रह्म विद्या में थी। याज्ञवल्क्य ने सन्यासी होने का निर्णय लिया। दोनों पत्नियों को बुलाया और बताया कि हमारी संपदा दोनों पत्नियां मिलकर बांट लो। इस पर मैत्रेयी ने कहा कि, ‘मुझे धन संपदा नहीं चाहिए। आपको जो ज्ञान प्राप्त हो वही मुझे दीजिए।’ कृतार्षिनी ने मीमांसा दर्शन पर ग्रंथ लिखा था। वैदिक काल में शिक्षा की उत्तम व्यवस्था थी। इनमें तमाम महिलाएं आचार्य थीं। बच्चों को पढ़ाती थीं।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 24:08 तक |
| नक्षत्रः | शतभिषा 15:52 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | शुक्ला, 15:26 |
| सूर्योदयः | 05:59 |
| सूर्यास्तः | 18:29 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 15:22-16:55 |
| विक्रमी संवत्ः | 2083 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | वैशाख |
| शुभ मुहूर्तः | 11:49-12:39 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# फोलिक एसिड: फायदे, सही डोज और सावधानियां

**फोलिक** एसिड का नाम सुनते ही हमारे दिमाग में सीधे प्रेग्नेंसी सामने आ जाती है। यह विटामिन सिर्फ प्रेग्नेंसी के लिए जरूरी नहीं है, बल्कि पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम से पीड़ित महिलाओं के लिए भी एक जरूरी पोषक तत्व है। फोलिक एसिड फोलेट का सिंथेटिक रूप होता है हमारा शरीर खुद इस विटामिन का निर्माण नहीं कर सकता है, इसलिए हमें इसे बाहरी सोर्स जैसे सप्लीमेंट्स या फोर्टिफाइड फूड्स के जरिए लेना पड़ता है। यह सेल डिविजन और डीएनए को बनाने में अहम भूमिका निभाता है। पीसीओएस से जूझ रही महिलाओं के लिए फोलिक एसिड बहुत जरूरी होता है, क्योंकि यह प्रजनन क्षमता को बेहतर रखने में भी मदद करता है। डॉ. (कर्नल) गुंजन मल्होत्रा सरीन ने बताया कि, होमोसिस्टीन एक अमीनो एसिड होता है, जिसका लेवल पीसीओएस वाली महिलाओं में अक्सर बढ़ा हुआ पाया जाता है। हाई होमोसिस्टीन लेवल महिलाओं में कई स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा होता है, जिसमें दिल की बीमारियों का जोखिम, ब्लड क्लॉटिंग और कंसीव करने में मुश्किल होना जैसी परेशानियां शामिल हैं। फोलिक एसिड सप्लीमेंट्स लेने से पीसीओएस से




पीड़ित महिलाओं में होमोसिस्टीन के लेवल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। एक स्टडी से पता चलता है कि पीसीओएस से जूझ रही महिलाओं में सी-रिएक्टिव प्रोटीन, होमोसिस्टीन और एडिपोनेक्टिन जैसे तत्वों का संतुलन बिगड़ जाता है। इन महिलाओं में होमोसिस्टीन की मात्रा काफी बढ़ी हुई पाई जाती है। इस कारण शरीर का वजन और कमर की चर्बी जितनी ज्यादा बढ़ती है, होमोसिस्टीन का लेवल भी उतना ही ज्यादा हो जाता है। खासतौर पर मोटापे से परेशान महिलाओं में यह लेवल सबसे ज्यादा देखा गया है।

**नेचुरल सोर्सः** पीसीओएस में महिलाओं के शरीर में फोलिक एसिड की कमी कम मात्रा में होने पर इसके नेचुरल सोर्स लेना फायदेमंद हो सकता है। स्टडी के अनुसार फोलिक एसिड के नेचुरल सोर्स में आप पत्तागोभी, फूलगोभी, शिमला मिर्च, ब्रोकली, टमाटर और पालक जैसी सब्जियां और अनाज से बने प्रोडक्ट्स का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा, अंडे और फल भी इसके नेचुरल सोर्स होते हैं। इन फूड्स को खाने के कोई साइड इफेक्ट्स नहीं हैं, लेकिन कभी-कभी यह नेचुरल सोर्स काफी नहीं होते हैं। ऐसी स्थिति में पीसीओएस में महिलाओं के लिए फोलिक एसिड के सप्लीमेंट्स लेना जरूरी हो सकता है।

**सप्लीमेंट्सः** पीसीओएस की समस्या में महिलाओं के शरीर में फोलिक एसिड की बहुत ज्यादा कमी होने पर वे डॉक्टर की सलाह पर सप्लीमेंट्स ले सकते हैं। फोलिक एसिड सप्लीमेंट्स सीमित मात्रा में लेना चाहिए क्योंकि यह बहुत जल्दी असर दिखाते हैं। हालांकि, सप्लीमेंट्स लेते समय कई बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि ज्यादा मात्रा में इस सप्लीमेंट को लेने से साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। डॉ. (कर्नल) गुंजन मल्होत्रा सरीन का कहना है कि अगर आपकी डाइट संतुलित है और आपके शरीर में फोलिक एसिड की बहुत ज्यादा कमी नहीं है तो आप इसकी कमी पूरी करने में नेचुरल सोर्स काफी हो सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# तेरे कूचे से बेआबरू होकर निकले



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**हम सब जानते हैं कि न्यायपालिका जनता की उम्मीद का आखिरी दरवाजा है और अगर यह दरवाजा भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया तो सब कुछ समाप्त हो जाएगा।**

**जस्टिस** यशवंत वर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे ही दिया। वैसे क्या ही अच्छा होता कि यदि आरोप लगाते ही या नोट के कथित बंडल बराबर होते ही वह अपने पद से इस्तीफा देकर एक मिसाल कायम करते। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और इस्तीफे की घोषणा तब की जब उन पर महाभियोग चलाने की औपचारिकता पूरी हुई। ऐसे में तो यही कहा जा सकता है कि उन्होंने अंत समय तक अपने हाथ पांव मारे और जब बचने का कोई रास्ता नहीं दिखा तो उन्होंने इस्तीफा दिया। अब अगर इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाता है तो उन्हें रिटायरमेंट के सारे लाभ मिलने लगेंगे जो महाभियोग के जरिए हटाए जाने पर नहीं मिलते। यानी यहां भी उन्होंने नैतिकता को प्राथमिकता देने के बजाय व्यक्तिगत लाभ पर फोकस किया। अब अगर उनका इस्तीफा स्वीकार हो जाता है जिसकी पूर्ण संभावना है तो उन्हें जजेज (सैलेरी एंड कमीशन सर्विस एक्ट) 1954 के तहत माना जाएगा। जानते चले की 14 मार्च 2025 को जस्टिस यशवंत वर्मा जो उस समय दिल्ली हाई कोर्ट के जज थे के दिल्ली स्थित सरकारी आवास के स्टोर में आग लगी थी।

**इतिहास गवाह है कि देश में अभी तक हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के किसी न्यायाधीश को महाभियोग के जरिए नहीं हटाया गया है। क्योंकि इस तरह की कारगुजारियों से न्यायपालिका की गरिमा तार तार होती है लोगों का अदालतों और न्यायपालिका से विश्वास होता है तथा आम आदमी यह कहने को मजबूर हो जाता है कि न्यायपालिका में भी भ्रष्टाचार है।**

आग बुझाने के दौरान वहां से काफी कैश मिलने का दावा हुआ। इसकी जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने तीन जजों की इन हाउस कमेटी बनाई थी। जांच के दौरान जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया गया। 4 मई को आयी रिपोर्ट में उन्हें प्रथम द्रष्टया जिम्मेदार माना गया। लेकिन उन्हें उन्होंने तब भी पद नहीं छोड़ा। इस्तीफा न देने पर मामला राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तक गया और महाभियोग प्रक्रिया शुरू हुई। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई थी। लेकिन उस समय जांच को फेस करने के बजाय जस्टिस वर्मा ने जांच समिति बनाई जाने के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट की शरण ली। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उनकी अपील खारिज की कर दी तब जाकर उन्होंने इस्तीफा दिया। ऐसे में तो यही कहा जाएगा कि जब उन्होंने देख लिया कि कोई रास्ता नहीं बचा तो उन्होंने इस्तीफा दिया। गांव की भाषा में इसे कहते हैं कि तेरे कूचे से बड़े आबरू होकर निकले। इतिहास गवाह है कि देश में अभी तक हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के किसी न्यायाधीश को महाभियोग के जरिए नहीं हटाया गया है। क्योंकि इस तरह की कारगुजारियों से न्यायपालिका की गरिमा तार तार होती है लोगों का अदालतों और न्यायपालिका से विश्वास होता है तथा आम आदमी यह कहने को मजबूर हो जाता है कि न्यायपालिका में भी भ्रष्टाचार है। हम सब जानते हैं कि न्यायपालिका जनता की उम्मीद का आखिरी दरवाजा है और अगर यह दरवाजा भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया तो सब कुछ समाप्त हो जाएगा। वैसे भी पिछले कई वर्षों से सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के फैसले जिस तरह के आ रहे हैं ऐसे में लोगों का विश्वास डगमगाया है। वैसे क्या ही अच्छा होता कि जब आंतरिक रिपोर्ट जस्टिस वर्मा के पक्ष में नहीं आई थी तो उसी समय वे इस्तीफा देकर न केवल विशाल कायम कर सकते थे बल्कि न्यायपालिका पर उंगली उठने से भी बचा सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और ना ही अपने को बेदाग साबित करने का कोई प्रयास किया। उल्टे वे जज के रूप में प्राप्त विशेषाधिकारों का ही उपयोग करते रहे जो कि गलत था। वैसे हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जज को हटाना इतना आसान नहीं होता है। लेकिन मेरे विचार से अब वह समय आ गया है जब इन जजों को भी हटाए जाने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। क्यों नहीं सर्वोच्च न्यायालय के पास भी इस बात का अधिकार हो कि वह शक की स्थिति में किसी भी न्यायाधीश को सेवा से अलग कर सके। लेकिन ऐसा नहीं किया गया और भ्रष्टाचार में भी हित, लाभ , हानि देखा गया ना की मेरिट। कितनी अजीब बात है कि सर्वोच्च न्यायालय ने कार्रवाई के लिए कार्यपालिका को सूचित किया और तब मामला विधायिका तक पहुंचा लेकिन विधायिका ने भी कोई तत्परता ना ही दिखाई। नतीजतन आम आदमी को उंगली उठाने का मौका मिला।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# बरेली पहुंची दिव्या पी. गंगवार - प्रदीप सिंह पटेल, नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद





**सामाजिक एकता का संदेश देता आयोजन, सपा महिला राष्ट्रीय सचिव शामिल हुईं दिव्या पी. गंगवार रहीं विशेष आकर्षण**
**कुर्मी क्षत्रिय सभा का 18वां सामूहिक विवाह समारोह, नवदंपतियों ने थामा जीवन का नया हाथ**
**सादगी, सामाजिक एकता और सहयोग की मिसाल बना आयोजन बड़ी संख्या में लोगों ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद**

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

पीलीभीत। जनपद बरेली में कुर्मी क्षत्रिय सभा द्वारा आयोजित 18वां सजातीय सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक एकता, सहयोग और पारिवारिक मूल्यों की एक सशक्त मिसाल बनकर सामने आया। कार्यक्रम में अनेक जोड़ों ने एक साथ वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की, जहां पूरे वातावरण में उत्साह, सादगी और पारंपरिक संस्कारों की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

सुबह से ही आयोजन स्थल पर तैयारियों का दौर जारी था। वैवाहिक रस्मों की शुरुआत होते ही एक-एक कर वर-वधू ने सात फेरों के साथ जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पुष्पवर्षा कर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सामाजिक समरसता का मजबूत संदेश

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में सामूहिक विवाह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी बन चुका है। ऐसे कार्यक्रम जहां आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहारा बनते हैं, वहीं समाज में समानता, सहयोग और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान यह भी कहा गया कि जब समाज मिलकर ऐसे आयोजनों को आगे बढ़ाता है, तो न केवल परिवारों का बोझ कम होता है, बल्कि सामाजिक सौहार्द भी बढ़ता है। उपस्थित लोगों ने इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया।

### दिव्या पी. गंगवार और प्रदीप सिंह पटेल की उपस्थिति

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं बीसलपुर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी. गंगवार अपने पति प्रदीप सिंह पटेल (चेयरमैन, कला ईश फाउंडेशन) के साथ कार्यक्रम में शामिल रहीं। उनके साथ ओमपाल गंगवार, भूदेव गंगवार (प्रधान), अवी, धीरेश, मुकेश, अमित, रजनीश और राजपाल सहित कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन में आपसी समझ, विश्वास और सहयोग ही एक सफल वैवाहिक जीवन की आधारशिला है। उन्होंने सभी दंपतियों को उज्ज्वल भविष्य, सुखद दांपत्य जीवन और सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### कुर्मी क्षत्रिय सभा की भूमिका की सराहना

समारोह में कुर्मी क्षत्रिय सभा बरेली द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की खुलकर सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि संस्था लंबे समय से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय है और पटेल छात्रावास, पटेल लाइब्रेरी तथा सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को सहारा देने का कार्य कर रही है।

इन प्रयासों को समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक मजबूत कदम बताया गया, जिससे आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

### दिव्या पी. गंगवार की सामाजिक भूमिका पर चर्चा

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने दिव्या पी. गंगवार के सामाजिक कार्यों की विशेष रूप से चर्चा की। बताया गया कि वे लंबे समय से समाज सेवा, जरूरतमंद कन्याओं की सहायता, असहाय परिवारों की मदद और सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहती हैं। लोगों ने कहा कि उनके प्रयासों ने क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है और वे हर समय जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहती हैं। उनके साथ प्रदीप सिंह पटेल की सामाजिक भागीदारी भी कार्यक्रम में उल्लेखनीय रही, जिन्होंने सामाजिक कार्यों में निरंतर सहयोग का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों के साथ संवाद करते हुए उन्हें जीवन के नए सफर के लिए शुभकामनाएं दीं। उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में इस आयोजन को सफल और प्रेरणादायक बताया। कुर्मी क्षत्रिय सभा के पदाधिकारियों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। समारोह का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां हर चेहरे पर संतोष और नई शुरुआत की खुशी साफ झलक रही थी।

# पीलीभीत के मेधावियों का कमाल: 'बजट क्वेस्ट 2026' के राष्ट्रीय मंच पर चमकेंगे GMPS के चार छात्र

**कड़ी प्रतिस्पर्धा पार कर बनाई जगह, तराई क्षेत्र का बढ़ाया मान**
**प्रधानमंत्री से वर्चुअल संवाद का मिलेगा अवसर, विद्यालय में उत्साह का माहौल**





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शिक्षा के क्षेत्र में जनपद का नाम रोशन करते हुए गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल (तस्र्क्क) के चार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने 'स्र्ळ्ळ क्द्धड्डह्ल्ड्डह्ल बजट क्वेस्ट 2026' के राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाकर एक नई उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे पीलीभीत जनपद और तराई क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। लखनऊ में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य तरीके से हुआ, जिसमें प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में प्रतिभागी विद्यार्थियों को 'नए भारत के नए अर्थशास्त्री' बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के हजारों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। कई चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता में कठिन क्विज़ और शोध आधारित निबंध लेखन जैसी चुनौतियों को पार करते हुए तस्र्क्क के चार छात्रों–पार्थ अग्रवाल, अनुष्का श्रीवास्तव, रिधिमा अग्रवाल और सिद्धि सिंह देशवार–ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

कार्यक्रम का सबसे विशेष आकर्षण 13 अप्रैल को आयोजित होने वाला वह सत्र है, जिसमें चयनित छात्र देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल माध्यम से संवाद करेंगे। इस संवाद के दौरान 'विकसित भारत झ2047' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी, जो विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक अनुभव होगा। इस सफलता के पीछे विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है। पंजीकरण प्रक्रिया से लेकर आर्थिक विषयों की गहन समझ विकसित करने तक, छात्रों को निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक निशांत गोस्वामी, चेयरपर्सन डॉ. सोनिया गोस्वामी और प्रधानाचार्या जया घोष ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने सभी चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से जारी संदेश में कहा गया कि ये विद्यार्थी केवल एक संस्थान का नहीं, बल्कि पूरे जनपद की युवा शक्ति और संभावनाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# विचारों की अमर मशाल: बाबा साहेब आंबेडकर आज भी हर भारतीय के स्वाभिमान में जीवित

**संविधान के शिल्पी की जयंती पर याद किए गए उनके सिद्धांत समानता, अधिकार और न्याय की मजबूत नींव**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

14 अप्रैल 1891 को जन्मे डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर केवल एक महान व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक सशक्त विचारधारा के प्रतीक हैं, जो आज भी भारत के लोकतंत्र की आत्मा में जीवित है। उनकी जयंती के अवसर पर देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों और योगदान को स्मरण किया गया।

डॉ. आंबेडकर को 'सिंबल ऑफ नॉलेज' और 'भारत रत्न' के रूप में जाना जाता है, लेकिन उनका असली परिचय उनके द्वारा स्थापित उस व्यवस्था से है, जिसने हर नागरिक को समान अधिकार और न्याय का भरोसा दिया। वे किसी एक वर्ग, जाति या समुदाय तक सीमित नहीं रहे, बल्कि हर उस व्यक्ति के भीतर जीवित हैं, जो अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाता है और अन्याय के खिलाफ खड़ा होता है।

### महिलाओं को समान अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका

डॉ. आंबेडकर ने 'हिन्दू कोड बिल' के माध्यम से महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके प्रयासों ने भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत किया और यह संदेश दिया कि किसी भी परिस्थिति में महिलाओं की गरिमा और स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया जा सकता।

### संविधान के जरिए हर नागरिक को मिला अधिकार

भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय रही। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि अधिकार किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं होते, बल्कि हर नागरिक का हक होते हैं। यही कारण है कि आज देश का हर कानून, हर अधिकार और हर सुरक्षा व्यवस्था कहीं न कहीं उनके विचारों से ही प्रेरित है।

### संविधान–भारत की असली ताकत

डॉ. आंबेडकर का मानना था कि किसी देश की मजबूती उसकी सेना या जनसंख्या में नहीं, बल्कि उसके संविधान में होती है। भारतीय संविधान की व्यापकता और गहराई इसे विश्व के अन्य संविधानों से अलग बनाती है। यह केवल कानूनों का संग्रह नहीं, बल्कि एक जीवंत व्यवस्था है जो हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का भरोसा देती है। आज भी जीवित है बाबा साहेब का विचार आज डॉ. आंबेडकर केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे हर उस भारतीय के स्वाभिमान में धड़कते हैं, जिसने अन्याय के आगे झुकना छोड़ दिया है और सिर उठाकर जीने का संकल्प लिया है। उनकी विचारधारा एक ऐसी अमर मशाल है, जो समाज को जागरूक, सशक्त और समानता की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है। डॉ. आंबेडकर का जीवन और उनके सिद्धांत आज भी देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। यही कारण है कि वे केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक ऐसी ताकत हैं, जो हर भारतीय के भीतर जीवित है और उसे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देती है।

# श्री बालाजी महाराज के दरबार, आस्था और एकता का दिखा अद्भुत संगम

**गन्ना मिल क्षेत्र व संजय नगर में भव्य आयोजन, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल**

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

पीलीभीत। नाथ नगरी बरेली में रविवार को श्री बालाजी महाराज के भव्य दरबारों का आयोजन बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। गन्ना मिल क्षेत्र और संजय नगर में आयोजित इन धार्मिक कार्यक्रमों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रमों की शुरुआत विधिवत हवन-पूजन और आरती के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने 'जय श्री बालाजी महाराज' के जयघोष के साथ अपनी आस्था व्यक्त की। पूरे क्षेत्र में भक्ति का ऐसा माहौल देखने को मिला कि हर ओर धार्मिक उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता रहा। भक्ति के साथ सामाजिक एकता का संदेश भी इस दरबार की खास बात यह रही कि इसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हुए। किसी प्रकार का भेदभाव नज़र नहीं आया। सभी श्रद्धालु एक ही स्थान पर एक साथ बैठकर भक्ति में लीन दिखाई दिए। यह दृश्य सामाजिक एकता और समरसता का संदेश देता है।

### आस्था और रचनात्मक आयोजन ने खींचा ध्यान

श्री बालाजी नीम करोली महाराज के दरबार में आयोजित हवन-पूजन के साथ-साथ भक्ति गीतों और धार्मिक कार्यक्रमों ने भी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। महंत सभासद सेवक विशाल बिना डायरी पेन के शुरू से ही श्री बालाजी महाराज नीम करोली बाबा के मधुर मधुर भजन सुन कर लोगों को भजनों में ही विलीन देते हैं। सभी लोग भजनों पर तालियां बजाने पर मजबूर हो जाते हैं। साथी भव्य दरबार में वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और शांतिपूर्ण बना रहा। लोगों ने इसे केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मिक शांति का माध्यम बताया। दोनों स्थानों पर आयोजित दरबारों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। लोग दूर-दराज से पहुंचकर इस आयोजन में शामिल हुए और बालाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन महंत सभासद सेवक विशाल के दरबार की बढ़ती लोकप्रियता भी चर्चा का विषय रही। आयोजकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में भक्ति, सेवा और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। आस्था के साथ जिम्मेदारी का संदेश आयोजन में यह भी संदेश दिया गया कि धार्मिक कार्यक्रम केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रहें, बल्कि इनके माध्यम से समाज में सद्भाव, नैतिकता और एकता का प्रसार होना चाहिए। साथ ही यह भी जरूरी है कि आस्था के नाम पर किसी प्रकार की अव्यवस्था या अंधविश्वास न फैले। बरेली में आयोजित श्री बालाजी महाराज के ये भव्य दरबार इस बात का प्रमाण बने कि आस्था आज भी समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने की क्षमता रखती है। श्रद्धा, एकता और भक्ति से भरे इन आयोजनों ने लोगों के दिलों में नई ऊर्जा का संचार किया। आज श्री बालाजी नीम करोली धाम के इस पावन दरबार की चर्चा से कोई भी वंचित नहीं है। प्रत्येक मंगलवार को शहर के ईदगाह काशीराम कॉलोनी स्थित मंदिर पर निशुल्क दरबार लगाया जाता हैं। जो कि श्री बालाजी नीम करोली धाम प्रांगण में दोपहर 12:00 से आयोजित होता हैं।

# कागजों में अस्पताल, हकीकत में सवाल : कुंडल चोरी से लेकर धमकी तक का बवाल




- कुंडल भी गायब, इंसानियत भी लापता अस्पताल बना आरोपों का नया पता
- डीएम ने लिया संज्ञान, सीएमओ व एलआईयू को जांच के निर्देश, कार्रवाई की तैयारी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शहर का चर्चित निजी एसएस हॉस्पिटल एक बार फिर गंभीर विवादों के घेरे में आ गया है। इस बार मामला बेहद संवेदनशील है, जिसमें इलाज के दौरान एक महिला मरीज के सोने के कुंडल कथित रूप से गायब होने, शिकायत करने पर परिजनों के साथ दुर्व्यवहार और गंभीर हालत में मरीज को अस्पताल से बाहर निकालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले ने स्वास्थ्य व्यवस्था और निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सदर तहसील क्षेत्र के रम्पुरिया सिरसा निवासी राहुल ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह 10 अप्रैल की शाम अपनी बीमार मां को गंभीर हालत में एसएस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान ही उनकी मां के कानों से सोने के कुंडल कथित रूप से गायब हो गए। परिजनों ने गेट पर तैनात एक सुरक्षा कर्मी पर चोरी का संदेह जताया है। पीड़ित पक्ष का दावा है कि पूरी घटना अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड है, जिसमें संदिग्ध गतिविधियां देखी जा सकती हैं।

### डीएम ने दिए जांच के आदेश

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही एलआईयू से भी गोपनीय रिपोर्ट मांगी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक कुमार शर्मा ने कहा 'यह अभी मेरे व्हाट्सएप पर सूचना आई है। अभी मैं दफ्तर जाकर चिट्ठी बनवाकर संबंधित अस्पताल को बुलवाकर स्पष्टीकरण मांगता हूं। साथ ही जिन लोगों के साथ यह घटना हुई है, उन्हें भी बुलाया जाएगा। जो भी तथ्य सामने आएंगे, वह जांच के बाद स्पष्ट हो जाएगा। यदि किसी प्रकार की घटना या गलती पाई जाती है तो संबंधित से सामान भी वापस कराया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद एक बार फिर निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और मरीज सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का कहना है कि इलाज के दौरान इस तरह की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह व्यवस्था की बड़ी विफलता होगी। अब सभी की नजरें प्रशासन की जांच रिपोर्ट और आगे की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

### शिकायत के बाद परिजनों से दुर्व्यवहार का आरोप

राहुल का आरोप है कि जब उन्होंने इस घटना की जानकारी डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन को दी, तो उनकी शिकायत को गंभीरता से लेने के बजाय उन्हें टाल दिया गया। इसके बाद मामला और बिगड़ गया। आरोप है कि परिजनों को डराया गया और एक कमरे में बंद कर जान से मारने की धमकी तक दी गई।

### गंभीर मरीज को अस्पताल से बाहर निकालने का आरोप

सबसे गंभीर आरोप यह है कि महिला मरीज की हालत नाजुक होने के बावजूद इलाज जारी नहीं रखा गया। परिजनों का कहना है कि आईसीयू में तैनात एक कर्मी ने अपमानजनक टिप्पणी करते हुए कहा अब मरीज का समय पूरा हो गया है। इसके बाद गंभीर हालत में महिला मरीज को कथित रूप से अस्पताल से बाहर कर दिया गया, जिससे परिजन दहशत में आ गए।

### इनामी गैंगस्टर आशू पांडे पुलिस के हत्थे चढ़ा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। जनपद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। लंबे समय से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर आशू पांडे को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी से पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस टीम को लगातार सूचना मिल रही थी कि आशू पांडे क्षेत्र में सक्रिय है, लेकिन हर बार वह बच निकलता था। इस बार पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान वह बचने की कोशिश करता रहा, लेकिन पुलिस टीम ने उसे काबू में कर लिया। आशू पांडे पर गैंगस्टर एक्ट सहित कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों के लिए जाना जाता था और लंबे समय से पुलिस की सूची में वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ में उसके साथियों और पूरे गिरोह से जुड़ी अहम जानकारी मिल सकती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी को भी कानून से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही हैं।

# बैसाखी के रंग में रंगे विद्यालय, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा परिसर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद के विभिन्न विद्यालयों में बैसाखी का पर्व इस बार पूरे उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया गया। शैमरॉक किरन स्कूल और शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रमों ने पूरे परिसर को उत्सवमय माहौल में बदल दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने न सिर्फ दर्शकों का मन मोह लिया, बल्कि भारतीय संस्कृति की झलक भी पेश की। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों विद्यालयों में पारंपरिक 'इक ओंकार' की प्रार्थना से हुई, जिससे वातावरण में आध्यात्मिकता और शांति का संचार हुआ।

इसके बाद शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बैसाखी पर्व के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। बताया गया कि बैसाखी जहां फसल कटाई की खुशियों का प्रतीक है, वहीं इसी दिन वर्ष 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना भी हुई थी।

शैमरॉक किरन स्कूल में कक्षा द्वितीय के छात्र माधव मिश्रा ने बैसाखी पर प्रभावशाली भाषण देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं कक्षा 4 और 5 के विद्यार्थियों ने 'आई बैसाखी' गीत पर ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को उत्सव में बदल दिया।

दूसरी ओर शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने बैसाखी के महत्व पर अपने विचार साझा किए और भांगड़ा नृत्य की शानदार प्रस्तुति से पूरे परिसर को झूमने पर मजबूर कर दिया। रचनात्मक गतिविधियों में दिखी बच्चों की प्रतिभा कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों के लिए विशेष रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें पोस्टर मेकिंग, पिन-व्हील निर्माण, पगड़ी सज्जा, ढोलक डेकोरेशन और फिंगर टिपिंग जैसी गतिविधियों ने बच्चों की कल्पनाशक्ति को नया आयाम दिया। इन गतिविधियों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता व कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्याओं और प्रबंधन ने विद्यार्थियों को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्साह और प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से जोड़ते हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर हंसी, खुशी और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। बच्चों की मुस्कुराहट और जोश ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का समापन तालियों की गड़गड़ाहट और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी पर्व की रंगीन छटा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की दोनों शाखाओं में सोमवार को बैसाखी पर्व बड़े ही उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को पारंपरिक पंजाबी थीम के अनुरूप आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरा वातावरण त्योहार की खुशबू से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा 11 की छात्रा सिमरन कौर के नृत्य ने जहां दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं समूह नृत्य प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम में जोश और उत्साह का रंग भर दिया। नन्हें बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा द्वितीय की छात्रा जसलीन कौर ने अपनी मधुर कविता से सभी को प्रभावित किया, जबकि कक्षा चतुर्थ के छात्र आदित्य कुमार ने बैसाखी पर्व के महत्व को सरल और प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों की सहभागिता ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। शिक्षक विशाल दुआ ने अपने विचार रखते हुए बैसाखी के ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं कुशाग्र त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत गीत ने पूरे माहौल को सुरमयी बना दिया और उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं कीरत कौर और गुरसेवक सिंह ने आत्मविश्वास और प्रभावशाली अंदाज में किया।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में सपा का हल्ला बोल, बिजली घर पर धरना-प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

सोमवार को नगर में उस समय माहौल गर्मा गया जब समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग की नीतियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए स्थानीय बिजली घर पर धरना दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था को वापस लेने और पुरानी पोस्टपेड प्रणाली बहाल करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। धरने का नेतृत्व सपा नगर अध्यक्ष हाजी लाडले ने किया। बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग पर उपभोक्ताओं के साथ अनियमितता और दबावपूर्ण व्यवस्था लागू करने का आरोप लगाया। बिना सूचना रिचार्ज खत्म होते ही कट रही बिजलीः सपा का आरोप धरना स्थल पर संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष हाजी लाडले ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था आम जनता के लिए परेशानी का कारण बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं को पर्याप्त जानकारी दिए बिना मीटर लगाए जा रहे हैं और रिचार्ज खत्म होते ही अचानक बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कई उपभोक्ताओं को उनकी वास्तविक खपत से अधिक बिल भेजे जा रहे हैं, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सपा जिला सचिव तौफीक अहमद कादरी और बंटू खां ने कहा कि मौजूदा बिजली व्यवस्था पूरी तरह जनविरोधी होती जा रही है। उनका कहना था कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों के लिए प्रीपेड मीटर व्यवस्था नई मुसीबत बनकर सामने आई है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है और बिना उचित प्रक्रिया के नई व्यवस्था लागू कर रहा है। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने कई। सभी प्रीपेड स्मार्ट मीटरों को हटाकर पोस्टपेड व्यवस्था बहाल करना,शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर तारों की मरम्मत, झूलते हुए विद्युत पोलों को तुरंत ठीक करना नए कनेक्शन के लिए विशेष शिविर लगाकर जनता की सुविधा सुनिश्चित करना। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिजली विभाग के कार्यालयों के चक्कर लगाना आम उपभोक्ता के लिए परेशानी का कारण बन गया है, जिसे तुरंत खत्म किया जाना चाहिए। मौके पर पहुंचे एसडीओ, आश्वासन के बाद शांत हुआ माहौल प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई, लेकिन मौके पर पहुंचे एसडीओ मोहित गुप्ता ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मामलों के निस्तारण का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना शांत कराया गया। धरने के अंत में सपा कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आगे की जिम्मेदारी पूरी तरह बिजली विभाग की होगी। धरने में अफजल अंसारी, शहीद खां, नादिर रजा बरकाती, लल्ला भाई, मो. तालिब, अमन यादव, जाहिद खां, मो. पायीन, भूरी बेगम, कैंसरी बेगम, पुनीत वर्मा, श्यामाचरण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# गेहूं खरीद में पारदर्शिता की सख्त निगरानी, डीएम ने मंडियों में पहुंचकर लिया जायजा

## 64 खरीद केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त, 2585 रुपये प्रति कुंतल समर्थन मूल्य पर खरीद जारी

जन एक्सप्रेस । उरई



जिले में संचालित गेहूं खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारु और किसान हितैषी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जालौन एवं कोंच मंडी में स्थापित विभिन्न खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने जालौन मंडी में संचालित 08 तथा कोंच मंडी में 02 गेहूं खरीद केंद्रों का निरीक्षण करते हुए बारदाना उपलब्धता, तौल व्यवस्था, खरीद प्रक्रिया एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से परीक्षण किया।उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और तत्काल समाधान सुनिश्चित कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कुल 64 गेहूं खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि एफसीआई, पीसीएफ सहित सभी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध है और कहीं भी कमी की स्थिति नहीं है, जिससे खरीद कार्य निर्बाध रूप से जारी है। उन्होंने किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि शासन द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जो बाजार दर से अधिक है। ऐसे में किसान सीधे सरकारी खरीद केंद्रों पर अपनी उपज बेचकर उचित मूल्य प्राप्त करें और बिचौलियों से बचें। जिलाधिकारी ने एक किसान की ट्रॉली की अनलोडिंग प्रक्रिया का भी अवलोकन किया और किसानों से बातचीत कर उनकी संतुष्टि का आकलन किया। किसानों द्वारा व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसी प्रकार की व्यवस्था निरंतर बनाए रखें।जिलाधिकारी ने कहा कि खसरा अभिलेखों में पूर्व में पाई गई त्रुटियों को शासन स्तर पर दुरुस्त कर दिया गया है, जिससे खरीद प्रक्रिया पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। किसान अब अपनी फार्मर रजिस्ट्री एवं पहचान पत्र के आधार पर आसानी से गेहूं बेच सकेंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीद केंद्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उप जिलाधिकारियों सहित समस्त जिम्मेदार अधिकारियों को सक्रिय रूप से तैनात किया गया है, ताकि हर केंद्र पर सुचारु व्यवस्था बनी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों को बिना किसी असुविधा के उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर उपलब्ध कराना है। इसके लिए निरंतर निरीक्षण एवं प्रभावी निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल (जालौन), उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह (कोंच), नायब तहसीलदार रोहन पंथ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

उरई। कोतवाली के ग्राम करसान में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। शहर कोतवाली क्षेत्र के करसान मोहल्ले में रविवार शाम एक 21 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान सकीना के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, डिलीवरी के बाद से ही उसकी तबीयत ठीक नहीं चल रही थी। रविवार शाम अचानक उसकी हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि सकीना का मायका हमीरपुर जिले के मौदहा थाना क्षेत्र के राहिल गांव में है। उसके पिता रहीमुद्दीन के अनुसार, उन्होंने अपनी बेटी की शादी वर्ष 2024 में करसान निवासी चमन मंसूरी से की थी। शादी के बाद सकीना को एक चार माह का पुत्र भी हुआ था। मौत के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी। फिलहाल परिजनों की ओर से इस संबंध में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं, मौके पर ही दिए निस्तारण के निर्देश



जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में सुबह से ही जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, नगर निकाय एवं अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए निर्धारित समयसीमा में उसका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन प्रकरणों में मौके पर जाकर जांच की आवश्यकता है, उनमें संबंधित अधिकारी स्वयं स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करें और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि लंबित प्रकरणों में अनावश्यक विलंब करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जनसुनवाई के दौरान कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिससे फरियादियों ने संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे जनशिकायतों की नियमित समीक्षा करें और प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखें।

# डीएम की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य योजना की बैठक आयोजित



जन एक्सप्रेस । हरदोई

प्रधानमंत्री सूर्य योजना की समीक्षा बैठक डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति में हो रही देरी और लापरवाही पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई।

डीएम ने अग्रणी बैंक प्रबंधक (एलडीएम) को निर्देश दिए कि ऋण स्वीकृत करने में लापरवाही बरतने वाली बैंकों की सूची उपलब्ध कराई जाए और संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजना का लाभ समय से पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए, इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सोलर पैनल से संबंधित शिकायतों, जैसे वोल्टेज कम आने आदि समस्याओं पर भी चर्चा की गई।डीएम ने निर्देश दिए कि विद्युत विभाग और संबंधित वेंडर ऐसी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण करें।बैठक में एसडीएम पूनम भास्कर, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित विद्युत विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधुत लाइन से निकली चिंगारी ने दो वीघा खेत में खड़ी फसल को किया तबाह

उरई। सिरसा कलार थाना क्षेत्र में खेत के ऊपर से निकली जर्जर विद्युत लाइन से निकली चिंगारी ने खेत में खड़ी फसल को तबाह कर दिया। सिरसा कलार निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र सेवा राजौरिया की शादी आगामी 25 अप्रैल को तय है। घर में मेहमानों का आना-जाना शुरू हो चुका था और पूरे गांव में शादी के कार्ड बांटे जा चुके थे। सुरेंद्र और उसका परिवार इस उम्मीद में था कि फसल कटते ही अनाज बेचकर और घर में अन्न का भंडार भरकर धूमधाम से विवाह संपन्न होगा। बताया जा रहा है कि 11 अप्रैल की शाम लगभग 5 बजे, खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों में हुए शॉर्ट सर्किट से अचानक चिंगारी से खेत में आग लग गई। देखते ही देखते इस चिंगारी ने 2 बीघा खेत को अपनी आगोश में ले लिया। सेवा राजौरिया के पास महज यह 2 बीघा ही जमीन है और उनके चार बेटे वृंदावन, मुकेश, वीरेंद्र और सुरेंद्रदिन-रात मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पीड़ित सुरेंद्र ने रुंधे गले से बताया कि फसल पूरी तरह पक कर तैयार

# चिट फंड रजिस्ट्रार कार्यालय में सुनवाई अधूरी, डीआईओएस पर अवैध चुनाव कराने के आरोप

## जालौन में गरमाया अंबेडकर इंटर कलेज का विवाद, जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग

जन एक्सप्रेस । उरई



जालौन में डॉ. अम्बेडकर इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर विवाद गहरा गया है। पूर्व प्रबंधक सीमा सिंह ने आरोप लगाया है कि मामला रजिस्ट्रार, फर्म एवं सोसायटी, झांसी में लंबित होने के बावजूद डीआईओएस कूटरचित साधारण सभा सूची के आधार पर अवैध चुनाव कराने की कोशिश कर रहे है। पूर्व प्रबंधक एवं संस्था की साधारण सभा की आजीवन सदस्य श्रीमती सीमा सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि डीआईओएस कूटरचित साधारण सभा सूची के आधार पर चुनाव करा रहे हैं, जबकि यह मामला रजिस्ट्रार, फर्म एवं सोसायटी, झांसी के यहाँ लंबित है। श्रीमती सीमा सिंह ने बताया कि उन्होंने 28 फरवरी 2026 को रजिस्ट्रार कार्यालय में आपत्ति दर्ज कराई थी, जिस पर 8 अप्रैल 2026 को सुनवाई हुई। सुनवाई पूर्ण न होने के कारण रजिस्ट्रार ने अगली तारीख 22 अप्रैल 2026 निर्धारित की है। इसके बावजूद विपक्षी पक्ष प्रधानाचार्य राजेश कुमार, प्रबंधक सुरेश चंद्र त्रिवेदी, अध्यक्ष काशीप्रसाद जाटव, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार जाटव व अन्य ने डीआईओएस से मिलीभगत कर कूटरचित सूची से एक सप्ताह के भीतर अवैध चुनाव कराने की साजिश रची है। कहना है कि वर्ष 2018-19 में प्रबंधक द्वारा रजिस्ट्रार कार्यालय में जो पंजीकृत साधारण सभा सूची है, उससे चुनाव कराए जाएं, न कि विवादित सूची से चुनाव कराए जाएं। उन्होंने जिलाधिकारी से निवेदन किया है कि रजिस्ट्रार के यहाँ सुनवाई पूर्ण होने तक डीआईओएस द्वारा कराए जा रहे अवैध प्रबंध समिति चुनाव पर रोक लगाई जाए। स्थानीय लोगों में इस कार्रवाई को लेकर रोष है। उनका कहना है कि जब एक नियामक प्राधिकरण (रजिस्ट्रार) के यहाँ मामला विचाराधीन है, तो डीआईओएस को चुनाव कराने की जल्दी क्यों है? इससे शैक्षणिक संस्थानों में पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। प्रार्थिनी ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर न्याय की गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

जन एक्सप्रेस । हरदोई



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए गए।

डीएम ने निर्देश दिए कि चिन्हित क्रिटिकल कॉरिडोरों और क्रैश-प्रोन लोकेशनों पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रभावी और सुरक्षित उपाय सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही जिन स्थानों पर फ्लाईओवर निर्माणाधीन हैं, वहां सर्विस लेनों पर गड्ढों को भरकर तत्काल बिटुमिनस कार्य कराया जाए और सड़कों को पैचरहित रखा जाए।बैठक में आरटीओ को निर्देशित किया गया कि नगर एवं अन्य मार्गों पर संचालित ई-रिक्शा और बसों पर वाहन संख्या, मार्ग विवरण सहित क्यूआर कोड अनिवार्य रूप से चस्पा कराया जाए। ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनका पंजीकरण निरस्त करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा सभी स्कूल बसों की फिटनेस जांच सुनिश्चित करने और बिना पंजीकरण वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया।डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिए कि निर्धारित स्थानों पर वेंडिंग जोन का निर्माण शीघ्र कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्राइवेट बसों का संचालन नगर के बाहर निर्धारित स्थानों से ही किया जाए।सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।बैठक में एडीएम (न्यायिक) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, एआरटीओ, ईओ, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सैय्यद वाड़ा में अपात्रों को पीएम आवास आवंटित, मुख्यमंत्री से शिकायत

जन एक्सप्रेस/शाहाबाद। प्रधानमंत्री आवास योजना में कमीशन बाजी और धांधली की शिकायत कम होने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही हैं। सभासद, डूडा कर्मचारी और लेखपालों की तिकड़ी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का बंटाधार करने पर तुली हुई है। मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के शाहाबाद विधानसभा अध्यक्ष राजीव नयन दीक्षित ने कहा है बड़ी संख्या में शाहाबाद नगर क्षेत्र में मिली भगत के चलते अपात्रों को पात्र दर्शाकर प्रधानमंत्री आवास आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया जिनके दो मंजिल मकान बने हैं और 10 से 20 बीघा खेत का मालिकाना हक रखते हैं और अच्छा खासा व्यापार भी है, ऐसे लोगों को कमीशन बाजी के चलते पात्र दर्शाकर प्रधानमंत्री आवास आवंटित कर दिया गया। जबकि इसके ठीक विपरीत आवास विहीन गरीब दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। उन्होंने नगर पालिका के वार्ड सैय्यद वाड़ा का जिक्र करते हुए कहा इस

# सवायजपुर पुलिस ने लूट के मामले में वांछित आरोपी को कार सहित किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई।सवायजपुर थाना पुलिस ने गंगा एक्सप्रेस-वे सर्विस लेन पर हुई लूट की वारदात का सफल अनावरण करते हुए एक और अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार, बीती 3 अप्रैल को हरपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंचागांव निवासी राजवीर अपने भाई सोमपाल और साथी श्यामपुर गांव निवासी सुंदरम के साथ एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर आभूषण गिरवी रखने शाहाबाद जा रहे थे। रास्ते में सैंदापुर गांव के सामने गंगा एक्सप्रेस-वे सर्विस लेन पर कार और बाइक सवार चार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने असलहे के बल पर डरा-धमका कर उनके आभूषण और तीन मोबाइल फोन लूट लिए और फरार हो गए। इस संबंध में थाना सवायजपुर में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने सोमवार को थाना शाहाबाद के कामीपुर गांव निवासी कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूट में इस्तेमाल की गई सफेद रंग की कार बरामद हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीती 6 अप्रैल को सुंदरम, सत्यम उर्फ जयेंद्र प्रताप सिंह तथा पंकज को गिरफ्तार कर लिया था। इनके पास से पुलिस ने लूटा गया एक मोबाइल फोन, 2500 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल पहले ही बरामद कर ली थी।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विरोध में बिजली उपभोक्ताओं ने दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । जालौन

एक ओर सरकार उपभोक्ता की अनुभूति के बगैर स्मार्ट प्री पेड मीटर नहीं लगाए जाने की घोषणा कर रही है। तो दूसरी ओर बिजली निगम स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवा रहा है। जबरन लगाए जा रहे मीटरों पर रोक लगवाने व लम्बे समय से बंद साइट को चालू कराने की मांग को लेकर सभासद के नेतृत्व में नगर के लोगों ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को संबोधित ज्ञापन मांग पत्र नायब तहसीलदार तारा शुक्ला को सौंपा है। नगर के वार्ड संख्या आठ मोहल्ला शाहगंज, तोपखाना, खटीकान से सभासद रीना देवी के नेतृत्व में बिजली उपभोक्ताअ गोल्डी अवस्थी, अशफाक राईन, नफीस खान, सूरज प्रजापति, रहीसा बेगम, सकीरा, आयशा, अनीशा, फातमाने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री भारत सरकार, नई दिल्ली को संबोधित मांग पत्र नायब तहसीलदार तारा शुक्ला को सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जनपद में कई जगह बिजली निगम द्वारा बिना उपभोक्ता की सहमति एवं अनुमति के घर-घर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं। जबकि द्वारा सदन में यह कहा गया है कि किसी भी उपभोक्ता के घर जबरन स्मार्ट या प्रीपेड मीटर नहीं लगाया जाएगा। इसके बावजूद विभाग द्वारा जनता की इच्छा के विरुध्द्ध यह कार्य किया गया है, जिससे आम जनता विशेषकर गरीब, मजदूर और मध्यम वर्ग के लोग अत्यंत परेशान और दुखी हैं। प्रीपेड मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं को अधिक बिल आने की शिकायतें मिल रही है, जिसके कारण लोग बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। जानकारी मिली है कि सबंधित बेवसाइट भी लंबे समय से बंद चल रही है, जिसके कारण उपभोक्ता अपने कनेक्शन को पोस्टपेड में परिवर्तित कराने की प्रक्रिया भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। गर्मी के मौसम में बिजली कट जाने के कारण बच्चों व बुजर्गों को परेशानी हो रही है। जनहित में जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर की प्रक्रिया को तत्काल रूकवाया जाने एवं उपभोक्ताओं को पोस्टपेड मीटर का विकल्प उपलब्ध कराने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई।

### जुकाम में खुद से एंटीबायोटिक लेना पड़ सकता है भारी

अलीगढ। मौसम बदलते ही सर्दी, खांसी और जुकाम होना आम बात है, लेकिन ऐसे में बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक लेना एक खतरनाक आदत बनती जा रही है। कई लोग डॉक्टर के पास जाने के बजाय घर में बची पुरानी दवाइयों का इस्तेमाल कर लेते हैं या मेडिकल स्टोर से सीधे एंटीबायोटिक खरीद लेते हैं, जो कि सेहत के लिए गंभीर नुकसान का कारण बन सकता है। यह समझना बेहद जरूरी है कि ज्यादातर सर्दी-जुकाम और खांसी वायरस के कारण होते हैं, जबकि एंटीबायोटिक दवाइयां केवल बैक्टीरिया पर असर करती हैं, इसलिए इनका सेवन न तो बीमारी को जल्दी ठीक करता है और न ही लक्षणों में राहत देता है। बिना जरूरत एंटीबायोटिक लेने से शरीर में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस विकसित हो सकता है, जिसमें बैक्टीरिया इतने मजबूत हो जाते हैं कि भविष्य में जरूरत पड़ने पर दवाइयां असर करना बंद कर देती हैं।

# हरदोई में गैंगस्टर पर बड़ी कार्रवाई : सवा दो करोड़ की अबैध संपत्ति कुर्क

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई में अपराधियों के खिलाफ मुख्यमंत्री की %जीरो टॉलरेंस% नीति के तहत सोमवार को पुलिस और प्रशासन ने बड़ी संयुक्त कार्रवाई की। बिजली के तार चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के सरगना धीरज गुप्ता द्वारा अपराध से अर्जित ?2.25 करोड़ की अवैध संपत्ति को डीएम के आदेश पर कुर्क कर लिया गया। थाना कोतवाली शहर पुलिस ने लखनऊ मुख्य मार्ग पर स्थित अभियुक्त के आलीशान दो मंजिला भवन पर ढोल-नगाड़ों के साथ मुनादी कराते हुए जब्ती की कार्यवाही की।

जांच में सामने आया कि अभियुक्त धीरज गुप्ता निवासी काईमऊ अपने साथियों विशाल और प्रदीप के साथ मिलकर सरकारी बिजली लाइनों से केबल चोरी कर ऊंचे दामों पर बेचता था। इसी काली कमाई से उसने करोड़ों का साम्राज्य खड़ा किया था।गिरोह की सक्रियता को देखते हुए इनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था।विवेचना में पुष्टि हुई कि अभियुक्त की संपत्ति पूरी तरह अवैध कार्यों से अर्जित धन से बनाई गई थी।?नायब तहसीलदार और पुलिस टीम ने ग्राम बम्हनाखेड़ा स्थित 0.1135 हेक्टेयर में इस दो मंजिला मकान को धारा 14(1) के तहत सील कर दिया।कुर्की के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और मुनादी के जरिए क्षेत्र में अपराधियों को कड़ा संदेश दिया गया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को किया संबोधित

जन एक्सप्रेस | आजमगढ़



मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विज्ञान भवन, दिल्ली में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने बैसाखी के शुभ अवसर पर और देश के विभिन्न हिस्सों में नव वर्ष समारोह से पूर्व संबोधित करते हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। श्री मोदी ने कहा, भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक लेने जा रहा है, एक ऐसा निर्णय जो नारी शक्ति को समर्पित है। उपरोक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के कुशल निर्देशन में कलेक्टेऊेट सभागार आजमगढ़ में भव्यतापूर्ण किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, सीडीपीओ एवं भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं। मा0 प्रधानमंत्री ने इस क्षण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के निकट है, जो अतीत के विजन और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। सामाजिक न्याय के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि देश एक समतावादी भारत की कल्पना करता है, जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा नहीं बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग है। मा0 प्रधानमंत्री ने कहा, राज्य विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक, दशकों की प्रतीक्षा अब समाप्त होने वाली है। मा0 प्रधानमंत्री ने वर्ष 2023 में नए संसद भवन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने का स्मरण करते हुए कहा कि इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया था और सभी दलों ने इस बात पर सहमति जताई थी कि इसे हर हाल में 2029 तक क्रियान्वित किया जाना चाहिए। मा0 प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समय पर लागू किया जाना चाहिए ताकि महिलाओं की भागीदारी से हमारा लोकतंत्र सुदृढ़ हो। इसके लिए संसद के बजट सत्र का विशेष सत्र 16 अप्रैल से आरंभ होगा। उन्होने कहा कि हमारा प्रयास और प्राथमिकता यह है कि यह कार्य संवाद, सहयोग और भागीदारी के माध्यम से पूरा किया जाए, जिससे संसद की गरिमा बढ़ेगी। इस मुद्दे पर महिलाओं के बीच व्याप्त राष्ट्रव्यापी उत्साह की सराहना करते हुए मा0 प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भर की महिलाएं विधानसभाओं और लोकसभा तक पहुंचने की अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त कर रही हैं। उनके सपनों को नई उड़ान मिली है और देश में सकारात्मक माहौल का निर्माण हुआ है। प्रधानमंत्री ने सभी महिलाओं से इस पूरी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी बनाए रखने और अपने सांसदों से मिलकर अपने विचार और अपेक्षाएं साझा करने का आग्रह किया। मा0 प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान सभा तक महिलाओं के योगदान का उल्लेख करते हुए स्वतंत्र भारत की नींव रखने में नारी शक्ति की असीम भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रतिनिधित्व के अवसर प्राप्त करने वाली महिलाओं ने राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में राष्ट्रपति से लेकर वित्त मंत्री तक, महिलाएं इतने महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं। श्री मोदी ने कहा, ''राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक, जहां भी महिलाएं रही हैं।

## एसजेपीयू व एएचटी की मासिक समीक्षा एवं समन्वय गोष्ठी सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | आजमगढ़

पुलिस लाइन्स, आजमगढ़ स्थित सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात)/नोडल अधिकारी थाना ए.एच.टी./एसजेपीयू के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी सदर की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई व थाना ए.एच.टी. की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के चिकित्सा विभाग, किशोर न्याय बोर्ड, अभियोजन शाखा, सीडब्ल्यूसी, चाइल्ड लाइन, वन स्टॉप सेंटर, आरपीएफ, जीआरपी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के प्रतिनिधि, जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारीगण तथा एएचटी के प्रभारी निरीक्षक मय कर्मचारीगण एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों एवं विवेचकों द्वारा कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस

जन एक्सप्रेस | आजमगढ़




आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के टीईटी अनिवार्यता के विरोध में संघर्ष के लिए एकजुट शिक्षक संगठनों के बने मोर्चे - अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर जिले भर के शिक्षकों ने मसाल जुलूस निकाला। यह मसाल जुलूस डीएवी इंटर कॉलेज के पास स्थित गांधी तिराहे से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट चौराहे पर जाकर समाप्त हुआ।

इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले भर से आए शिक्षकों ने सरकार से आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को राहत देने की मांग की। इसके लिए प्रदेश भर के शिक्षक संगठनों ने मिलकर महासंघ का गठन किया है,

माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के जिला अध्यक्ष और इस महासंघ के आजमगढ़ इकाई के मुख्य जिलासंयोजक सुशील कुमार ने कहा कि पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर नई शर्तें थोपना न्यायोचित नहीं है।टीईटी की अनिवार्यता समाप्त होनी। उत्तर प्रदेशीय प्रारंभिक शिक्षक समिति के जिला अध्यक्ष और महासंघ के जिलासंयोजक डॉ0 राम उजागिर शुक्ल ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए महत्वपूर्ण है।आज हम सब ने मशाल जलाकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है, जिससे टेट की अनिवार्यता को समाप्त किया जा सके।

टीएससीटी आजमगढ़ इकाई के जिलाअध्यक्ष और महासंघ के जिलासंयोजक दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि हम सब मिलकर मशाल से लेकर न्यायालय तक लड़ाई जारी रखेंगे,और शिक्षकों को इस काले कानून से मुक्ति दिलाकर दम लेंगे। अटेवा आजमगढ़ के जिला अध्यक्ष और महासंघ के जिला संयोजक सुभाष चन्द यादव ने बताया कि आज तो हमने मसाल जुलूस निकालकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो हम अगले महीने में लखनऊ में एक बड़ी रैली भी करेंगे।

माध्यमिक शिक्षक संघ एकजूट के प्रदेशीय मंत्री बिरजू सरोज तथा अटेवा के जिला उपाध्यक्ष सीपी यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# बिजली विभाग की लापरवाही ने बुझा दी मासूम की जिंदगी

जन एक्सप्रेस | ठूठीबारी/महराजगंज



कोतवाली क्षेत्र के तुरकहिया गांव में बिजली विभाग की कथित लापरवाही ने एक मासूम की जिंदगी छीन ली। 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए नौ वर्षीय आर्यन उर्फ प्रशांत यादव ने 13 दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद रविवार शाम बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में दम तोड़ दिया। घटना से गांव में शोक की लहर है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तुरकहिया निवासी मनोज यादव का पुत्र आर्यन 30 मार्च को घर के सामने स्थित एक मकान की छत पर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन तत्काल उसे इलाज के लिए गोरखपुर ले गए, जहां 13 दिनों तक इलाज के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। आर्यन जुड़वा संतानों में से एक था। उसकी बहन अनुप्रिया के साथ उसका गहरा लगाव पूरे गांव में चर्चा का विषय था। दोनों हमेशा साथ रहते और खेलते थे। आर्यन की असमय मौत से हर आंख नम है। वह ठूठीबारी स्थित स्वामी विवेकानंद इंटरमीडिएट कॉलेज में कक्षा एक का छात्र था। स्कूल परिवार भी इस घटना से गहरे शोक में डूबा हुआ है।

घटना के बाद तुरकहिया, चटिया और नौनिया समेत आसपास के गांवों में मातम पसरा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि आबादी के बेहद करीब से गुजर रही हाईटेंशन लाइन पहले से ही खतरा बनी हुई थी, लेकिन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

इस मामले में विद्युत विभाग के एसडीओ नैयर अनवर ने बताया कि परिजनों की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मामले को संज्ञान में लेते हुए क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फार्म-44 भरकर विद्युत सुरक्षा निदेशालय को भेजा जाएगा, जिसके बाद सर्वे कर रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी। लगभग एक माह में परिजनों को मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## पंचायत मतदाता सूची का जनसामान्य के लिये 22 को होगा अन्तिम प्रकाशन

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उ.प्र. लखनऊ की संशोधित अधिसूचना द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतो की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण कराये जाने हेतु समय सारिणी जारी की गयी है। उन्होने बताया है कि दिनांक 21 अप्रैल तक मतदाता सूचियो की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदात सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने आदि किये जायेगें। 22 अप्रैल को निर्वाचक नामावलियों का जन सामान्य के लिये अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसो में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेगें तथा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

# अधिवक्ता से दुर्व्यवहार पर बवाल, पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग तेज

जन एक्सप्रेस | नौतनवा/महराजगंज



नौतनवा तहसील क्षेत्र में अधिवक्ता के साथ कथित दुर्व्यवहार का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। घटना को लेकर अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है।

मिली जानकारी के अनुसार, 9 अप्रैल 2026 की सुबह लगभग 9ऱ30 बजे अधिवक्ता रामरतन यादव अपने दिव्यांग चाचा को इलाज के लिए दोपहिया वाहन से संपत्तिहां बाजार ले जा रहे थे। इसी दौरान संपत्तिहां पुलिस चौकी पर तैनात कुछ पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया और कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय अधिवक्ताओं में रोष फैल गया। सोमवार को बड़ी संख्या में अधिवक्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मामले में त्वरित हस्तक्षेप की मांग की। इसके पश्चात अधिवक्ताओं ने तहसीलदार नौतनवा और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला समेत अन्य अधिवक्ताओं ने कहा कि एक अधिवक्ता के साथ इस प्रकार का व्यवहार अस्वीकार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो अधिवक्ता समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न होने की स्थिति में आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# सुरक्षा चक्र का विस्तार: एसपी ने 17 नई पीआरवी वाहनों को दिखाई हरी झंडी

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जनपद की सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को हाईटेक बनाने की दिशा में सोमवार को पुलिस लाइन में एक बड़ा कदम उठाया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने 17 नए डायल-112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन आधुनिक चारपहिया वाहनों ( पीआरवी ) के शामिल होने से अब जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पुलिस की पहुँच और भी तेज होगी। ?एसपी दीपक भूकर ने बताया कि जनपद की भौगोलिक स्थिति और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए यह रणनीति बनाई गई है। कुल 17 वाहनों में से 09 वाहनों को प्रतिस्थापन योजना के तहत शामिल किया गया है, जो उन पुरानी गाड़ियों की जगह लेंगे जो अपनी समय सीमा पूरी कर कंडम हो चुकी थीं। वहीं 08 अतिरिक्त नए वाहन जिले के महत्वपूर्ण और संवेदनशील थानों को दिए गए हैं। ?सुरक्षा के लिहाज से 8 नवीन वाहन ?कोतवाली नगर, लालगंज, कुण्डा, ?पट्टी, बाघराय, ?देल्हूपुर, फतनपुर और जेठवारा थाने को मिले हैं। ?कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा हमारा लक्ष्य इवेंट रिस्पॉन्स टाइम में कमी लाना है। पीड़ित या कॉलर को कम से कम समय में पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। भविष्य में भी कंडम वाहनों को बदलने की प्रक्रिया जारी रहेगी ताकि जन-सुरक्षा के मानकों से कोई समझौता न हो। उन्होंने बताया कि आपातकालीन सूचना मिलते ही पुलिस बिना देरी घटनास्थल पर पहुँचेगी। साथ ही थाना मोबाइल यूनिट और डायल-112 के बीच तालमेल और अधिक सटीक होगा। जिससे सघन गश्त और फुट पेट्रोलिंग से अपराधियों में खौफ पैदा होगा। ?इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशांत राज, डायल-112 प्रभारी दौलत यादव और प्रतिसार निरीक्षक राजीव राय समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अंत में एसपी ने पुलिसकर्मियों को जनसेवा के प्रति संवेदनशील और निष्ठावान रहने के कड़े निर्देश दिए।

## श्रीरामचरितमानस के एक चौपाई से जीवन होता है सार्थक: महंत राजू

**आजमगढ़।** श्री बालाजी ट्रस्ट सेवा समिति, आजमगढ़ की ओर से आयोजित रामायण महोत्सव का आयोजन नगर के हरिऔध कला भवन के सभागार में संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ एडीएम (वित्त एवं राजस्व) गंभीर सिंह, समाजसेवी डॉ. विशाल जायसवाल, डॉ. अमित सिंह, कौशलेंद्र सिंह, विनीत सिंह रिशु, जनार्दन सिंह, शशि प्रकाश सिंह 'मुन्ना' व संतोष सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। रामायण महोत्सव को संबोधित करते हुए अयोध्या धाम हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास जी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और इन्हें वर्ष में एक बार नहीं बल्कि बार-बार आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि श्रीरामचरितमानस की एक चौपाई भी जीवन में उतार ली जाए तो जीवन सार्थक हो जाता है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि बागेश्वर धाम सरकार का आगमन शीघ्र ही आजमगढ़ में होने वाला है।

# इनामिया अपराधियों को दबोचने वाले पुलिसकर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सोमवार को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित और इनामिया अपराधियों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली टीम के अदम्य साहस की सराहना करते हुए एसपी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ?पुलिस कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि अपराध मुक्त जनपद बनाने के अभियान में पुलिसकर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य कर रहे हैं। विशेष रूप से गैंगस्टर एक्ट के शातिर वांछित और इनामिया अभियुक्तों की त्वरित एवं प्रभावी गिरफ्तारी करने वाली टीम ने पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। ?सराहनीय कार्य के लिए एसपी द्वारा ?फतनपुर थाने पर तैनात उप-निरीक्षक संतोष कुमार, कांस्टेबल सुशील कुमार, रुद्रांश चौबे एवं संग्रामगढ़ थाने पर तैनात उपनिरीक्षक उमाशंकर सिंह व कांस्टेबल रामनरेश जाट के साथ ही कोहड़ौर थाने पर तैनात सिपाही अजय गौड़ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ?सम्मान समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी सम्मानित पुलिसकर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार की निष्ठा, साहस और तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने जोर दिया कि अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की यह जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी, ताकि आम जनमानस में सुरक्षा का भाव और अधिक सुदृढ़ हो सके।

# दिव्यांगजन पुनर्वासन के लिए 7 योजनाओं पर अनुदान, 15 मई तक करें आवेदन

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में सोमवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता प्रदान किए जाने हेतु कार्यकारी आदेश एवं दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पात्र संस्थाओं से अनुदान प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत कुल 7 प्रकार की परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों के संचालन हेतु अनुदान दिया जाएगा। इनमें अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, प्री-प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी स्तर के विशेष विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल स्तर तक के विद्यालय, हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालय, कौशल विकास कार्यक्रम तथा पाठ्य सामग्री विकास एवं पुस्तकालय संचालन शामिल हैं। उन्होने बताया है कि केवल वे स्वैच्छिक संस्थाएं आवेदन कर सकेंगी जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अंतर्गत पंजीकृत हों तथा संबंधित क्षेत्र में कार्य का अनुभव रखती हों। इच्छुक संस्थाएं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट से योजना से संबंधित दिशा-निर्देश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि अनुदान प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई 2026 निर्धारित की गई है। संस्थाओं को अपने प्रस्ताव संबंधित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने होंगे। इसके पश्चात जिला स्तर से प्रस्तावों को जिलाधिकारी की संस्तुति के साथ 31 मई तक निदेशालय भेजा जाएगा।

उन्होंने बताया कि अनुदान प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई 2026 निर्धारित की गई है। संस्थाओं को अपने प्रस्ताव संबंधित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने होंगे। इसके पश्चात जिला स्तर से प्रस्तावों को जिलाधिकारी की संस्तुति के साथ 31 मई तक निदेशालय भेजा जाएगा।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में अभियुक्ता गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़।** जिले की जेठवारा थाने की पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित चल रही एक महिला अभियुक्ता को सोमवार को उसके घर से गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 10 अप्रैल को सरियापुर नौबस्ता में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के भाई ने आरोप लगाया था कि ममता गौतम और उसके दो अज्ञात साथियों द्वारा लगातार प्रताड़ित करने और उकसाने के कारण उसके भाई ने यह आत्मघाती कदम उठाया। जिसके बाद पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ सदर करिश्मा गुप्ता के पर्यवेक्षण में वांछितों की तलाश हेतु टीम गठित की गई थी।

# सदर विधायक ने दो प्रमुख सड़क के निर्माणकार्य का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिले की सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली दो महत्वपूर्ण सड़कों की बदहाली अब दूर होने वाली है। सोमवार को सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने क्षेत्र के दो प्रमुख सड़क मार्गों के पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण कार्य का विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। बता दें कि कोहड़ौर से चन्दौका होकर पड़ोसी जनपद अमेठी को जोड़ने वाली यह सड़क सामरिक और व्यावसायिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। लंबे समय से क्षेत्रीय ग्रामीण इस मार्ग के दुरुस्तीकरण के साथ ही चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि इस मार्ग के चौड़े हो जाने से न केवल प्रतापगढ़ बल्कि पड़ोसी जनपदों के बीच आवागमन भी सुगम हो जाएगा। ?इस मार्ग की महत्ता को देखते हुए विधायक ने कहा कि इस मार्ग पर दर्जनों शिक्षण संस्थान स्थित हैं। सड़क बनने से हजारों छात्र-छात्राओं को जर्जर रास्ते और धूल से मुक्ति मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क से रोजाना सैकड़ों गांवों के लोगों का आना-जाना होता है। चौड़ीकरण के बाद दुर्घटनाओं में कमी आएगी और समय की बचत होगी। किशुनगंज और कांधरपुर जैसे स्थानीय बाजारों में व्यापार को गति भी मिलेगी। विधायक ?ने भूमिपूजन के दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों को बताया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण होगा। इस दौरान अरुण प्रताप सिंह ( विशाल ) मंडल अध्यक्ष राम प्रसाद माली, विद्यासागर शुक्ला, राजीव दुबे, राहुल, लल्लू सिंह, अमित शुक्ला उर्फ भल्लू, दुर्गेश, राजाराम वर्मा, प्रेम नारायण शुक्ल उर्फ बब्बू समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 2027 से पहले पूर्वांचल में सियासी सरगर्मी तेज
# जौनपुर बना गतिविधियों का केंद्र

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। खासकर पूर्वांचल और जौनपुर क्षेत्र में नेताओं की सक्रियता, आपसी मुलाकातें और शक्ति प्रदर्शन नई राजनीतिक संभावनाओं की ओर इशारा कर रहे हैं। विभिन्न दलों के नेता, पूर्व जनप्रतिनिधि और समाजसेवी अपने-अपने समीकरण साधने में जुटे हैं।

### राजभर से मुलाकातों ने बढ़ाया सियासी तापमान

हाल ही में ओमप्रकाश राजभर की अस्वस्थता के दौरान उनसे मिलने पहुंचे प्रमुख चेहरों में अभिषेक सिंह, धनंजय सिंह और ज्ञान प्रकाश सिंह शामिल रहे।

इन मुलाकातों को राजनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। चर्चाएं हैं कि ये केवल शिष्टाचार भेंट नहीं, बल्कि आगामी चुनावों के लिए संभावित तालमेल और रणनीति का संकेत भी हो सकती हैं। राजभर के प्रभाव वाले वोट बैंक को साधने की कोशिशें तेज होती दिख रही हैं।

### जौनपुर दौरे में गोधना बना सियासी मंच

हाल ही में ओमप्रकाश राजभर का जौनपुर दौरा भी सुर्खियों में रहा। इस दौरान वे गोधना गांव स्थित ज्ञान प्रकाश सिंह के आवास पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही और माहौल एक तरह से सम्मान समारोह जैसा दिखाई दिया। राजनीतिक जानकार इसे शक्ति प्रदर्शन और जनाधार मजबूत करने की कोशिश के रूप में देख रहे हैं।

### राज्यसभा सीट को लेकर बढ़ी हलचल

सीमा द्विवेदी की राज्यसभा सीट के निकट भविष्य में रिक्त होने की संभावना के बीच कृपाशंकर सिंह का नाम संभावित दावेदार के रूप में उभर रहा है। इसे लेकर सियासी गतिविधियां और संपर्क अभियान तेज हो गए हैं, जिससे आने वाले समय में नए समीकरण बन सकते हैं।

### धनंजय सिंह की नई रणनीति

पूर्व सांसद धनंजय सिंह को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं कि वे आगामी चुनाव में अपनी पत्नी को मैदान में उतार सकते हैं।

कानूनी परिस्थितियों के चलते यह कदम उनके राजनीतिक प्रभाव को बनाए रखने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

### समाजसेवा से राजनीति की ओर बढ़ते कदम

ज्ञान प्रकाश सिंह जैसे समाजसेवी भी अब सक्रिय राजनीति में भूमिका मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सामाजिक आधार को राजनीतिक शक्ति में बदलने की कोशिशें तेजी से हो रही हैं।

### मड़ियाहूं, जाफराबाद समेत अन्य सीटों पर बढ़ी हलचल

मड़ियाहूं विधानसभा क्षेत्र से डॉ. आरके पटेल द्वारा हाल ही में रामलीला मैदान में एक बड़ी रैली आयोजित की गई, जिसे शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। रैली में उनकी पत्नी की मंच पर मौजूदगी ने पारिवारिक राजनीतिक एंट्री की अटकलों को भी हवा दी है। वहीं जफराबाद विधानसभा सीट पर भी सियासी गतिविधियां तेज हैं। वर्तमान विधायक जगदीश नारायण राय के साथ-साथ राहुल त्रिपाठी, डॉ.अवधनाथ पाल और अजय त्रिपाठी जैसे नाम भी तेजी से उभर रहे हैं समाजवादी पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता राहुल त्रिपाठी अभी तक अपने दावेदारी काफी मजबूत बनाए रखें है संभावित गठबंधनों और सीट बंटवारे को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है, जिससे यह मुकाबला और भी दिलचस्प होता नजर आ रहा है।

# जौनपुर में गौसेवा का अनुकरणीय उदाहरण: स्नान-पूजन कर कराया अन्नप्राशन

**एडीओ पंचायत अजय मिश्रा की पहल पर गौशाला में विशेष आयोजन, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

खुटहन। विधानसभा शाहगंज के अंतर्गत मंडल खुटहन के ग्राम पंचायत पट्टी नरेंद्रपुर में गौसेवा का एक प्रेरणादायक आयोजन किया गया। ग्राम विकास अधिकारी अजय मिश्रा एवं ग्राम प्रधान के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में गौशाला में रह रहे पशुओं की विधिपूर्वक सेवा, स्नान, श्रृंगार और पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत सभी गौमाताओं को अन्नप्राशन कराकर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान गौशाला परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। पशुओं को नहलाकर उनकी साफ-सफाई सुनिश्चित की गई, साथ ही उन्हें स्वच्छ पेयजल और पौष्टिक चारा उपलब्ध कराया गया। इस पहल का उद्देश्य न केवल पशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था, बल्कि ग्रामीणों में पशु सेवा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाना रहा। एडीओ पंचायत अजय मिश्रा ने कहा कि गौसेवा सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह समाज में सेवा व समर्पण की भावना को मजबूत करती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में गौशाला की जिम्मेदारी मिलने के बाद यह प्रयास शुरू किया गया है, ताकि पशुओं को बेहतर वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने भी भाग लिया और इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गौशाला का स्वच्छ वातावरण पशुओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे भी इस प्रकार के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस अवसर पर ग्राम सभा भगासा के प्रधान राम प्रकाश दूबे, प्रधान जहांगीर पठान, समाजसेवी राणा सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों और सफाई कर्मचारियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सैकड़ों की संख्या में भूसा दान किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि गांव में एकता, सहयोग और सेवा भाव को भी नई दिशा देने वाला साबित हुआ। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस प्रकार के प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भाजपा की पहल तेज

**जौनपुर में जन-जागरण अभियान और पदयात्राओं की तैयारी**



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के प्रभावी क्रियान्वयन और उससे जुड़े आगामी कार्यक्रमों को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को विस्तार से रखा और आगामी योजनाओं की रूपरेखा साझा की।

सीमा द्विवेदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जो देश की आधी आबादी को राजनीति की मुख्यधारा में सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बताया कि संसद के प्रस्तावित विशेष सत्र (16 से 18 अप्रैल) में इस अधिनियम से जुड़ी तकनीकी बाधाओं को दूर करने पर विचार किया जाएगा। साथ ही लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 816 करने की योजना है, जिसमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकती हैं।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 2027 की जनगणना का इंतजार किए बिना, 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया शुरू करने पर मंथन चल रहा है, ताकि वर्ष 2029 के आम चुनाव में महिलाओं को आरक्षण का लाभ मिल सके। इस उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा द्वारा 15 से 17 अप्रैल तक पूरे जनपद में 'नारी शक्ति पदयात्रा' और स्कूटी रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

सीमा द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश अब 'महिला विकास' से आगे बढ़कर 'महिला नेतृत्व वाले विकास' की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और अधिकारों का सशक्त प्रतीक है। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा भी साझा की गई, जिसके तहत 14 अप्रैल को बूथ स्तर पर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे। 15 और 16 अप्रैल को 'शक्ति वंदन' पदयात्रा निकाली जाएगी, जबकि 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र के उपलक्ष्य में 'विजय उत्सव' मनाया जाएगा। इस अवसर पर टीडी कॉलेज की प्रिंसिपल अर्चना सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अधिनियम समाज में महिलाओं की भूमिका को नई ऊंचाई देगा। उन्होंने विशेष रूप से मातृशक्ति से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़कर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

साथ ही उन्होंने विपक्षी दलों से भी आग्रह किया कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस ऐतिहासिक पहल का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि यह कानून पंचायत स्तर से लेकर संसद तक महिलाओं की निर्णय लेने की क्षमता और उनकी सक्रिय भागीदारी को मजबूत करेगा, जिससे देश के समग्र विकास को नई दिशा।

### बरसठी में निकला 12 फीट लंबा अजगर, मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** बरसठी थाना क्षेत्र के पदुमपुर गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब राहुल मिश्रा के घर की सीढ़ियों पर करीब 12 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। अचानक इतने बड़े सांप को देखकर घर के लोग और आसपास के ग्रामीण दहशत में आ गए।

# आवारा पशुओं का बढ़ता आतंक: सड़कों पर जानलेवा हालात, नगर पालिका की निष्क्रियता पर उठे सवाल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शहर के विभिन्न इलाकों में आवारा पशुओं की समस्या लगातार गंभीर रूप लेती जा रही है। मोहल्ला बलोच टोला और सिपाह क्षेत्र में सुबह-शाम दूध निकालने के बाद पशुओं को खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे सड़कों पर अव्यवस्था और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार मोहल्ला बलोच टोला निवासी मोहम्मद जफरुल्लाह अपनी गायों को दुहने के बाद सड़क पर छोड़ देते हैं। इसी तरह सिपाह क्षेत्र के काशी यादव और विवेक यादव सहित कई अन्य पशुपालक भी अपने पशुओं को खुले में छोड़ देते हैं। इन पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे मुख्य सड़कों पर झुंड के रूप में गायों की आवाजाही आम बात हो गई है। दिनभर सड़कों पर घूमते ये पशु कई बार आपस में लड़ने लगते हैं, जिससे राहगीरों के घायल होने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। कई लोगों को गंभीर चोटें लगी हैं और कुछ मामलों में हाथ-पैर टूटने तक की स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या केवल कुछ क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे शहर में फैल चुकी है।

### नगर पालिका की निष्क्रियता पर सवाल

शहरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका के पास उपलब्ध कैचर वाहन होने के बावजूद उसका उपयोग प्रभावी ढंग से नहीं किया जा रहा है। पशु पकड़ने वाली गाड़ी कई बार खड़ी-खड़ी 'शो पीस' बनी रहती है, जिससे व्यवस्था पूरी तरह निष्क्रिय दिखाई देती है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि आवारा पशुओं पर तत्काल अभियान चलाया जाए और जिम्मेदार पशुपालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, अन्यथा दुर्घटनाओं की संख्या और बढ़ सकती है।

### लागू कानूनी प्रावधान

इस तरह सड़कों पर पशुओं को खुला छोड़ना और उससे आमजन की सुरक्षा खतरे में डालना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। इस संबंध में भारतीय दंड संहिता (ढ्ढक्कष्ट) की धारा 283 के तहत सार्वजनिक मार्ग पर बाधा उत्पन्न करने पर दंड का प्रावधान है।

वहीं धारा 289 ढ्ढक्कष्ट के अंतर्गत पशु मालिक की लापरवाही से किसी व्यक्ति की जान या सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होने पर कार्रवाई की जा सकती है।

इसके अलावा नगर पालिका अधिनियम के तहत स्थानीय निकाय की जिम्मेदारी होती है कि वह आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में भेजे और सार्वजनिक व्यवस्था सुनिश्चित करे। साथ ही पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत भी पशुओं की सुरक्षा और नियंत्रण से जुड़ी जिम्मेदारी तय की गई है। गौरतलब है कि नियमों के बावजूद जमीनी स्तर पर सख्ती न होने से स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, जिससे आम नागरिकों में रोष बढ़ता जा रहा है।

# मड़ियाहूं में नियमों को ठेंगा

**बिना नक्शे के खड़ा हो रहा तीन मंजिला मकान**



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

मड़ियाहूं नगर पंचायत स्थानीय कस्बे में अवैध निर्माण का खेल खुलेआम जारी है। वाराणसी रोड स्थित बिना स्वीकृत मानचित्र के एक मकान का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, जो अब तीसरी मंजिल के फाउंडेशन तक पहुंच चुका है। आरोप है कि अमरनाथ गौतम द्वारा कराया जा रहा यह निर्माण नियमों को दरकिनार कर किया जा रहा है। बगल के निवासी काली प्रसाद मोदनवाल का कहना है कि उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है और यहां तक कि एससी/एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी गई। उन्होंने बताया कि उनके घर में पानी घुसने का आरोप लगाकर विवाद खड़ा किया गया, जबकि उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है। पीड़ित द्वारा मड़ियाहूं कोतवाली और नगर पंचायत में शिकायत किए जाने के बाद मामला खुलकर सामने आया। सूचना मिलने पर नगर पंचायत की टीम मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य को रुकवाया गया,आरोप है कि कुछ समय बाद फिर से काम शुरू हो जाता है। नियमों के अनुसार किसी भी निर्माण से पहले नक्शा पास कराना अनिवार्य है, लेकिन यहां खुलेआम नियमों की अनदेखी हो रही है। बार-बार शिकायत और कार्रवाई के बावजूद निर्माण का जारी रहना नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है। यह 'रोक-टोक और फिर ढील' का खेल अब नगर पंचायत की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है। चर्चाएं हैं कि आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध निर्माण फल-फूल रहा है। इस मामले में अधिशासी अधिकारी चंदन सिंह गौड़ ने बताया कि उन्हें जानकारी है, काम रुकवा दिया गया है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अम्बेडकर जयंती पर जौनपुर में शराब की दुकानें रहेंगी बंदक्क

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिला आबकारी अधिकारी विष्णु प्रताप सिंह ने जनपद के समस्त थोक एवं फुटकर शराब अनुज्ञापियों को निर्देश जारी करते हुए अवगत कराया है कि 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सभी प्रकार की आबकारी दुकानों को बंद रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 की धारा-59 के तहत अनुज्ञापन की शर्तों में यह प्रावधान है कि विशेष अवसरों पर दुकानों का बंद रहना अनिवार्य होता है। इसी क्रम में जनपद की देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, भांग, ताड़ी की दुकानें, साथ ही सीएल-02, एफएल-02/2बी, मॉडल शॉप और बार आदि सभी प्रतिष्ठान 14 अप्रैल 2026 को पूर्णत: बंद रहेंगे। जिला आबकारी अधिकारी ने सभी संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया है कि वे विगत वर्षों की भांति इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस बंदी के लिए नियमानुसार किसी प्रकार का प्रतिफल देय नहीं होगा।

### पीडिता ने लगाया न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस। बस्ती।** गौर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म, गर्भपात कराने और मंदिर में विवाह के बाद घर से निकाल दिये जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई और अपने बेटी के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है। पत्र में पीडिता ने कहा है कि गौर थाना क्षेत्र अइलाकला गांव के ही किशन पुत्र केशवराम ने उससे जबरिया दुष्कर्म कर सम्बन्ध बनाया। पुलिस के दबाव में बैडवा समय माता मंदिर पर विवाह हुआ किन्तु अब किसन और उसके पिता केशवराम, भाई जनकराम व भाभियां उर्मिला व गुडिया आदि ने उसे बुरी तरह से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुये घर से भगा दिया। पीडिता ने दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर कार्रवाई और अपने जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।

### जिला अस्पताल के पास नवजात बच्ची का शव मिलने से सनसनी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शहर के उमानाथ सिंह जिला चिकित्सालय परिसर में सोमवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मर्चरी (लाश घर) के पीछे एक नवजात बच्ची का शव बरामद हुआ। मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना में बेदर्द परिजनों ने नवजात के शव को एक काली पन्नी में लपेटकर फेंक दिया था। सफाई कर्मी ने दी सूचना जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 11 बजे एक सफाई कर्मी मर्चरी के पिछले हिस्से की ओर गया था। वहां उसने देखा कि कुछ कुत्ते एक काली पन्नी को खींचकर उसे नोच रहे हैं। पास जाकर देखने पर उसके होश उड़ गए; पन्नी के भीतर एक दुधमुंही बच्ची का शव था। सफाई कर्मी ने तत्काल इसकी जानकारी अस्पताल प्रशासन और भंडारी चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही भंडारी चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। नवजात के शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बाबा साहब की जयन्ती पर सचिन कुमार ने किया पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस। बस्ती।** बहुजन समाज पार्टी नेता और बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र से प्रबल दावेदार सचिन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की 135 जयंती पर यही संकल्प लेना है कि समाज के सभी वर्गो को शिक्षा का समान अवसर मिले। कहा कि बाबा साहब ने शिक्षित बनो, संघर्ष करो का जो नारा दिया था वह आज भी प्रासंगिक है। आज भी शिक्षा एक बड़ी चुनौती है। विधानसभा क्षेत्र में सम्पर्क के दौरान उन्होने देखा है कि अशिक्षा आज भी कायम है। गरीबी भी बड़ी चुनौती है। उन्होने बाबा साहब की जयंती पर पौधरोपण का आवाहन किया जिससे प्रकृति सुरक्षित रहे और पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति मिले। बसपा नेता सचिन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 14 अप्रैल को बहन सुश्री मायावती के आवाहन पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समर्थक लखनऊ पहुंचेंगे।

# ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर सादे पेपर अपलोड कर किए जा रहे भुगतान का खुलासा

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

कसमंडा। विकास खंड कसमंडा में ग्राम पंचायतों के कार्यों और भुगतान में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, ब्लॉक में तैनात कई सचिवों द्वारा ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर फर्जी या सादे पेपर अपलोड कर लाखों रुपये का भुगतान किए जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों के अनुसार पूरे वित्तीय वर्ष में करोड़ों रुपये का भुगतान दर्शाया गया है, लेकिन पोर्टल पर अपलोड दस्तावेजों की जांच में पता चला कि अधिकांश दस्तावेजों मेंन कार्य का विवरण,न एमबी (मेजरमेंट बुक),न बिल वाउचर, और न ही कार्यस्थल की अनिवार्य तस्वीरें मौजूद हैं। इससे स्पष्ट होता है कि सचिवों ने ई-ग्राम स्वराज पोर्टल की पारदर्शिता व्यवस्था को दरकिनार करते हुए केवल दस्तावेज अपलोड करने की औपचारिकता निभाई, ताकि गैर-कानूनी भुगतान को वैधता दी जा सके। जानकारों के मुताबिक कई ग्राम पंचायतों में जमीन पर कार्य हुआ ही नहीं, फिर भी पोर्टल पर अपलोड फर्जी कागजों के आधार पर भुगतान करा दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा खेल सचिवद्गप्रधान की मिलीभगत, जिम्मेदार अधिकारियों की शिथिलता, और निगरानी तंत्र की कमजोरी के कारण संभव हो पाया है। विकास खण्ड कसमंडा में तैनात सचिव दीप कुमार पर लगातार फर्जीवाड़ा करने के आरोप लग रहे हैं। सूत्रों की मानें तो दीप कुमार अपनी मजबूत सांठगांठ के चलते बेखौफ होकर अनियमितताओं को अंजाम दे रहे हैं। सूत्र यह भी बताते हैं कि उन पर बीडीओ कसमंडा की विशेष कृपा होने की बातें भी चर्चा में हैं। बताते चलें कि दीप कुमार की तैनाती वाली ग्राम पंचायत बसईडीह में घोटालों की झड़ी लगी हुई है। इस संबंध में पूर्व में समाचार पत्र में खबर भी प्रकाशित हुई थी, लेकिन बीडीओ से अच्छी नजदीकियों के चलते उस समय कोई कार्रवाई नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि सचिव ने फर्जी भुगतान की प्रक्रिया जारी रखी। सचिव दीप कुमार पर आरोप है कि उन्होंने ग्राम पंचायत बसईडीह में पूर्व में भी गलत कार्य आईडी संख्याओं पर भुगतान कर गंभीर अनियमितता की। उदाहरण के तौर पर16 जनवरी 2025 को 66,489 रुपये का भुगतान नाली निर्माण कार्य के लिए किया गया, लेकिन भुगतान करने के लिए जिस कार्य आईडी का उपयोग किया गया, वह दिव्यांग शौचालय निर्माण ध् रैम्प निर्माण व मरम्मत कार्य से संबंधित है।कार्यवाही न होने का फायदा उठाते हुए सचिव ने फर्जीवाड़े की गति और तेज कर दी। फरवरी माह में 9 भुगतान,तथा मार्च माह में 22 भुगतान किए गए।सूत्रों के अनुसार इन भुगतानो मेंन बिल वाउचर,न एमबी,न कार्यस्थल की फोटो,और न ही अन्य अनिवार्य दस्तावेज ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किए गए। अधिकांश भुगतानों में सचिव ने फर्जी कार्य आईडी संख्याओं का प्रयोग कर भुगतान दर्ज किया, जिससे भारी घोटाले की आशंका गहराती जा रही है।

# इस्लाम नगर फीडर कैं बिजली संकट से लोग बेहाल

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

देवगवाँ पावर हाउस से संचालित इस्लाम नगर फीडर पर भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति चरमराने से आमजन का जीवन संकट में पड़ गया है शासन द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, लेकिन देवगवाँ पावर हाउस पर इन आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं इस्लाम नगर फीडर से जुड़े गांवों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है दिन में कई-कई घंटों तक बिजली गुल रहने से जहां लोग गर्मी और उमस से बेहाल हैं, वहीं रात के समय भी राहत नहीं मिल पा रही है बिजली न होने से पंखे, कूलर और अन्य जरूरी उपकरण ठप पड़े हैं, जिससे खासकर बच्चों, बुजुर्गो और बीमार लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि देवगवाँ पावर हाउस के अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर नहीं हैं लोगों का यह भी कहना है कि बिजली कटौती का कोई निश्चित समय नहीं है, जिससे उन्हें अपनी दिनचर्या की योजना बनाने में भी कठिनाई हो रही है ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब लाइनमैन मुकेश से संपर्क करने की कोशिश की जाती है, तो अक्सर उनके फोन बंद रहते हैं या कॉल रिसीव नहीं की जाती सबसे बड़ी बात तो यह है कि सीयूजी नंबर तक सीयूच् आफ का रोना रोते नजर आये इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है उनका कहना है कि विभागीय लापरवाही के कारण उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस्लाम नगर फीडर पर नियमित और सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए साथ ही, लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए

# निपुण लक्ष्य हासिल करने में एआरपी की भूमिका अहम: सीडीओ

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के सभागार में सोमवार को बेसिक शिक्षा की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने की, जबकि मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में जिले भर के शैक्षिक अधिकारियों, एआरपी और शिक्षकों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत और समर्पण के चलते परिषदीय विद्यालयों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। हाल ही में घोषित निपुण असेसमेंट के परिणामों में बड़ी संख्या में विद्यालयों का निपुण घोषित होना जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय एआरपी और शिक्षकों की टीमवर्क को दिया।

सीडीओ ने विशेष रूप से एआरपी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विद्यालयों को निपुण बनाने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी एआरपी पूरी निष्ठा और मनोयोग से कार्य करें, ताकि जो विद्यालय इस सत्र में निपुण बनने से वंचित रह गए हैं, उन्हें आगामी सत्र में हर हाल में निपुण बनाया जा सके।

उन्होंने गुणवत्ता युक्त शिक्षा, नियमित मूल्यांकन और बच्चों के सीखने के स्तर पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।

# झील की भूमि का पट्टा निरस्त, प्रशासन ने भूमाफियाओं पर कसा शिकंजा

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

स्थानीय तहसील प्रशासन ने निष्पक्षता और पारदर्शिता का परिचय देते हुए झील की सुरक्षित भूमि पर किए गए एक अनियमित पट्टे को निरस्त कर दिया है।

जिलाधिकारी डॉ0राजागणपति आर के न्यायालय में वाद संख्या 1124/2025, सरकार बनाम अनिल कुमार आदि, अंतर्गत धारा 128, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 के तहत यह महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया गया।

तहसील के ग्राम कैमा, परगना बाड़ी की गाटा संख्या 1226 (0.125 हे.) एवं 1227 (0.077 हे.) राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 6(1) जलमग्न भूमि (झील) के रूप में दर्ज है, जो सुरक्षित श्रेणी में आती है। इसके बावजूद 03 जनवरी 1976 को झब्बू पुत्र दुजई के पक्ष में किया गया कृषक पट्टा विधि विरुद्ध पाया गया।

वर्तमान में इस भूमि पर दर्ज उनके वारिसोंकृअनिल कुमार, वीर प्रताप सिंह पुत्रगण भगवानदीन, रामकली पत्नी स्व. भगवानदीन, श्रीमती अंजनी देवी पत्नी स्व. सुरेश प्रकाश, रामस्वरूप, रामवृन्द व मनोज पुत्रगण रामऔतार तथा श्रीमती (पत्नी रामऔतार) कृकी प्रविष्टियां भी निरस्त कर दी गई हैं।न्यायालय ने आदेश दिया कि भूमि को उसकी मूल प्रकृति के अनुसार पुनः झील खाते में दर्ज किया जाए। इस कार्रवाई से प्रशासन की निष्पक्षता और भूमाफियाओं के विरुद्ध सख्त रुख स्पष्ट होता है, जिसकी क्षेत्रवासियों ने सराहना की है।

### सड़क हादसे में अज्ञात युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

कस्बे में आधी रात करीब एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। पावर हाउस रोड स्थित विद्युत उपकेंद्र के पास रविवार एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने (35 )वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी और घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही सिधौली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस अज्ञात व्यक्ति की पहचान और वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच जारी है।


# 73 दिन बाद भी पुत्र का नहीं लगा कोई पता पिता बोला भगवन या है मेरी खता

## पिता के ज़ख्मों पर विधायक रोमी साहनी का मरहम पुत्र को ढूंढने के लिए जॉच काइमब्रांच से करवाने को एसपी खीरी को लिखा पत्र



जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** औलाद क्या होती है और उसका दर्द एक माता पिता से ज्यादा कौन जानता है औलाद के मुंह से क्या निकले उसे पूरा करने का आनंद एक पिता को कितना आता है वहीं जाता है पुत्र अच्छे से अच्छे स्कूल में पढ़े अच्छे से अच्छे स्कूल जाए औलाद के लिए बेहतर भविष्य का सपना देखने वाला एक बेबस पिता आंखों में आशू दिल में बेइंतहा प्यार और किस हाल में है मेरा लाल 73 दिनों से अपने पुत्र से दूर एक बेहाल पिता की दास्तान जिससे कठोर से कठोर दिल पसीज जाएगा ऐसा मामला ग्राम मक्कागंज थाना मैलानी जिला लखीमपुर खीरी के रहने वाले रमेश चन्द्र का 19 वर्षीय पुत्र रितिक यादव 4. फ़रवरी.2026 को सुबह 08 बजे घर से नेता जी सुभाष चन्द्र बोस इण्टर कालेज, डालपुर ग्रन्ट निकट मक्कागंज स्कूल पढने के लिए गया था आज 73 दिन हो गए वापस पुत्र घर नहीं पहुंचा परिवार का क्या हाल है यह परिवार जानता है बेबस पिता ने हर कोशिश की हर प्रयास किया 73 दिन से आंखों में नींद नहीं पुत्र को निहारने टुढने की गई एक कोशिश के शिवा कुछ नहीं है बेबस पिता ने 5.फरवरी.2026 को गुमशुदगी दर्ज करायी थी थाना मैलानी में मैलानी पुलिस का कहना है कि तुम्हारा लड़का कहीं अपने मन से चला गया होगा या कोई लड़की भगा ले गया होगा तथा स्कूल के बच्चों के बयान दर्ज कर रही है और मुझको थाने लगातार दौड़ा रही है परन्तु कहीं भी पुलिस कोई तलाश करने नही गयी है थाने पर बुला-बुलाकर पूंछताछ कर रही है। बेबस पिता ने खुद व रिश्तेदारों के माध्यम से सभी रिश्तेदारियों व खेतों में व गन्नों की फसलों में लगाकार तलाश कर रहे है जिसमें किसी भी प्रकार का कोई सहयोग थाना मैलानी की पुलिस नही कर रही है। पीड़ित पिता ने जिले पर शिकायती पत्र दिया परन्तु कोई कार्यवाही होने पर पीड़ित पिता पलिया विधायक रोमी साहनी के दरबार न्याय की गुहार लगाई जहां विधायक रोमी साहनी ने पुलिस अधीक्षक खीरी ख्याति गर्ग को एक लेटर पैड पर लिखा जिसमें पुलिस अधीक्षक से मामले में क्राइम ब्रांच को डाल कर पुत्र की जल्द से जल्द बरामदी की बात कही है देखते हैं खाकी के बाद खादी का मामले में आ जाने से पीड़ित पिता को न्याय मिलता है उसका पुत्र सही सलामत उसके पास आता है यह भविष्य के गर्भ में है।



# भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर एक संगोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संस्थापक राजा युवराज दत्त सिंह एवं बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चन्द्रा ने विषय प्रवर्तन करते हुए बाबा साहेब के जीवन एवं उनके द्वारा किये गये कार्यों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने बताया कि डॉ. आंबेडकर केवल दलितों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहे। उन्होंने लोगों को शिक्षित बनने, संगठित रहने एवं संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि अतिथि के रूप में प्रो.सौरभ कुमार सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि डॉ. आंबेडकर का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री एवं एक सक्रिय राजनीतिक व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. संजय कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने ऐतिहासिक कार्यों के माध्यम से पीड़ित एवं वंचित समाज को बराबरी का अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम से जुड़े समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने संविधान में वर्णित वैज्ञानिक सोच को विकसित करने पर विशेष बल दिया तथा युवाओं को समसामयिक समस्याओं के समाधान हेतु डॉ. आंबेडकर के विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा Education is the key to freedom कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को नारी शक्ति का वंदन और सशक्तिकरण की शपथ दिलाई गई। सांस्कृतिक परिषद की संयोजक प्रो. नीलम त्रिवेदी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद् ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो.ज्योति पंत, प्रो.एस.के. पाण्डेय, प्रो.सत्यनाम, डा.धर्म नरायण, प्रो.मनोज मिश्र, डॉ.मनोज कुमार, डॉ.ओ.पी. सिंह, डॉ.ब्रजेश शुक्ला, डॉ. मानवेंद्र यादव, डॉ. अमित सिंह, डॉ रचित कुमार, डॉ. सौरभ वर्मा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मृतक आश्रित कर्मचारियों ने बुलंद की आवाज, मुख्यमंत्री तक पहुँचा मांगपत्र

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



उत्तर प्रदेश प्राथमिक मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ जनपद इकाई लखीमपुर खीरी ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। संघ ने सदर विधायक योगेश वर्मा के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन भेजकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के हक में बड़े बदलाव की मांग की है।

### क्या हैं प्रमुख मांगें

संघ के जिलाध्यक्ष दीपेश शुक्ला के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में मुख्य रूप से 6 बिंदुओं पर जोर दिया गया है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में लिपिक पदों का सृजन कर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रमोट किया जाए। वर्तमान ग्रेड पे ?1800 को बढ़ाकर ?2000 करने की मांग। ?समान काम, समान पदः ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर जो कर्मचारी पहले से लिपिकीय कार्य कर रहे हैं, उन्हें आधिकारिक रूप से लिपिक पद पर नियुक्त किया जाए और उसी के अनुरूप वेतन दिया जाए। शिक्षकों की तर्ज पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए भी अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की सुविधा शुरू हो। मृतक आश्रित कोटे के तहत नियुक्ति केवल औपचारिकता न होकर, व्यक्ति की शैक्षिक योग्यता के अनुसार दी जाए।

### आर पार की लड़ाई के मूड में कर्मचारी

ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यदि सरकार इन मांगों पर विचार करती है, तो इससे हजारों परिवारों को आर्थिक और मानसिक संबल मिलेगा। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि वे लंबे समय से विभाग की सेवा कर रहे हैं लेकिन सुविधाओं के नाम पर उन्हें नजर अंदाज किया जा रहा है। अब सबकी नजरें शासन के अगले कदम पर टिकी हैं कि क्या मुख्यमंत्री इन मांगों पर मुहर लगाकर कर्मचारियों को बड़ी राहत देंगे।

# बाबा साहब का जीवन संघर्ष और दर्शन राष्ट्र की साझा विरासत: डॉ.सौरव मालवीय

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी




विद्या भारती विद्यालय पंडित दीन दयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज (यू.पी. बोर्ड) में आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विद्या भारती के क्षेत्रीय मंत्री डॉक्टर सौरव मालवीय जी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपस्थित जनसमूह और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर मालवीय जी ने कहा कि बाबा साहब का जीवन और उनके विचार संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रेरणा का पुंज हैं। डॉक्टर मालवीय जी ने अपने संबोधन में शिक्षा की महत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि डॉक्टर अंबेडकर का स्पष्ट मानना था कि शिक्षा ही वह एकमात्र माध्यम है जो समाज में व्याप्त असमानता को दूर कर सकती है। उन्होंने कहा कि विद्या भारती भी बाबा साहब के 'शिक्षित बनो' के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी गरिमापूर्ण जीवन प्राप्त हो सके। संवैधानिक मूल्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे देश की प्रगति के लिए संगठित हों और सामाजिक समरसता के संकल्प को अपनाएं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर किरणलता डंगवाल जी एवं निधि द्विवेदी जी (क्षेत्रीय संयोजक, बालिका शिक्षा) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इनके साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य, अन्य प्रमुख शिक्षाविदों, संस्थान के पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और सामाजिक समरसता के संकल्प के साथ हुआ

# किसान पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं

**ऐसे में इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी कमर तोड़ दी पूर्व विधायक आर एस कुशवाहा ने उठाया मुद्दा**

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी



बीते दिनों आई बेमौसम आंधी, तेज बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में खड़ी और कटी हुई गेहूं समेत रबी की फसलें बड़े पैमाने पर बर्बाद हो गई हैं, जिससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसलें खेतों में गिर गईं और कई जगह पानी में भीगकर खराब हो गईं। जिन किसानों ने फसल की कटाई कर ली थी, उनकी उपज भी सुरक्षित नहीं रह सकी। इस नुकसान से किसानों की लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक आर एस कुशवाहा ने इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से जारी बयान में कहा कि किसान पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं, ऐसे में इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी कमर तोड़ दी है। उन्होंने विशेष रूप से लखीमपुर खीरी क्षेत्र की स्थिति को बेहद चिंताजनक बताया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत सर्वे कराया जाए और किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही फसल बीमा की राशि शीघ्र किसानों तक पहुंचाने की भी अपील की है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने और किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। श्री कुशवाहा ने कहा कि 'किसान मजबूत रहेगा, तभी देश मजबूत रहेगा, इसलिए इस कठिन समय में किसानों के साथ खड़ा होना अत्यंत आवश्यक है।

बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष आई बाढ़ से उबर नहीं पाए किसानों पर इस आपदा ने दोहरी मार की है। ऐसे में सरकार और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई ही किसानों को राहत पहुंचा सकती है।

## अग्नि पीड़ितों को समाजसेवी रमाशंकर निषाद ने खाद्य सामग्री वितरिक्त किया



जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

तहसील निघासन के ग्राम पंचायत बरोठा के देवीदीन पुरवा में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अचानक लगी भीषण आग ने देखते ही देखते पांच घरों और एक दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में सारा सामान जलकर राख हो गया, जिससे पीड़ित परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए और उनके पास खाने-पीने तक का सामान नहीं बचा। इस कठिन समय में समाजसेवी रमाशंकर निषाद अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अग्नि पीड़ित परिवारों की मदद के लिए खाद्य सामग्री वितरित की। उन्होंने पीड़ितों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया और प्रशासन से भी जल्द मदद पहुंचाने की मांग की।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता और राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे इस संकट से उबर सकें।

## एक्सप्रेस खबरें...

### शैक्षिक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी।** ब्लॉक सभागार निघासन में शैक्षिक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी एवं विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीव त्रिपाठी और जिला मंत्री मनोज शुक्ला मौजूद रहे। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक अपराजिता लाहिड़ी, विजय कुमार, राम मनोरथ गिरि और बलवीर सिंह को सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। वहीं निघासन के प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रतीक दीक्षित व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार मिश्रा के स्थानांतरण फूलबेहड़ ब्लॉक तथा हनुमत शरण तिवारी के नकहा ब्लॉक स्थानांतरण पर भी विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठनात्मक बदलाव के तहत निघासन ब्लॉक कार्यकारिणी के प्रस्ताव पर जिलाध्यक्ष संजीव त्रिपाठी ने राजीव पाण्डेय को नया ब्लॉक अध्यक्ष तथा विमल मिश्रा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया। कार्यक्रम को संजीव त्रिपाठी, मनोज शुक्ला, शिव सेवक पाण्डेय, अरविन्द मिश्रा, प्रतीक दीक्षित, मधुरेश शुक्ला, आदि लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर अभिषेक श्रीवास्तव, सुमिर यादव, अरुण कुमार शर्मा, राम कृपाल, संजय मिश्रा, कामेश्वर, सचिन चौधरी, प्रिंस पल्लव, विजय शुक्ला, शहजाद आलम,धर्मेंद्र मौर्य सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

### विद्यालय के स्थापना दिवस पर बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी।** चेतना मेमोरियल इंटर कॉलेज नैनापुर के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे ढखेरवा खीरी क्षेत्र के ग्राम नैनापुर में संचालित चेतना मेमोरियल पब्लिक इंटर कालेज का 24 वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ करते हुए तेरी मंद-मंद मुश्कनियाँ, रिमझिम रिमझिम, तू इतनी दूर क्यों है माँ, संदेशे आते हैं आदि गीतों पर बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। इस दौरान बीते सत्र में हाई स्कूल व इंटर में अच्छे अंकों से पास हुए बच्चों को सम्मानित किया गया। कालेज के संस्थापक इंजी. धनीराम मौर्य ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दें। कहा कि समाज को शिक्षित करने के लिए सरकार पर निर्भरता कम कर स्वयं आगे आना चाहिए। जिस समाज ने खुद शिक्षा पर जोर लगाया वो समाज आगे बढ़ गया। कार्यक्रम में भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन के कार्यकारी निदेशक इंजी. श्यामलाल मौर्य, प्रधानाचार्य राम गोपाल, अभिषेक मौर्य, विपिन, तारकेश्वर राय, महेश गंभीर, विश्वनाथ मौर्य, वीके मिश्र, मनमोहन मौर्य, गजोधर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में अभिभावक एवं अतिथि गण मौजूद रहे।

### निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** बेहजम के ब्लॉक बेहजम के अंतर्गत पंचायत भवन टेड़वा में डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क आई कैंप का लगाया गया।जिसमें निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित करके मरीजों की आंखों की जांच की गई तथा जिसमें मरीजों की आंखों का लाल होना , मोतियाबिंद ,आंखों का गड़ना आंखों में सूजन तथा आंखों के संबंधित अन्य रोगों की जांच हुई,आंखों में होने वाले रोगों के प्रति सावधानियां व आंखों की सुरक्षा के बारे में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दिशा निर्देश बताएं वह समझाए गए कैंप में मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें राजश्री, अर्जुन लाल, लॉन्गश्री, संदीप कुमार, सावित्र देवी मरीज की जॉच हुई। जिसमें मरीज को ऑपरेशन के लिए अस्पताल ले जाया गया जिसमें मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई जिसमें मरीजों की सर्जरी और लेंस दवाई चश्मा और सारी सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी जो मरीज कैंप के द्वारा भेजे गए हैं उन मरीजों को चश्मा लगाने की सलाह दी गई अस्पताल की तरफ से डॉक्टर एकांश मिश्र कोऑर्डिनेटर समीर अली शोभित दीक्षित विमल कुमार मुस्कान शर्मा अंशिका खुशनूर रीता आदि स्टाफ द्वारा नेत्र शिविर में मरीजों की आंख की जांच की गई तथा जिसमें परवेज आलम,युवराज मिश्रा, मो अनस, परवेज आलम तथा आदि गांव के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# कल्याणपुर थाना पुलिस ने चोरी व खोये हुए 19 मोबाईल फोन किए बरामद

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कल्याणपुर पुलिस व साइबर हेल्प डेस्क टीम को सोमवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। टीम ने चोरी व खोये हुए 19 मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को लौटा दिए। पुलिस टीम कई दिनों से खोये व दर्ज शिकायतों पर कार्य कर रही थी। जिसके बाद टीम ने सोमवार को 19 मोबाइल फोन बरामद कर सभी को वापस कर दिए। कल्याणपुर पुलिस टीम ने सोमवार गुम 19 मोबाइल मालिकों को थाने बुलाकर सभी को मोबाइल सौंप दिए। इसमें कई लोगो के मोबाईल चोरी हुए थे।जिन्होंने यूपीकॉप पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद से लगातार पुलिस टीम आर एन आई नंबर के माध्यम से फोन को ट्रेसकर मोबाईल बरामद कर लिया।

बाक्स में

### बोले ट्रेनी (आईपीएस) थाना प्रभारी

ट्रेनी आईपीएस प्रभारी निरीक्षक ने बताया की बीते तीन माह के अंदर गुम मोबाइल की शिकायत यूपी कॉप सहित अन्य माध्यम से शिकायते दर्ज हुई थी। इनमें करीब दस शिकायते मोबाइल चोरी की और अन्य शिकायते मोबाइल गिरने की गुम हुई थी। गुम व चोरी मोबाइल की शिकायत के समाधान के लिए हेल्प डेस्क ने आईईएमआई नंबर के माध्यम से कुल 19 मोबाइल पुलिस टीम ने बरामद किये और उनके मालिकों को वापस कर दिए गए मोबाइल पाकर सभी के चेहरे के खिल उठे।

### मोबाइल खोने पर करे ये काम

ट्रेनी आईपीएस सुमेध मिलिंद जाधव ने जानकारी देते हुए बताया की यदि आपका फोन कही गिर जाता है या चोरी होता है

तो आप सबसे पहले पास के कैफे में जाकर यूपी कॉप के माध्यम से या अपने पास के पुलिस चौकी या थाने जाकर खोने या चोरी होने की शिकायत दर्ज कराते है

तो पुलिस टीम तत्काल फोन के (आईईएमआई) को लॉक कर देते है जैसे जरिये जैसे ही कोई फोन में कोई दूसरा सिम डालेगा तो उसकी लोकेशन तत्काल पुलिस को मिल जाएगी और आपका फोन पुलिस कुछ ही देर में खोज लेगी।

### दो दिवसीय आयोजित नेशनल योगासन कॉम्पिटिशन में खुशी मित्तल ने दो पदक जीते

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** खंभारखेडा अयोध्या में दो दिवसीय आयोजित नेशनल योगासन कॉम्पिटिशन में खुशी मित्तल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। देशभर के 700 से अधिक एथलीटों के बीच अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए खुशी ने पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।खुशी के बजाज एनर्जी नोएडा में कार्यरत हैं। योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन (ड्डस्स्न) द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में, खुशी ने 'ट्रडिशनल योगासन' में रजत पदक (स्द्बद्य1द्ग्ह्न) और 'आर्टिस्टिक सोलो' श्रेणी में कांस्य पदक (ढ्ढह्म्श्रु5द्ग) जीत हासिल की। लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा खुशी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत और अपनी कोच सुश्री राखी सरकार के कुशल मार्गदर्शन को दिया है।

# ककवन पुलिस का एक्शन 3 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर नगर के ककवन थाना पुलिस ने वांछित/वारंटी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के निर्देशन एवं पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) के मार्गदर्शन में, अपर पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के निर्देशन में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों में मनोज कुमार (40 वर्ष) निवासी नया निवादा, रमाकांत (करीब 38 वर्ष) निवासी औरोताहरपुर तथा अरुण प्रजापति (24 वर्ष) निवासी हरीपुरवा रहीमपुर विषधन शामिल हैं। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय माती, कानपुर देहात भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ पहले से विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। मनोज कुमार और अरुण प्रजापति पर आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं, जबकि रमाकांत पर मारपीट व अन्य धाराओं में केस दर्ज है।

इस पूरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह, अमित कुमार सहाय, प्रेमचंद्र सिंह, ओमवीर सिंह, कमलेश सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। पलिया कला खीरी



नगर स्थिति नई मछली मंडी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष रामपाल यादव की अध्यक्षता में स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि स्नातक एमएलसी चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी को जीता ने का काम करें।

इस चुनाव में पार्टी प्रत्याशी का जितना सुनिश्चित है। और यहीं से आगामी विधानसभा चुनाव का रास्ता खुल जाएगा और आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। हम सभी को एकजुट रहते हुए सिर्फ अपने सामने एक लक्ष्य रखना है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना है। और देश में अपने आप को डबल इंजन की सरकार खाने वाली भ्रष्टाचार की सरकार का आगामी विधानसभा चुनाव में एक इंजन फेल कर देना है। और एसआईआर के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो गया है आप सभी अपने-अपने बूथ की मतदाता सूची की जांच कर ले। सपा नेता रिसाल अहमद ने आवाहन करते हुए कहा कि विधानसभा स्तर पर क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाए क्योंकि जनप्रतिनिधियों क्योंकि जनप्रतिनिधियों की अपेक्षा के कारण पलिया विधानसभा बहुत पीछे गया है जब तक समाजवादी पार्टी की सरकार नहीं बनती है तब तक पलिया का विकास असंभव है

इस मौके पर मुख्य रूप गुरप्रीत सिंह जॉर्जी महमूद हुसैन नरेश यादव डॉ ए के अवस्थी राघवेन्द्र गौतम उमेश गिरि संजीव मुन्ना फुरकान अंसारी जफर अहमद गुरुप्रीत सिंह नन्नर राजा खान सुरेन्द्र यादव हरविंदर सिंह बिन्नी आशीष गुप्ता जी एस वालिया रहीश अहमद आर डी वर्मा ऐनुल खान रमेश कुमार राकेश प्रजापति अनिल निषाद आज मौजूद रहे।

### यश कोठारी चैरिटेबल ट्रस्ट ने श्रवण दिव्यांग बच्चों के लिए दिया 11 लाख का चेक

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** ज्योति बाल विकास संस्था द्वारा संचालित ज्योति बधिर विद्यालय में बीते दिन सोमवार को यश कोठारी चैरिटेबल ट्रस्ट का प्रेरक सानिध्य प्राप्त हुआ। ट्रस्ट के ट्रस्टी दीपक कोठारी (यश फाउण्डेशन ग्रुप के चेयरमैन) के सौजन्य से विद्यालय के श्रवण दिव्यांग बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षण-प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रू0 11,28,000.00 (ग्यारह लाख अठ्?ठाईस हजार) दान स्वरूप उपलब्ध कराये गये। इस अवसर पर कानपुर के प्रख्यात समाजसेवी और पूर्व विधायक अजय कपूर (उधोग संघ के चेयरमैन) आर.सी दीक्षित (विद्यालय प्रबन्धक), रोहित मेहरात्रा, संजीव मेहरोत्रा, राकेश सूरी, सूर्य कुमार पाण्डेय तथा आलिन्द पी. गुप्ता का स्नेहिल सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के श्रवण दिव्यांग बच्चों ने 'वन्देमातरम्' पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। आप सभी का आशीर्वाद पाकर विद्यालय के श्रवण दिव्यांग बच्चे बहुत प्रसन्न थे। उक्त कार्यकम में विद्यालय के प्रधानाचार्य जी एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# पांच मई को बनने वाली है भाजपा सरकार
## बंगाल की जनता ने लिया निर्णय : अमित शाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के बीरभूम में गृहमंत्री अमित शाह ने दो और पश्चिम बर्धमान में एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया। शाह ने कहा बंगाल में पांच मई को भाजपा की सरकार बनने वाली है। मैं पूरे बंगाल में घूमता हुआ बीरभूम आया हूं। दीदी को टाटा-बाय-बाय कहने का निर्णय बंगाल की जनता ने ले लिया है। शाह ने कहा कि इस बार बीरभूम को एक रिकॉर्ड बनाना है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सभी 11 सीटें भाजपा को दें और राज्य में भाजपा सरकार बनाएं।



### घुसपैठियों पर कही ये बात

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा न केवल बंगाल, बल्कि पूरे देश से चुन-चुनकर घुसपैठियों को बाहर निकालेगी। महिलाओं की सुरक्षा पर बात करते हुए शाह ने कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि महिलाओं को शाम सात बजे के बाद बाहर नहीं निकलना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार बनने पर ऐसा बंगाल बनेगा, जहां रात एक बजे भी छोटी बच्ची स्कूटी पर सुरक्षित निकल सकेगी। शाह ने कहा भाजपा के शासन में संदेशखाली, आरजी कर, दुर्गापुर लॉ कॉलेज या साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज जैसी घटनाएं फिर कभी नहीं होंगी।

### भाजपा लाएगी समान नागरिक संहिता कानून

उन्होंने आगे कहा, सत्ता में आने के बाद भाजपा बंगाल में समान नागरिक संहिता (ष्ट्ष्ट) लागू करेगी। शाह ने कहा कि यह कानून एक खास समुदाय के पुरुषों को चार शादियां करने से रोकेगा। ममता बनर्जी के आरोपों पर पलटवार करते हुए शाह ने कहा कि बंगाल दिल्ली से नहीं चलेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव नतीजों के बाद राज्य का मुख्यमंत्री इसी धरती का कोई बेटा बनेगा। शाह ने घुसपैठ के मुद्दे पर ममता सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दे रही हैं, लेकिन घुसपैठ के लिए बीएसएफ को दोष देती हैं। औद्योगिक विकास पर बात करते हुए शाह ने वादा किया कि भाजपा सरकार बंगाल में पांच औद्योगिक एस्टेट बनाएगी। इससे राज्य में निवेश लाना आसान हो जाएगा।

### राम मंदिर के मुद्दे पर क्या बोले शाह?

राम मंदिर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस और ममता बनर्जी ने 550 वर्षों तक राम लल्ला को तंबू में रखने का समर्थन किया। इसके उलट पीएम मोदी ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनवाया। शाह ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का निर्देश दिया। उन्होंने पाकिस्तान पर वहीं वार किया जहां उसे सबसे ज्यादा चोट लगी। उन्होंने पुरानी सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि मनमोहन सिंह सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ कभी ठोस कदम नहीं उठाए, बल्कि उनके साथ बिरयानी वाली मेहमाननवाजी की। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने नक्सलवाद को कुचल दिया है। अब समय आ गया है कि घुसपैठियों को देश से बाहर निकाला जाए। उन्होंने ममता बनर्जी के करीबी रहे हुमायूं कबीर पर भी हमला किया। शाह ने कहा कि कबीर बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाना चाहते हैं, लेकिन भाजपा ऐसा कभी नहीं होने देगी।

### गृहमंत्री ने टीएमसी पर साधा निशाना

ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, दीदी, आपके गुंडों के बम धमाकों से बंगाल की जनता अब नहीं डरेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बंगाल की जनता बम का जवाब बैलेट से देगी और भय का जवाब भरोसे से देगी। उन्होंने लोगों से कहा कि आप बैलेट मशीन पर कमल का निशान दबाइए, ममता के सारे गुंडों को ढूंढने का काम भाजपा की सरकार करेगी। गृहमंत्री ने कटमनी और सिंडिकेट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि जनता इससे बहुत परेशान है। अगर किसी गरीब को घर बनाने के लिए ईंट या सीमेंट लाना है, तो ममता के सिंडिकेट वाले पैसे मांगते हैं। शाह ने वादा किया कि आप ममता को यहां से निकाल दो, कटमनी और सिंडिकेट वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम भाजपा की सरकार करेगी।

### शाह ने टीएमसी को दी चेतावनी

अमित शाह ने कहा कि बंगाल में चार मई के बाद डबल इंजन सरकार बनने वाली है। इसके साथ ही बंगाल के अंदर विकास का नया दौर शुरू होने वाला है। उन्होंने टीएमसी पर हमला करते हुए कहा कि इस पार्टी ने मयूरेश्वर को बम और बारूद की खदान बना दिया है। शाह ने आरोप लगाया कि 2013 से लेकर 2021 तक भाजपा कार्यकर्ताओं को बहुत परेशान किया गया है। उन्होंने टीएमसी के गुंडों को सख्त चेतावनी दी। शाह ने कहा, मैं आज टीएमसी के गुंडों को कहकर जाता हूं कि 23 अप्रैल को अपने घर में बंद रहना, वरना पांच मई को चुन-चुनकर जेल की सलाखों के पीछे डालने का काम हम करेंगे। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि 23 अप्रैल को ममता दीदी का कोई भी गुंडा उनका बाल भी बांका नहीं कर पाएगा।

### गृहमंत्री ने जनता से किया वादा

शाह ने सुरक्षा व्यवस्था पर जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने यहां 800 से ज्यादा कंपनियां भेजी हैं। शांतिपूर्ण मतदान के लिए पूरे इंतजाम किए गए हैं, इसलिए किसी भी नागरिक को डरने की जरूरत नहीं है। अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव घुसपैठियों को बाहर निकालने का चुनाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता दीदी और भतीजा उनको नहीं निकाल सकते। वे तो बीएसएफ को बाड़ लगाने के लिए जमीन भी नहीं देते हैं। शाह ने वादा किया कि भाजपा सरकार बनते ही 45 दिन के अंदर बंगाल की पूरी सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन दे दी जाएगी।

### टीएमसी भी झोक रही पूरी ताकत



दूसरी तरफ, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी आज चुनाव प्रचार में जुटी हैं। वह बीरभूम के सूरी, पूर्व बर्धमान के औसग्राम और दुर्गापुर में तीन जनसभाएं करेंगी। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी भी पीछे नहीं हैं। वह नदिया जिले के करीमपुर और राणाघाट में रैलियां करेंगे। इसके बाद वह उत्तर 24 परगना के बादुरिया में भी एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

# 'अनुभव हमेशा डिग्री पर भारी पड़ता है'

EXCLUSIVE Interview

ऑल इंडिया हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स संगठन (कम्युनिटी पैरामेडिक्स) के वाइस चेयरमैन डॉक्टर ओ0पी0 मिश्रा से हमारे विशेष संवाददाता द्वारा लिए गए साक्षात्कार के प्रमुख अंश...

**प्रश्न- पिछले दिनों आपके संगठन के प्रमुख प्रतिनिधियों ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से जो मुलाकात की थी उस पर सरकार का क्या कहना है?**

उत्तर- स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा से 10 राज्यों के 14 प्रतिनिधियों ने संसद में मुलाकात कर उन्हें एक पत्र देकर प्राथमिक उपचार का अधिकार प्रदान करने की मांग की थी।

उस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा था कि हमारा विभाग इस पर एक्सरसाइज करेगा और आप लोग भी अपने राज्यों की जानकारी दीजिए ताकि जनहित में कोई सार्थक निर्णय लिया जा सके।

**प्रश्न- क्या सरकार पूर्व की भांति रजिस्ट्रेशन तथा प्राथमिक उपचार का अधिकार देने के लिए तैयार है?**

उत्तर- स्वास्थ्य मंत्री का जवाब बहुत ही सकारात्मक था और उनकी बॉडी लैंग्वेज बता रही थी कि कुछ हमारी बातों से सहमत है।

**प्रश्न- इस तरह की व्यवस्था क्या किसी देश या राज्य में है?**

उत्तर- अगर देश की बात करते हैं तो अमेरिका में भी अनुभव के आधार पर प्राथमिक उपचार करने का अधिकार प्रदान किया जाता है, इसके अलावा अगर राज्य की बात करें तो बिहार राज्य ने इसमें पहल की है और करीब 30 हजार लोगों को ट्रेनिंग सरकार ने दिलाई है।

**प्रश्न- अपनी मांगों को आप कितना जायज मानते हैं जबकि राज्य सरकारों का कहना है कि आम आदमी के स्वास्थ्य की गारंटी सरकार लेती है?**



**प्रश्न- उत्तर प्रदेश सरकार तो कहती है कि कई एम्स बन चुके हैं दर्जनों मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं तो फिर झोलाछाप डॉक्टरों को यह अधिकार क्यों दिया जाए?**

उत्तर- माइंड योर लैंग्वेज हम झोलाछाप की नहीं बल्कि प्राइमरी हेल्थ प्रोवाइड्स की वकालत कर रहे हैं उनको अनुभव के आधार पर प्राथमिक उपचार का अधिकार प्रदान करने की मांग कर रहे हैं। रही बात एम्स और मेडिकल कॉलेज की तो बिल्डिंग पर या जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज घोषित कर देने मात्र से वे मेडिकल कॉलेज कागज पर तो बन सकते हैं लेकिन हकीकत में नहीं। उत्तर प्रदेश में जब विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग की नाकामी को लेकर सवाल पूछा जाता है तो स्वास्थ्य मंत्री अपनी सरकार की उपलब्धियां बताने के बजाय पूर्ववर्ती सरकार की कमी बताने लगते हैं।

उत्तर- जीवन तथ्यों पर चलता है तर्कों पर नहीं और सरकार के पास सिर्फ तर्क हैं बयान है आंकड़े हैं लेकिन कहीं दवाई नहीं है तो कहीं डॉक्टर नहीं है तो कहीं अस्पताल की बिल्डिंग नहीं है तो कहीं पैरामेडिकल स्टाफ नहीं है।

**प्रश्न- उत्तर प्रदेश में इन कथित डॉक्टरों की संख्या कितनी होगी तथा इनका प्रतिनिधित्व कौन संगठन कर रहा है?**


उत्तर- पूरे उत्तर प्रदेश में करीब 18 लाख लोग ऐसे हैं जो अनुभव के आधार पर चिकित्सा कार्य कर रहे हैं इनका राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व इंडियन रूरल मेडिकोज सोसायटी कर रहा है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर ऑल इंडिया हेल्थ केयर प्रोवाइड्स संगठन सक्रीय है।

**प्रश्न- किस क्राइटेरिया के लोगों को आप यह अधिकार दिलाना चाहते हैं?**

उत्तर - ऐसे लोग जिनकी आयु 30 वर्ष से कम ना हो इंटर की शिक्षा प्राप्त हो तथा किसी एमबीबीएस डॉक्टर के यहां से उन्होंने कम से कम 3 वर्ष का अनुभव प्राप्त किया हो तथा 5 वर्ष से चिकित्सा कार्य कर रहे हो। वैसे जिनकी आयु इस समय 50 से 60 वर्ष हो गई है उनके लिए हाई स्कूल तक की ही शिक्षा अनिवार्य रखी गई है।

**प्रश्न - कहा जाता है कि यह लोग सर्जरी तक करते हैं तथा केस बिगड़ने पर भाग खड़े होते हैं?**

उत्तर - हमारी मांग सर्टेन बाउंड्रीज में प्राथमिक उपचार तक सीमित है। रही बात भागने की तो जब इनका रजिस्ट्रेशन होगा तो यह संबंधित सीएचसी /पीएचसी पर इनरोल होंगे फिर भगाने का सवाल नहीं उठेगा।




# 2029 तक नारी वंदन कानून लागू करने पर विपक्ष ने खास तौर से दिया जोर : पीएम मोदी



■ मैं यहां किसी को उपदेश देने या जागरूक करने नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का आशीर्वाद लेने आया हूं: पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

### 'महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से जवाबदेही होती है सुनिश्चित'

प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस संशोधन विधेयक को संवाद, सहयोग और भागीदारी के माध्यम से पारित कराना सरकार का प्रयास और प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में बढ़ी हुई भागीदारी से प्रणालियों के भीतर अधिक संवेदनशीलता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है।

### 'इस कानून से सामाजिक न्याय केवल नारा नहीं रहेगा'

प्रधानमंत्री मोदी ने महिला सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का पारित होना भारत के लिए एक ऐसे समतावादी राष्ट्र के निर्माण का संकल्प है, जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का एक स्वाभाविक हिस्सा है। उन्होंने जोर दिया कि यह अधिनियम भारत की 'नारी शक्ति' के अमूल्य योगदानों को स्वीकार करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में पेश किए गए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को 21वीं सदी का एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को सभी दलों ने सर्वसम्मति से पारित किया, जो महिला सशक्तिकरण के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह कानून दशकों से महसूस की जा रही महिलाओं के लिए लोकतांत्रिक ढांचों में आरक्षण की आवश्यकता को पूरा करता है। पीएम मोदी ने कहा कि सभी दलों ने इसे सर्वसम्मति से पारित किया और विपक्ष ने खास तौर पर 2029 तक महिला आरक्षण कानून लागू करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं को आरक्षण देने की आवश्यकता दशकों से महसूस की जाती रही है। उन्होंने कहा कि भारत की 'नारी शक्ति' ने देश के विकास में बड़ा योगदान दिया है। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां किसी को उपदेश देने या जागरूक करने नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का आशीर्वाद लेने आया हूं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का लागू होना 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। हमारे देश में पंचायती राज संस्थाएं महिलाओं के नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

### बिहार में पहली बार भाजपा का सीएम, शपथ ग्रहण में पीएम मोदी भी आएंगे, लोक भवन में हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। बिहार को 15 अप्रैल को पहली बार भारतीय जनता पार्टी अपना मुख्यमंत्री देने जार रही है। लोकभवन में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी तैयारी चल रही है। बिहार लोकभवन में आज राज्यपाल के सचिव गोपाल मीणा की अध्यक्षता में पटना जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें पटना के प्रमंडलीय आयुक्त, डीएम, एसएसपी, सारे एसपी, एडीएम और एसडीएम शामिल हुए। 15 अप्रैल को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। सुबह 11 बजे नए सीएम शपथ लेंगे। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इसके लिए सारी तैयारी चल रही है। मंगलवार दोपहर तक सारी तैयारियां पूरी कर ली जाएगी। पटना जिला प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट, अणे मार्ग, राजभवन की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पीएम मंगलवार शाम को पटना आएंगे। वह लोक भवन में ही रुकेंगे। लोकभवन में सारी तैयारियां चल रही है।

## 'भारत सरकार ने हर स्तर पर सहयोग किया'



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

### भारतीय जहाजों के आवाजाही पर भी बोले ईरानी राजदूत

इस दौरान ईरानी राजदूत ने यह भी साफ किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले भारतीय टैंकरों से ईरान कोई टोल वसूल नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में ईरान और भारत के रिश्ते अच्छे बने हुए हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग जारी है। राजदूत के मुताबिक, ईरान और भारत के बीच साझा हित और साझा भविष्य है, इसलिए दोनों देश एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। दूसरी ओर पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता के असफल रहने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। इसी बीच भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने एक साथ सभी पहलुओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही ईरान का रुख भी साफ किया। फथाली ने सबसे पहले पहले भारत और यहां की जनता का आभार जताया। साथ ही कहा कि संकट के समय भारतीय लोगों ने सच्चे और भरोसेमंद साथी होने का परिचय दिया। इस दौरान फथाली ने भारत सरकार का भी धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि इस संकट के समय में भारत सरकार ने जरूरी सभी व्यवस्थाएं करने में मदद की। उन्होंने कहा कि भारत ने हर स्तर पर सहयोग किया, जिससे हालात को संभालने में मदद मिली। उनके मुताबिक, भारत और ईरान के रिश्ते मजबूत और भरोसे पर आधारित हैं, जो संकट के समय और भी स्पष्ट हो जाते हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी के तरफ से होर्मुज में नाकाबंदी के एलान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ईरान के लिए कूटनीति (डिप्लोमेसी) भी एक तरह का संघर्ष ही है। यह उनके देश के रक्षकों की लड़ाई का ही हिस्सा है।

### उर्मिला फाउंडेशन द्वारा आईपीएस अधिकारी एवं महाराष्ट्र के एडीजी कृष्ण प्रकाश सम्मानित।

जन एक्सप्रेस। मुंबई। आईपीएस अधिकारी कृष्ण प्रकाश (एडीजी,महाराष्ट्र) को उर्मिला फाउंडेशन द्वारा सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है, जो उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और उपलब्धियों को दर्शाता है। वह वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में आयरन मैन का खिताब पाने वाले पहले भारतीय सरकारी अधिकारी है। इस अवसर पर पत्रकार अंकित मिश्रा,उर्मिला फाउंडेशन के अध्यक्ष राजकुमार पांडे एवं अनीस खान उपस्थित थे।

